देवता है कि पुरुष है या कोई राजा है अथवा ब्राह्मण, हे महाभाग ! तू कौन है, कह तो सही, मैं आज ही तेरा उद्धार करूंगा ॥२०॥ ऋषि की ऐसी बात सुन वह राजा महामतिमान् श्रुतदेवजी से कहने लगा कि हे ब्रह्मन् ! मेरा जन्म इच्वाकुकुल में हुआ था और मैं वेद शास्त्रों का पूर्ण ज्ञाता था ॥२१॥ पृथ्वी में जितने रज के कण हैं, जितने जल के बिन्दु हैं,

कस्त्वं ब्रूहि महाभाग त्वामद्याहं समुद्धरे ॥ २० ॥ इत्युक्तः स नृपः प्राह श्रुतदेवं महामतिम् ।
अहमिक्ष्वाकुकुलजो वेदशास्त्रविशारदः ॥ २१ ॥ यावन्त्यो भूमिकणिका यावन्तस्तोयबिन्दवः ।
यावन्त्यूडूनि गगने तावतारददं स्म गाः ॥ २२ ॥ सर्वे यज्ञा मया चेष्टाः पूर्तान्याचरितानि मे ।
दानान्यपि च दत्तानि धर्माद्राज्यं स्वनुष्ठितम् ॥२३॥ तथापि दुर्गतिर्जाता मम चोर्ध्वगतिं विना ।
त्रिवारं चातकत्वं मे गृध्रत्वं चैकजन्मनि ॥ २४ ॥ सप्तजन्मसु श्वानत्वं प्राप्तं पूर्वं मयाद्विज ।
सिञ्चतानेन भूपेन त्वत्तः पादावनेजनीः ॥२५॥ बिन्दवो दूरमुत्क्षिप्तास्तैः क्षिप्तोऽहं कथचन । तेन

जितने आकाश में तारागण हैं, उतनी ही गौ मैंने दान कीं ॥२२॥ मैंने सभी यज्ञ किये, वापी कूप और तलाब बनवाये, अनेकों दान दिये और धर्मपूर्वक राज्य भी किया ॥२३॥ तो भी मेरी ऐसी दुर्गति हुई और मुझे स्वर्ग न मिला, तीन जन्म तक मुझे चातक योनि मिली और एक जन्म में गिद्ध हुआ, फिर सात जन्म तक कुत्ते की योनि पाई। अभी यह राजा आपके चरणोदक को छिड़क रहा था तब एक बूँद उछल कर मेरे ऊपर आपड़ीं उसी के पड़ने से मुझे पूर्व जन्म का स्मरण हो

आया और मेरे सब पाप दूर होगये हैं ॥२४—२६॥ हे द्विजवर! अट्ठाईस जन्म तक मुझे छिपकली की योनि भोगनी पड़ैगी, तरह तरह की दैवी सृष्टि दिखाई देती है अतः अब मैं इन जन्मों से डरता हूँ ॥२७॥ हे द्विज! मेरी यह दशा कैसे हुई है यह विस्तार से कहिये यह सुनकर द्विज ने ज्ञान चक्षुद्वारा सब वृत्तान्त जानलिया और कहने लगे ॥२८॥ हे राजन्। मैं तेरी

जन्मस्मृतिरभूत्सर्वपाप्मा हतश्च मे ॥२६॥ गोधाजन्मानि भाव्यानि ह्यष्टाविंशति मे द्विज। दृश्यन्ते दैवसृष्टानि बिभ्येऽतो जन्मभिर्भृशम् ॥ २७ ॥ न कारणं प्रपश्यामि तन्मे विस्तरतो वद। इत्युक्तः स द्विजः प्राह ज्ञात्वा विज्ञानचक्षुषा ॥२८॥ शृणु भूप प्रवक्ष्यामि तव दुर्योनिकारणम्। न जलं तु त्वया दत्तं वैशाखे माधवप्रिये ॥२६॥ तज्जलं सुलभं मत्वा ह्यमूल्यमिति निश्चितम्। नाध्वगानां द्विजातीनां धर्मकालेऽप्यजानता ॥३०॥ तथा पात्रं समुत्सृज्य ह्यपात्रे प्रतिदत्तवान्। ज्वलन्तमग्निमुत्सृज्य न हि भस्मनि हूयते ॥ ३१ ॥ बहुधा वर्णितस्यापि सौगन्ध्यादियुतस्य च। कण्टकान्वित-

इस बुरी योनि का कारण कहता हूँ चित्त लगाकर सुन। तूने माधव भगवान् के प्यारे वैशाख मास में जल दान नहीं किया ॥२६॥ तूने जलको सुलभ समझ कर यह निश्चय कर लिया कि यह सेंत का है, अतः मार्ग में चलने वाले और धूपसे पीड़ित ब्राह्मणों को जल दान नहीं किया ॥३०॥ साथही पात्रों को छोड़ कुपात्रों को दान दिया, जलती हुई अग्नि को छोड़ क्या

सब वृक्षों में पीपल की ही पूजा होती है, तुलसी को छोड़कर कटेरी की पूजा ...
अनाथ की आवश्यकता नहीं है, लूले लंगड़े केवल दया के पात्र हैं पूज्य नहीं ॥३४॥ तपस्वी, ज्ञान, वेदादिशास्त्रों के ज्ञाता ये विष्णु भगवान् के स्वरूप हैं अतएव वे सदा पूज्य हैं ॥३५॥ इसमें भी ज्ञानी ब्राह्मण सदैव ही विष्णु भगवान् को अत्यन्त

वृक्षस्य न कुर्वन्ति समर्चनम् ॥ ३२ ॥ विशिष्टानां पादपानामश्वत्थः सेव्यतां मतः । तुलसी तु समुत्सृज्य बृहती पूज्यते न किम् ॥ ३३ ॥ अनाथत्वं पूज्यतायां न प्रियो जगतामियात्। षड्ग्वाद्या येऽप्यनाथा हि दयापात्रं हि केवलम् ॥ ३४ ॥ तपोनिष्ठाः ज्ञाननिष्ठाः श्रुतिशास्त्रविशारदाः । विष्णुरूपाः सदा पूज्या नेतरे तु कदाचन ॥३५॥ तत्रापि ज्ञानिनोऽत्यर्थं विप्रा विष्णोः सदैव हि। ज्ञानिनामपि भूपाल विष्णुरेव सदा प्रियः ॥३६ ॥ तस्माज्ज्ञानी सदा पूज्यः पूज्यात्पूज्यतरः स्मृतः। अवज्ञा साधुवृत्तानामिहामुत्र च दुःखदा ॥ ३७ ॥ सेवा वै महतां पुंसां पुमर्थानां हि कारणम् । कोट्योऽप्यन्धजातीनां न पश्यन्ति यथायथम् ॥३८॥ एवं मन्दाशयनां तु सङ्गतिर्नार्थदा भवेत् ।

प्यारे हैं ॥३६॥ इसी कारण से ज्ञानी ही सदा पूज्य हैं, पूज्योंमें भी अधिक पूज्यतम हैं । जो साधु महात्माओं की अवज्ञा इस लोक और परलोक दोनों में दुःखदाई है ॥३७॥ महत्पुरुषों की सेवा ही धर्म, अर्थ, काम, मोक्ष का कारण है ऐसे ही करोड़ों अन्धे कर्त्तव्या कर्त्तव्य को नहीं देखते ॥३८॥ ऐसे मंद आशय के लोगों की संगति से कुछ फल नहीं मिलता है, वैसे

ही जलमय तीर्थ और मिट्टी अथवा पत्थर के बने देवताओं से भी तत्काल कुछ लाभ नहीं होता है ॥३९॥ ये तो बहुत काल में पवित्र करते हैं किन्तु साधु महात्मा दर्शन से ही पवित्र कर देते हैं, साधु सेवा से कोई भी सुशिक्षित पुरुष दुःखी नहीं होता ॥४०॥ जैसे अमृत पान करने से जन्म, मरण, वृद्धावस्था आदि दुःख नहीं देते । तूने जलदान नहीं किया, न साधुओं

न ह्यम्मयानि तीर्थानि न देवा मृच्छिलामयाः ॥ ३९ ॥ ते पुनन्त्युरुकालेन दर्शनादेव साधवः । न साधुसेवनात् क्वापि सीदन्तेऽतः सुशिक्षितः ॥४०॥ जन्ममृत्युजराद्यैर्वा सुधयाप्यायिता यथा । न जलं तु त्वया दत्तं साधवो वा न सेविताः ॥४१॥ तेन ते दुर्गतिश्चेयं प्राप्ता चेक्ष्वाकुनन्दन । वैशाखे मत्कृतं पुण्यं तुभ्यं दास्यामि शान्तये ॥ ४२ ॥ भूतं भव्यं भवेद्येन कर्मजातं विजेष्यसि । इत्युक्त्वाप उदस्पृश्य ददौ पुण्यमनुत्तमम् ॥ ४३ ॥ यदा दत्तं ब्राह्मणेन स्नानं चैकदिने कृतम् । तेन ध्वस्ताखिलाधस्तु त्यक्त्वा तां गृहगोधिकाम् ॥ ४४ ॥ दिव्य विमानमारुह्य दिव्यस्रग्वस्त्रभूषणः ।

की सेवा ही की ॥४१॥ हे इक्ष्वाकु नन्दन ! इसी से तेरी यह दुर्गति हुई है, वैशाख में जो मैंने पुण्य किया है वह तेरी शान्ति के लिये तुझे दूँगा ॥४२॥ इसके प्रताप से भूत भविष्य और वर्त्तमान कर्मों के संस्कार दूर होजायंगे । ऐसा कह जल स्पर्शकर सर्वोत्तम पुण्य का फल दे दिया ॥४३॥ इस तरह जब उस ब्राह्मण ने वैशाख में एक दिनके स्नान का फल उसे दे दिया तब
पण पहिने मिथिलापुरीके महलमें सब प्राणियों के देखते देखते ॥४५॥ हाथजोड़ परिक्रमा दे नमस्कार कर आज्ञा ले स्वर्गको

पथ पहिने मिथिलापुरीके महलमें सब प्राणियों के देखते देखते ॥४५॥ हाथजोड़ परिक्रमा दे नमस्कार कर आज्ञा ले स्वर्गको चला गया। देवता लोग उसकी स्तुति करने लगे ॥४६॥ वहां दश हजार वर्षतक अनेक भोगों को भोगकर वही राजा इक्ष्वाकु के वंश में महा प्रभावशाली काकुत्स्थ नामसे पैदा हुआ ॥४७॥ और सप्त द्वीपवती पृथ्वी का पालन करता हुआ बड़ा ब्रह्मण्य,

पश्यतामेव भूतानां मैथिलस्य गृहान्तरे ॥४५॥ बद्धाञ्जलिपुटो भूत्वा परिक्रम्य प्रणम्य च। अनुज्ञातो ययौ राजा स्तूयमानोऽमरैर्दिवम् ॥ ४६ ॥ तत्र भुक्त्वा महाभोगान् वर्षायुतमतन्द्रितः । स एव चेक्ष्वाकुकुले काकुत्स्थोऽभून्महाप्रभुः ॥ ४७ ॥ सप्तद्वीपपतीपालो ब्रह्मण्यः साधुसंमतः। देवेन्द्रस्य सखा विष्णोरंश एव महाप्रभुः ॥४८॥ बोधितस्तु वसिष्ठेन वैशाखोक्तान्मनोरमान् । अनुष्ठायाखिलान् धर्मास्तेन ध्वस्ताखिलाशुभः ॥ ४९ ॥ दिव्यं ज्ञानं समासाद्य विष्णोः सायुज्यमाप्तवान् । वैशाखः शुभदस्तस्मात् पुम्भिः सर्वैरनुष्ठितः ॥ ५० ॥ आयुर्यशः पुष्टिदोऽयं महापापौघनाशनः ।

साधु सेवी, इन्द्रका सखा और विष्णु का अंश हुआ ॥४८॥ तब बशिष्ठजी ने वैशाख मासमें सब कर्त्तव्य धर्म सुनाये, जिनके करने से उसके सब दुःख दूर होगये ॥४९॥ और दिव्य ज्ञान को पाकर विष्णु की सायुज्य मुक्ति को प्राप्त हुआ, इस लिये यह वैशाख सम्पूर्ण शुभ फलोंका दाता है, इसमें जो मनुष्य यथोक्त धर्म करता है ॥५०॥ उसकी आयु और यश बढ़ता है, पाप दूर होजाते हैं पुरुषार्थ चतुष्टय की प्राप्ति होती है, और विष्णुभगवान् प्रसन्न होते हैं ॥५१॥ अतएव ब्राह्मण, क्षत्री, वैश्य,

शूद्र ये चारों वर्ण ब्रह्मचारी, गृहस्थ, वानप्रस्थ, और संन्यासी चारों आश्रम वाले मनुष्यों को वैशाख मासके बताये हुए कर्म करना चाहिये ॥५२॥ इति श्रीस्कं० वैशा० नारदां० गृहगोधिकाख्यानं नाम षष्ठोऽध्यायः ॥६॥

श्रीनारदजी बोले कि—मिथिलापुरी का धर्मात्मा राजा इस अद्भुत चरित्र को देख आश्चर्य से हाथ जोड़ सुखपूर्वक बैठे

पुमर्थानां निदानं च विष्णुः प्रीणात्यनेन तु ॥ ५१ ॥ चातुर्वर्ण्यनरैः सर्वैश्चतुराश्रमवर्तिभिः । अनुष्ठेयो महाधर्मो वैशाखे माधवागमे ॥ ५२ ॥ इति श्रीस्कन्द० गृहगोधिकाख्यानंनाम षष्ठोऽध्यायः ॥ ६ ॥ छ ॥

नारद उवाच ॥ राजा तदद्भुतं दृष्ट्वा मैथिलो धर्मवित्तमः । कृताञ्जलिः सुखासीनं विस्मितो वाक्यमब्रवीत् ॥ १ ॥ मैथिल उवाच ॥ दृष्टमेतन्महाश्चर्यं साधूनां चरितं तथा । येन धर्मेण मुक्तोऽभूद्राजा चेक्ष्वाकुनन्दनः ॥ २ ॥ तं धर्मं विस्तरेणैव श्रोतुं कौतूहलं हि मे । मह्यं श्रद्धावते विद्वान् कृपया विस्तराद्वद ॥ ३ ॥ इति राज्ञा सुसंपृष्टः श्रुतदेवो महामनाः । साधु साध्विति संभाष्य

हुए ब्राह्मण से कहने लगा ॥१॥ मिथिलेश बोला—हे महात्मन् ! मैंने यह बड़ी अद्भुत बात तथा महात्माओं का बड़ा आश्चर्य मय चरित्र भी देखा जिनके धर्म के प्रताप से इक्ष्वाकुवंशीय राजा की मोक्ष होगई ॥२॥ इस धर्म को विस्तार से सुनने की मुझे
प्रश्न को सुनकर महात्मा श्रुतदेव "धन्य हैं" कहकर राजा की प्रशंसा करने लगे ॥४॥ श्रुतदेव बोले कि—हे राजेन्द्र!

प्रश्न को सुनकर महात्मा श्रुतदेव "धन्य है" कहकर राजा की प्रशंसा करने लगे ॥४॥ श्रुतदेव बोले कि—हे राजोत्तम! तेरी बुद्धि बड़ी अच्छी है जिसके कारण वासुदेव भगवान के प्रिय धर्म पूछने के लिये तेरी इच्छा हुई ॥५॥ बहुत जन्म के संचित कर्मों के बिना किसी प्राणी की बुद्धि वासुदेव भगवान् की कथावार्ता में नहीं लगती है ॥६॥ युवावस्था में इतना बड़ा राज्य

व्याजहार नृपोत्तमम् ॥ ४ ॥ श्रुतदेव उवाच ॥ सम्यग्व्यवसिता बुद्धिस्तव राजर्षिसत्तम । वासुदेव-प्रियान् धर्माञ्छ्रोतु यस्मान्मतिस्तव ॥ ५ ॥ बहुजन्मार्जितं पुण्यं विना कस्यापि देहिनः । वासुदेव कथालापे मतिर्नैवोपजायते ॥६॥ यूने राजाधिराजाय जातेयं मतिरीदृशी । शुद्धं भागवतं मन्ये तेन त्वां साधुसत्तमम् ॥७॥ तस्मात्तुभ्यं ब्रुवे सौम्य धर्मान् भागवताञ्छुभान् । याञ्ज्ञात्वा मुच्यते जन्तुर्जन्मसंसारबन्धनात् ॥८॥ यथा शौचं यथा स्नानं यथा संध्या च तर्पणम् । अग्निहोत्रं यथा श्राद्धं तथा वैशाखसत्क्रिया ॥९॥ वैशाखे माधवे धर्मानकृत्वा नोर्ध्वगो भवेत् । न वैशाखसमो धर्मो धर्म-

पाकर तेरी ऐसी मति है इससे मैं तुझे साधुओं में श्रेष्ठ शुद्ध भागवत् मानता हूँ ॥७॥ अतएव हे सौम्य! शुभ भागवतधर्मों का वर्णन मैं तेरे आगे करता हूँ इनको जान लेने से प्राणी संसार के जन्मादि बन्धनों से छूट जाता है ॥८॥ जैसे शौच, स्नान, संध्या, तर्पण, अग्निहोम और श्राद्धादि कर्म हैं वैसेही वैशाख सम्बन्धी भी कर्म हैं ॥९॥ वैशाख में जो वैशाख के धर्मों को नहीं करता, वह स्वर्ग को नहीं जाता है धर्मोंमें वैशाख के धर्मोंके समान कोई धर्म नहींहै ॥१०॥ बहुत से धर्म जैसे बिना

राजा की प्रजा उपद्रवों से नष्ट होजाती हैं वैसेही नष्ट हो जाते हैं यह निश्चय है ॥११॥ वैशाख में जो धर्म बताये हैं वे सब सुलभ हैं जलका घड़ा देना, प्याऊ लगाना, मार्ग में छाया करना ॥१२॥ जूता, खड़ाऊँ, छत्री और पङ्खा दान करना, तिल और शहद मिलाकर दान करना, श्रमको दूर करने वाले गोरस का दान करना ॥१३॥ बावड़ी, कूआँ, तालाब, धर्मशाला बन-

जातेषु विद्यते ॥१०॥ सन्त्येव बहवो धर्माः प्रजाश्चराजका इव । उपद्रवैश्च लुप्यन्ति नात्र कार्या विचारणा ॥११॥ सुलभाः सकला धर्माः कर्तुं वैसाखचोदिताः । उदकुंभः प्रपादान पथिच्छाया-दिनिर्मितिः ॥१२॥ उपानत्पादुकादानं छत्रव्यजनयोस्तथा । तिलयुक्तमधोर्दानं गोरसानां श्रमापहम् ॥१३॥ वापीकूपतडागादिकरणं पथिकाश्रयम् । नारिकेलेक्षुकर्पूरकस्तूरीदानमेव च ॥१४॥ गन्धानु-लेपन शय्या खट्वादानं तथैव च । तथा चूतफलं रम्यमुर्वारुकरसायनम् ॥१५॥ दानं दमनपुष्पाणां तथा सायं गुडोदकम् । चित्राण्यन्नानि पुर्णायां दध्यन्न प्रत्यहं तथा ॥१६॥ ताम्बूलस्य सदा दानं चैत्रदर्शे करीरकम् । रवौवनुदिते पूर्वं प्रातः स्नानं दिने दिने ॥ १७ ॥ मधुसूदन पूजा च कथायाः

वाना नारीयल ईख, कपूर, कस्तूरी दान करना ॥१४॥ चन्दनादि सुगंधित द्रव्य लगाना, शइया खाट देना तथा आमके फल और रसीली ककड़ी आदि दान करना ॥१५॥ दौना के फूलों का दान करना, सांयकाल के समय गुड़का शर्वत पिलाना, ... कों करोल दान करना । सूर्योदय से पहिले प्रतिदिन स्नान करना ॥१७॥ मधुसूदन भगवान् की पूजा करना, तथा सुगन्ध,

शरीर पर तैलादि मर्दन न करना, पत्ते पर भोजन करना ॥१८॥ ... मार्ग से थके हुवों को पंखे से हवा करना,

को करील दान करना। सूर्योदय से पहिले प्रतिदिन स्नान करना ॥१७॥ मधुसूदन भगवान् की पूजा करना, तथा सुनना, शरीर पर तैलादि मर्दन न करना, पत्ते पर भोजन करना ॥१८॥ बीच बीचमें मार्ग से थके हुओं को पंखे से हवा करना, भगवान् का सुगंधित कोमल पुष्पों से प्रति दिन पूजन करना ॥१९॥ प्रति दिन फल, दही, अन्न, नैवेद्य, धूप, दीप करना,

श्रवणं तथा । अभ्यङ्गवर्जनं चैव तथा वै पत्रभोजनम् ॥१८॥ मध्येमध्ये श्रमार्तानां वीजनं व्यजनेन च । सुगन्धैः कोमलैः पुष्पैः प्रत्यहं पूजनं हरेः ॥ १९ ॥ फलं दध्यन्ननैवेद्यं धूपदीपौ दिनेदिने । गोग्रासं वृषपत्नीनां द्विपैर्जौदावनेजनम् ॥२०॥ गुडनागरदानं च धात्रीपिष्टप्रदापनम् । पथिकानां प्रश्रयं च दानं तण्डुलशाकयोः । एते धर्माः प्रशस्ता हि वैशाखे माधवप्रिये ॥ २१ ॥ तथा च विष्णोः कुसुमार्पणं हरेः पूजा च कालोचितपल्लवाद्यैः । दध्यन्ननैवेद्यनिवेदनं च समस्तपापौघ-विनाशहेतु ॥२२॥ नारी पुष्पैर्माधवं नार्चयेद्या द्विजाख्यात मन्दिरे वा गृहे वा । पुत्रं सौख्यं क्वापि

भोग लगाना, गौओंको कोमल घास देना, ब्राह्मणों के चरण धोना ॥२०॥ गुड़ सोंठ और आंवलों का दान, यात्रियों की सेवा, तंदुल और शाकका दान करना, ये सब धर्म वैशाख मासमें उत्तम बताये हैं ॥२१॥ विष्णु भगवान्के निमित्त फूल अर्पण करना, समय के अनुसार पत्रादिसे पूजा करना, दही अन्न और नैवेद्य निवेदन करना, सब पापों के समूह को नाश करते हैं ॥२२॥ जो स्त्री ब्राह्मण के बताये हुए माधवभगवान् का पूजन घर या मन्दिर में फूलों से नहीं करती उसे पुत्र और सुख नहीं

मिलते और उसकी आयु तथा पति भी नष्ट होजायगा ॥२३॥ इस महीने में धर्मसेतु विष्णुभगवान् लक्ष्मी, मुनिगण और देवताओं को संग ले प्रजा की परीक्षाके लिये घर २ जातेहैं जो मूढ़ इस समय इनका पूजन पुष्पादिसे नहीं करता ॥२४॥ वह रौरव नरकमें पड़ता है फिर पांच वार राक्षस की योनि पाता है। इस महीने में भूखे प्राणियों की प्राण रक्षा के निमित्त

नाप्नोति हन्ति चायुर्भर्तुः स्वात्मनो वा महात्मन् ॥२३॥ रमासहाये माधवे मासि विष्णोः परीक्षार्थं धर्मसेतोः प्रजानाम्। गृहं याते मुनिभिर्दैवतैश्च काले पुष्पैर्नार्चयेद्यस्तु मूढ़ ॥ २४ ॥ स मूढात्मा रौरवं प्राप्य पश्चाद्यायाद्योनिं राक्षसीं पञ्चवारम्। जलं चान्नं सर्वदा देयमस्मिन् क्षुधार्तानां प्राणिनां प्राणहेतुः ॥२५॥ तिर्यग्जन्तुर्जायते वार्यदानादन्नादानाज्जायते वै पिशाचः। अन्नादाने चानुभूतां कथां ते मया वक्ष्ये चाद्भुतां भूमिपाल ॥२६॥ रेवातीरे मत्पिताभूत्पिशाचः स्वमांसाशी क्षुत्तृषाश्रान्तगात्रः छायाहीने शाल्मलीवृक्षमूले ह्यन्नाभावान्नष्टचैतन्य एषः ॥ २७ ॥ क्षुधा तृषा कर्मणा

जल और अन्न का दान अवश्य करे ॥२५॥ जल दान न करने से पशु की योनि मिलती है और अन्न का दान न करने से पिशाच बनता है, हे राजन्! अन्नदान न करने की एक अद्भुत कथा मैं तेरे सामने कहता हूँ यह मेरी अनुभव की हुई है ॥२६॥ रेवानदी के किनारे मेरे पिता पिशाच होगये थे वह अपना मांस खाते थे, उनका शरीर भूख और प्यास के मारे शिथिल होगया उनको क्षुधा और तृषा बढ़गई तथा ... ... बीचमें मासें खड़ा होगया थाँ।

उनकी क्षुधा और तृषा बढ़गई तथा कंठनाली का छिद्र बहुत ही सूक्ष्म होगया क्योंकि कंठके बीचमें मांस खड़ा होगया था। जिससे ऐसी पीड़ा होती थी, जिससे प्राण जानेका भय था ॥२८॥ कुआँ बावड़ी और तालाबके शीतल जलको देख वह उसे विष समझता था, मैं गङ्गायात्रा के निमित्त जारहा था, मैं तब दैवयोग से रेवानदी के किनारे पर पहुँचा वहां यह अद्भुत दृश्य

यस्य बह्वी सूक्ष्म छिद्रं कण्ठनालस्य चासीत्। मांसं चान्तः कण्ठमध्ये निषण्णं कुर्यात्पीडां प्राण-पर्यन्तमेव ॥२८॥ चलं दृष्ट्वा कालकूटप्रकल्पं कूपं शत वापिकासारसंस्थम्। तस्यास्तीरे चागतं दैवयोगाद्गङ्गायात्राकारणान्मार्गमध्ये ॥ २९ ॥ दृष्टद्भुतं शाल्मलीवृक्षमूले तृष्णा तृष्णा भक्षयन्तं स्वमांसम्। क्रोशन्तं च बहुधा शोच्यमानं क्षुधा तृषा व्यथितं कर्मभिः स्वैः॥ ३० ॥ स मां हन्तुं प्राद्रवत्पापकर्मा मत्तेजसा निहतो दुद्रुवे च। तं चाब्रुवं कृपया क्लिन्नचित्तोमाभैष्ट त्वं ह्यभयं मे हि दत्तम् ॥३१॥ कस्त्वं तात ब्रूहि सद्योऽत्र हेतुं कृच्छ्रादस्मान्मोचये मां विषीद। इत्युक्तो मां

देखा ॥२९॥ कि शाल्मली के वृक्षकी जड़ में एक पिशाच बैठा हुआ अपना मांस खारहा है वह बुरी तरह से प्यासा २ चिल्लाता था, अपने कर्मों के कारण भूखा प्यासा शोच में पड़ा हुआ था ॥३०॥ वह पापी मुझे मारने दौड़ा परन्तु मेरे तेजके मारे निहत होगया, मेरे हृदय में दया उत्पन्न हुई तब मैंने उससे कहा डर मत ॥३१॥ तू कौन है, जल्दी कह, मैं तुझे इस कष्ट से अभी छुड़ा दूंगा दुखी मत हो, मैंने जब ऐसे कहा तब वह मुझे अपना पुत्र न जानकर कहने लगा कि पहले आनत

देश में भूवराव्य एक नगर था ।।३२।। मेरा नाम मैत्र था और संकृति गोत्र में उत्पन्न हुआ था, तप, विद्या, दान और यज्ञादि में मेरी बड़ी निष्ठा थी, मैंने सम्पूर्ण विद्या पढ़ी और पढ़ाई मैंने सम्पूर्ण तीर्थों में स्नान किया ।।३३।। हे अङ्ग ! मैंने भिक्षा के लोभके कारण वैशाख में अन्न दान नहीं किया, इससे मेरे विचार में यही आता है कि इसी हेतु मुझे पिशाच की

प्राह पुत्रं त्वजानन् पुरानर्ते भूखराख्ये पुरे च ।। ३२ ।। नाम्ना मैत्रः संस्कृतेर्गोत्रजोऽहं तपोविद्यादानयज्ञादिनिष्ठः । मयाधीताध्यापिताः सर्वविद्याः कृतो मय सर्वतीर्थावगाहः ।। ३३ ।। दत्तं नान्नं मासि वैशाखसंज्ञे लोभाद्भिक्षामात्रमप्यङ्ग काले । शोचे चाहं प्राप्य पिशाचयोनिं नान्यो हेतुः सत्यमेवोक्तमङ्ग ।। ३४ ।। पुत्रोऽधुना वर्तते मन्दगृहे च भूरिख्यातिः श्रुतदेवाभिधानः । वाच्या तस्मै मद्दशा चात्मजाय वैशाखान्नादानतोऽभूत्पिशाचः ।।३५।। दृष्टस्तीरेते पिता नर्मदाया नोर्ध्वं गतो वर्तते वृक्षमूले । खादन्मांसं स्वीयमेवानुखिद्यत्पितुमुक्त्यै मासि वैशाखमङ्गे ।।३६।। प्रातः स्नात्वा

योनि मिली है और कोई कारण नहीं ।।३४।। अब मेरे घर पर श्रुतदेवनाम का मेरा पुत्र है जो बड़ा ख्यातिवान् है, उससे मेरी दशा कह देना कि तेरा पिता अन्नदान न करने से पिशाच होगया है ।।३५।। नर्मदा नदी के तीरपर वृक्षकी जड़में बैठा है स्वर्ग नहीं गया है, बड़ा दुःखी हैं और अपना मांस भक्षण करता है अतः पिता की पिशाचयोनि छुड़ाने के लिये वैशाख में

जिससे मैं विष्णुपदको प्राप्त होजाऊं ॥३७॥ यह सब कथा मैंने तुम्हारे सामने कही है जो तुम मुझपर दया करोगे तो तुम्हारा
कल्याण होगा, अपने पिताकी ऐसी बात सुनकर ॥३८॥ मैं दुःख के मारे उनके पांवों पर बहुत देर तक लकड़ी की भांति पड़ा
रहा और बराबर अपनी निंदाकर नेत्रोंमें आंसू भर कहने लगा हे पिता! तुम्हारा पुत्र मैं ही हूं दैवयोग से यहां आगया

पूजयित्वा च विष्णुं निर्व्याजान्मां तर्पयित्वा जलैश्च । देयं चान्नं द्विजवर्ये गुणाढ्यं मुक्तोयो वै
याति विष्णोः पदं च ॥३७॥ इत्थं चोक्तं त्वत्पुरस्ताद्वदेति दया चैषा मत्कृते नात्र शंका । भद्रं
भूयात्सर्वतो मङ्गलं ते श्रुत्वा चाहं भाषितं मे पितुश्च ॥ ३८ ॥ दुःखात्कायं दण्डवत्पातयित्वा
भूशार्तोऽह पादयोर्भूरिकालम् । निन्दन्निन्दन् भूयहं वाष्पनेत्रः पुत्रोऽहं ते तात दैवागतोऽहम् ॥३९॥
कर्मभ्रष्टो भूसुराणां विनिन्द्यो नाभूद्यस्मात्क्लेशमोक्षः पितॄणाम् । आख्याहि त्वं कर्मणा केन मुक्तो
भविता वै तत् करोमि द्विजेन्मु ॥ ४० ॥ ततः प्राह प्रीतसर्वान्तरात्मा यात्रां कृत्वा शीघ्रमागत्य
गेहम् । प्राप्ते मासे मेषसंस्थे च भानौ निवेद्यान्नं विष्णवे त्वं गुणाढ्यम् ॥४१॥ दानं देहि द्विजवर्गे

हूँ ॥३९॥ ब्राह्मणों में कर्मसे श्रेष्ठ कोई नहीं हुआ जिससे पित्रीश्वरोंकी मोक्ष न हुई हो तुम अब यह बताओ कि किस कर्मसे
तुम्हारी मुक्ति होगी मैं वही करूंगा ॥४०॥ तब प्रसन्न हो वह कहने लगे कि यात्रा करके शीघ्र घर जा मेषकी संक्रांति में
विष्णुभगवान के निमित्त अन्न अर्पण करके ॥४१॥ किसी श्रेष्ठ ब्राह्मण को अन्नदान देना। जिससे सकुटुम्ब मेरी मुक्ति हो

जायेगी । पिताकी आज्ञाके अनुसार मैंने तीर्थयात्रा करके घर आ वैशाख के महीने में अन्नदान किया ॥४२॥ तब मेरे पिता मुक्त हो विमान पर चढ़ मुझे आशीर्वाद देकर विष्णुलोक को गये जहाँसे फिर कर नहीं आते हैं ॥४३॥ इसलिये अन्नदान सब शास्त्रोंमें बड़ा धर्म कहा है । हे राजन् ! यह सब धर्मोंका सारभूत है जो मैंने कहदिया तेरी इच्छा अब और किस बातको

महात्मंस्तस्मान्मोक्षो भविता सान्वयस्य । पित्रादिष्टः कृतयात्रः स्वगेहं प्राप्याकरं माधवे चान्नदानम् । ॥४२॥ तस्मान्मुक्तो मत्पिता मां समेत्य यानारूढो ह्यभिनन्द्याशिषा च । गतो लोकं श्रीपते-र्दुर्विभाव्यं यस्मिन् गता न निवर्तन्ति भूयः ॥४३॥ तस्माद्दानं सर्वशास्त्रेषु चोक्तं तुभ्यं प्रोक्तं धर्म-सारं सधर्म्यम् । किमन्यत्ते श्रोतुमिच्छा वदस्व श्रुत्वा सर्वं ते वदामीति सत्यम् ॥४४॥ इतिश्री-स्कन्दपुराणे वैशा० नारदाम्बरीषसंवादे पिशाचमोक्षप्राप्तिर्नाम सप्तमोऽध्यायः ॥७॥

मैथिल उवाच ॥ ब्रह्मन्निक्ष्वाकुतनयो जलादानाच्च चातकः । त्रिवारमभवत्पश्चान्मद्गृहे

सुननेकी है वह पूछ, मैं तुझसे सत्य कहूँगा ॥४४॥ इति श्रीस्कन्द पुराणे वैशाखमाहात्म्ये नारदांबरीषसंवादे पिशाचमोक्षप्राप्तिर्नाम सप्तमोऽध्यायः ॥ ७ ॥

तदनन्तर मैथिलने कहा—हे ब्रह्मन् ! जलदान न करने से इक्ष्वाकु वंशी राजाका तीन जन्मतक चातक होना और फिर मेरे

यह बात मुझे बहुत अनुचित प्रतीत होती है, उसने सन्तमहात्मों को कष्ट नहीं दिया तथा कृपण भी नहीं था ॥३॥ परन्तु उसने सेवा नहीं की इसीसे निश्चय यह है कि उसे फल न मिलना चाहिये । अनेक अर्थ करना औरोंको कष्ट देना है ॥४॥

गोधिका तथा ॥१॥ कर्मानुगुणमेतद्धि युक्तं तस्याकृतात्मनः । संतामसेवनात्तस्य गृध्रत्वं सारमेयता ॥२॥ सप्तवारमिति प्रोक्तं यन्मे भाति च नोचितम् । सन्तो न दूषितास्तेन न तथा कृपणो अपि ॥३॥ तस्मादसेविनस्तस्य फलाभावो भवेद्ध्रुवम् । नानार्थकरणाभावादिदं हि परपीडनम् ॥ ४ ॥ अनिमित्तमिदं कस्मात्कुयोनित्वमवाप्तवान् । तदेनं संशयं छिन्धि शिष्यस्यात्मप्रियस्य च ॥ ५ ॥ इति राज्ञा सुसंपृष्टः श्रुतदेवो महायशाः । साधुसाध्विति संभाष्य वचो व्याहर्तुमादधे ॥ ६ ॥ श्रुतदेव उवाच ॥ शृणु राजन् प्रवक्ष्यामि यत्पृष्टं तु त्वयाऽनघ । शिवायै च शिवेनोक्तं कैलास-शिखरेऽमले ॥ ७ ॥ सृष्ट्वेमान् सकलाँल्लोकान् पश्चात्तेषामवस्थितिम् । आमुष्मिकीमैहिकीं च

उसे बिना कारण ही कुयोनि क्यों मिलती ? हे विप्रवर ! मैं आपका प्यारा शिष्य हूँ आप मेरे इस संशय को दूर कीजिये ॥५॥ राजाके प्रश्नको सुन महायशस्वी श्रुतदेव "धन्य धन्य" कहकर कहने लगे ॥६॥ हे राजन् ! हे पाप रहित ! जो तुमने पूछा है मैं उसका समाधान कहता हूं यही कैलास के शिखर पर शिवजीने पार्वती से कही थी ॥७॥ सब लोकोंकी रचनाकर

वै० मा० ५१ मा० टी० अ० ८

उनकी आमुष्मिक और ऐहिक दो प्रकार की स्थिति बनाई ॥८॥ हेतुकी स्थिति के निमित्त प्रत्येकके तीन तीन भेद मानेहैं, यथा जल सेवा, अन्न सेवा और औषधि सेवा ॥९॥ हे महाभाग ! ये तीनों ऐहिक (इस लोककी) स्थितिके हेतुहैं ऐसे ही श्रुतियों में पारलौकिक स्थिति के भी तीन हेतुहैं ॥१०॥ साधुसेवा, विष्णुसेवा और धर्मसेवा ये तीनों परलोक की स्थित के

द्विविधां पर्यकल्पयत् ॥ ८ ॥ हेतुत्रयं च प्रत्येकं हेतुस्थित्यै महाप्रभुः । जलसेवा चान्नसेवा सेवा चैवौषधस्य च ॥ ९ ॥ यत्र एते महाभाग ह्यैहिकस्थितिहेतवः । एवमामुष्मिके राजंस्त्रय एवेरिताः श्रुतौ ॥ १० ॥ साधुसेवा विष्णुसेवा सेवा धर्मपथस्य च । पुरा संपादिताह्येते परलोकस्य हेतवः ॥११॥ गृहसंपादितं यद्वत् पाथेयं पद्धतौ यथा । ऐहिका हेतवो राजन् सद्यः सम्पादिताथदाः॥१२॥ किञ्च चेष्टमपि साधूनां मनसो यदि दुःसहम् । कुतश्चित्कारणाद्राजन् तच्चानर्थाय कल्पते ॥१३॥ अप्रियं किञ्च वक्तव्यं दुःखहेतुरिति स्फुटम् । अत्रैवोदाहरन्तीममितिहासं पुरातनम् ॥१४॥ पापघ्नं

हेतुहैं ॥११॥ जैसे घरमें इकट्ठा हुआ मार्गका व्यय मार्गमें काम देताहै वैसे ही ऐहिक हेतुओंका करना तत्काल धन संपति देताहै ॥१२॥ किंतु साधु महात्माओं के दुःसह मनोरथ भी सिद्ध हो जातेहैं परन्तु वेही कभी २ अनर्थका कारण होजाते हैं ॥१३॥ अप्रिय बातें कहना भी दुःखका हेतु होजाता हैं यहां एक पुराना इतिहास वर्णन करतेहैं ॥१४॥ यह पाप नाशक

वै० मा० ५२ भा० टी० अ० ८

कैलाश पर गये उन्हें देखकर उन्हींकी भलाई सोच महादेवजीने उठकर आदर नहीं किया ।१५-१६। शिवजीने सोचा मैं सम्पूर्ण देवताओं का गुरु, वेद द्वारा जानने योग्य सनातन हूं ये चन्द्रमा और इन्द्रादि सब देवता यज्ञ भाग लेने वाले सेवक हैं।१७। स्वामी सेवकके आनेपर नहीं उठता ऐसे पति स्त्रीके लिये गुरु शिष्यके लिये नहीं उठता है यही शास्त्र वेत्ताओंका मत है ।१८। गुरुत्व में

महदाश्चर्यं शृण्वतां रोमहर्षणम् । यज्ञदीक्षामुपगतः पुरा दक्षः प्रजापतिः ॥१५॥ आह्वानार्थं भूतपतेरगमद्रजताचलम् । तं दृष्ट्वा नोत्थितः शंभुस्तथैव हितकाम्यया ॥१६॥ सर्वामरगुरुश्चाहं छन्दोगम्यः सनातनः भृत्या ह्येते बलिहराश्चन्द्रेन्द्राद्याः सुरेश्वराः ॥ १७ ॥ स्वामी भृत्याय नोत्तिष्ठेत्स्वभार्यां पतिस्तथा । गुरुः शिष्याय नोत्तिष्ठेदिति शास्त्रविदां मतम् ॥१८॥ न संबन्धो गुरुत्वे च कारणं त्विति वै श्रुतिः । बलं ज्ञानं तपः शान्तिर्यत्र चैवाधिकं भवेत् ॥१९॥ स गुरुश्चेतरेषां च न नीना ईयुश्च प्रेष्यताम् । उत्तिष्ठन्ति च स्वाम्याद्या भृत्यादीन्यदि चाग्रहात् ॥२०॥ आयुर्वित्तं यशस्तेषां सद्यो नश्यति सन्ततिः । तस्मादहं तु नोत्तिष्ठे प्रियोऽयंश्वशुरो मम ॥२१॥

सम्बन्ध कारण नहीं होता यही श्रुतिका वाक्य है, जिसमें बल, दान, तप और शान्ति अधिक होती है वह औरों का गुरु है और नीच ही भृत्य (सेवक) होते हैं जो स्वामी स्वयं भृत्यादि के लिये उठते हैं ॥१९-२०॥ उनका आयु, धन और यश तत्काल नष्ट हो जाते हैं, इसलिये मुझे उठना उचित नहीं है यह मेरा प्यारा श्वसुर है ॥२१॥ ऐसा विचार कर दक्ष प्रजापति की

भलाई सोच महादेवजी आसन से उठे। जब प्रजापति ने देखा कि महादेव ने उठकर मेरा आदर नहीं किया तो उसे बड़ा क्रोध आया ॥२२॥ और अनेक प्रकार से महादेवजी के आगे ही निन्दा करने लगा कि आश्चर्य २ इस अकृतात्मा दरिद्री को बड़ा अहंकार है॥२३॥ इसका धन केवल एक बूढ़ा बैल, जिस पर केवल चर्म ही शेष रह गया है कपालकी हड्डी

इति तस्य हितान्वेषी नोच्चचालासनाद्विभुः। नोत्थितं तु मृडं दृष्ट्वा कुपितोऽभूत्प्रजापतिः ॥२२॥ अनिन्दद्बहुधा तस्मै पुरतो गिरिजापतेः। अहो दर्पमहो दर्पं दरिद्रस्याकृतात्मनः ॥२३॥ यस्य वित्तं बहुवयो वृषश्चर्मावशोषितः। अतः एव कपालास्थिधरः पाखण्डगोचरः ॥२४॥ वृथाहंकारिणो देवः कुतो दास्यति मङ्गलम्। लोके कृत्ये न कर्माणि शुचीनीति विदो विदुः ॥२५॥ धत्ते दरिद्रः शीतार्तः पवित्रं च गजाजिनम्। वेश्म श्मशानं यस्य स्याद्भुजङ्गः किल भूषणम् ॥२६॥ न धीरतापि च ज्ञानं वृकात् तस्मात्पलायितः। भूतप्रेतपिशाचादिदुर्जनैः संगतोऽनिशम् ॥२७॥ न कुलं श्रूयते

धारण करते हैं और अत्यन्त पाखण्डी है ॥२४॥ ऐसे वृथा अहंकारी का भगवान कैसे कल्याण करेंगे। यह कोई शुभ कर्म नहीं करता और महा अपवित्र है इसे भी विद्वान् मनुष्य अच्छी तरह जानते हैं ॥२५॥ दरिद्र के मारे शीत से व्याकुल पवित्र हाथी के चर्म को ओढ़ते हैं श्मशान में घर है और सर्पों के आभूषण धारण कर रक्खे हैं ॥२६॥ न इसके धीरज है कुछ पता नहीं और न साधु महात्मा इसकी प्रसंसा करते हैं दुरात्मा नारद ने पहिले व्यर्थ बड़ाई की ॥२८॥ उसी के बताने

कुछ पता नहीं और न साधु महात्मा इसकी प्रसंसा करते हैं दुरात्मा नारद ने पहिले व्यर्थ बड़ाई की ॥२८॥ उसी के बताने से मैंने अपनी कन्या सती का विवाह इसके संग कर दिया, यह भी अलग धर्म वाली हो गई इसी को अपने घर में सुख पूर्वक वास करावें ऐसा भी नहीं ॥२९॥ मैं इसे कभी नहीं सह सकता, मेरी पुत्री से भी मुझे कुछ प्रयोजन नहीं, जैसे कुम्हार

क्वापि नाशौ वै साधुसंमतः । वृथा विश्रम्भितः पूर्वं नारदेन दुरात्मना ॥२८॥ येनाहं बोधितः प्रादां कन्यां चैतां सतीं मम । पृथग्धर्मगता चैषा सुखं वसतु मद्गृहे ॥२९॥ नास्माभिः श्लाघनीयोऽसौ मत्सुतापि कथंचन । यथा कुलालकलशश्चाण्डालस्य वशंगतः ॥३०॥ इति दक्षो विमूढात्मा ह्युमां नाहूय तं मृडम् । बहुधा तं विनिर्भर्त्स्य तूष्णीमेव गृहं ययौ ॥३१॥ यज्ञवाटं ततो गत्वा ऋत्विग्भिर्मुनिभिः सह । ईजे यज्ञविधानेन निन्दन्नेव महाप्रभुम् ॥३२॥ ब्रह्मविष्णू विहायैव सर्वे देवाः समागताः । सिद्धचारणगन्धर्वा यक्षराक्षसकिंनराः ॥ ३३ ॥ तदा देवी सती पुण्या

का घड़ा चण्डाल के हाथ में पहुँच जाने से किसी काम का नहीं रहता है ॥३०॥ ऐसे विमूढ़ात्मा दक्ष ने सती और शङ्कर को निमन्त्रण नहीं दिया और अनेक प्रकार के कुवाक्य कहकर चला गया ॥३१॥ तदनन्तर यज्ञस्थान में जा ऋत्विक् और मुनियों को संग ले विधि पूर्वक यज्ञ करने लगा और श्रीशङ्करजी की निन्दा करता रहा ॥३२॥ ब्रह्मा और विष्णु को छोड़ सिद्ध, चारण, गन्धर्व, यक्ष, राक्षस और किन्नर आदि सब देवता यज्ञ में आये ॥३३॥ तब सती को बड़ी इच्छा हुई कि,

किसी प्रकार से यज्ञ का उत्सव देखूं और अपने कुटुंबियों से मिलूँ ॥३४॥ स्त्रियां स्वभाव से चंचल होती हैं। महादेवजी ने कहा कि, तुम मत जाओ परन्तु उसने एक भी न मानी और जाने की मन में ठान ली ॥ ३५ ॥ महादेजी बोले—हे वरवर्णिनि! सभा में बैठ कर मेरी सदा निन्दा करते हैं जो तुम से न सही जायगी तुम निश्चय शरीर त्याग दोगी ॥३६॥

स्त्रीचाञ्चल्यात्प्रलोभिता। उत्सुका चोत्सवं द्रष्टुं बन्धूंस्तत्र समागतान् ॥३४॥ निवार्यमाणा रुद्रेण तरला स्त्री स्वभावतः। प्रत्युक्तापि पुनश्चैव गन्तव्यमिति निश्चिता ॥३५॥ स निन्दति सभामध्ये सदा मां वरवर्णिनि। तच्चासह्यं च त्वं श्रुत्वा कायं सत्यं त्यजिष्यसि ॥३६॥ असह्यमपि सोढव्यं मयापि गृहमिच्छता। मया यथा कृतं देवि तथा त्वं नैव वर्तसे ॥३७॥ तस्मान्मा गच्छ शालां वै न शुभं तु भवेद् ध्रुवम्। इत्येवं बोधिता देवी चापल्यं पुनरागतमत् ॥३८॥ निश्चक्राम सती गेहादेकैव पदचारिणी। तां दृष्ट्वा वृषभस्तूष्णीं पृष्ठे देवीमुवाह सः ॥३९॥ कोटिशो भूतसङ्घाश्च

मैंने भी घरकी इच्छा से असह्य सहन किया है ऐसा तुमसे न हो सकेगा ॥३७॥ अतएव तुम अपने पिताके घर मत जाओ। मुझे ज्ञात होता है कि, वहां जाने से असका कल्याण नहीं इस प्रकार समझाने पर भी सती न रुकीं ॥३८॥ और अकेली घरसे निकल कर पैदल चलदी, तव नन्दीने चुपचाप सतीको अपनी पीठपर बैठा लिया ॥३९॥ और करोड़ों भूतादि महादेवजी के

चुपचाप रहे कुछ न बोले, किसी ने कुछभी न कहा तो वहां खड़ी रही और रुद्रकी आहुति तक पिताकी चेष्टा देखती रही ॥४२॥ जब दक्षने रुद्रको छोड़कर आहुति दी तो सती को आंखों में आंसू भर आये और अकुलाकर बोली जो मनुष्य बड़ों

ह्यनुजग्मुः सतीं तदा । यज्ञवाटं तु सा गत्वा पत्नीशालां ययौ पुरा ॥४०॥ तूष्णीमासन् सतीं दृष्ट्वा खेदात्तस्माद्विनिर्गता । पतिवाक्यं तु संस्मृत्य जगामोत्तरवेदिकाम् ॥४१॥ पिता सभ्याश्च तां दृष्ट्वा स्थितास्तूष्णीं हताशिषः । सा रुद्राहुतिपर्यन्तं पश्यन्ती पितृचेष्टितम् ॥४२॥ त्यक्त्वा रुद्रं च जुह्वन्तमुवाचाश्रुकुलेक्षणा । देव्युवाच ॥ महदुल्लङ्घनं पुंसां न प्रायः श्रेयसे भवेत् ॥ ४३ ॥ लोककर्ता लोकभर्ता सर्वेषां प्रभुरव्ययः । एवंभूतस्य रुद्रस्य कथं नो दीयते हविः ॥४४॥ जातां न किं ते दुर्बुद्धिं हरन्त्यन्ये समागताः । न चेदृशा महात्मानः किमेषां विमुखो विधिः ॥४५॥ इत्येवं भाषमाणां तां पूषा देवो जहास ह । श्मश्रूणां चालनं चक्रे भृगुर्हतशुभस्तथा ॥४६॥ भुजपादो-

का अपमान करतेहैं उनका कल्याण नहीं होता ॥४३॥ तुमने सब सन्सार के रचने वाले सबके प्रभु और अविनाशी रुद्र की आहुति नहीं दी ॥४४॥ ये जितने बड़े २ ऋषि मुनि और माहात्मा इकट्ठे हुएहैं इन्होंने भी तुम्हारी दुष्ट बुद्धि दूर नहीं की विधाता इनके भी विमुख ज्ञात होता है ॥४५॥ जब सती ऐसे कह रही थी तब पूषादेवा मुख फाड़ हँसने लगा और शुभ

कर्मों से हीन शुक्राचार्य डाढी और मूछों को फड़काने लगे ॥४६॥ बहुत से भुजा, पांव ऊरु और कक्षाओं को फड़काने लगे और दक्ष अभाग्य से निन्दा करने लगा ॥४७॥ उनकी बातों को सुनकर सती क्रोध से लाल होगयी, और पति निन्दा सुनने का प्रायश्चित करने के लिये उसने अपनी देहको त्याग करना चाहा ॥४८॥ सबके देखते २ सती होमकी अग्नि में गिर

रुकक्षाणां स्फालनं चक्रिरे परे। बहुधा निन्दनं चक्रे तत्पिता हतभाग्यतः ॥४७॥ तच्छ्रुत्वा रुद्रभार्या सा कोपाकुलितमानसा। प्रायश्चित्त श्रुते कर्तुं देहं तत्याज सा सती ॥४८॥ होमाग्नौ वेदिकामध्ये सर्वेषामेव पश्यताम्। हाहाकारो महानासीद्द्रुवुः प्रथमा द्रुतम् ॥ ४६ ॥ आचख्युर्देवदेवाय वृत्तान्तमखिलं तदा। तच्छ्रुत्वा सहसोत्थाय रुद्रः कालान्तकोपमः॥५०॥ जटामुत्पाट्य हस्तेन भूतले तामताडयत्। ततोऽभवन्महाकायो वीरभद्रो महाबलः ॥५१॥ सहस्रबाहुरभवत्कालान्तकसमप्रभः। बद्धाञ्जलिपुटो भूत्वा व्याजहार हरं तदा ॥५२॥ मत्सृष्टिस्तु यदर्थं ते तदर्थं मां नियोजय।

पड़ी। सती के गिरते ही, बड़ा हाहाकार मचगया। महादेवजी के गण ॥४६॥ भागकर शिवजी के पास पहुंचे और सब कथा सुनायी। सुनते ही शिवजी ने सहसा उठकर कालांतक के समान क्रोध से ॥५०॥ एक जटा उखाड कर पृथ्वी पर दे मारी

बताइये, यह सुन रुद्र भगवान् क्रोध करके सन्मुख खडे हुए वीरभद्र से बोले ॥५३॥ तू अभी जाकर मेरे निंदक दक्षका नाश

बताइये, यह सुन रुद्र भगवान् क्रोध करके सन्मुख खड़े हुए वीरभद्र से बोले ॥५३॥ तू अभी जाकर मेरे निंदक दक्षका नाश करदे, जिसके कारण प्रिया सतीको त्यागना पड़ा और बड़े २ बलवान् भूतगणों को आज्ञा दी कि तुम भी इसके सङ्ग जाओ ॥५४॥ महादेवजी की आज्ञा पाकर सबके सब यज्ञशाला में पहुंचे और देवता, असुर, मनुष्य आदि सब सुभटों को मार

इत्युक्तः प्राह तं क्रुद्धो धूर्जटिस्तं पुरः स्थितम् ॥५३॥ हनत्वं निन्दकं दक्षं यदर्थे मत्प्रिया हता। भूतसंघास्तु गच्छन्तु सहैतेन महाबलाः ॥ ५४ ॥ इत्यादिष्टा भगवता ययुर्यज्ञसभां तदा। जघ्नुः सर्वान् महावीरान् देवासुरनरादिकान् ॥५५॥ पूषणश्च हसतो दन्ताञ्जटाभृश्च बभञ्ज ह। श्मश्रूण्युत्पाटयांचक्रे भृगोस्तस्य दुरात्मनः ॥५६॥ यद्यदास्फालितं पूर्वं तत्तच्चिच्छेद वीर्यवान्। ततो दक्षशिरो हर्तुं बहूद्योगं चकार ह ॥५७॥ मुनिमन्त्रगुप्तं तु नैव कृन्तति तद्बलात्। हरो ज्ञात्वा तु चिच्छेद स्वयमेत्य दुरात्मनः ॥५८॥ एवं मखगतान् हत्वा सानुगः स्वालयं ययौ। हता-

गिराया ॥५५॥ पूषा दांत निकाल कर हँसा था, वीरभद्र ने उसके दांत उखाड़ डाले तथा दुरात्मा भृगुकी डाढ़ी मूंछ उखाड़ डालीं ॥५६॥ जिस जिसने जो जो अङ्ग फड़काया था उसका वही अङ्ग वीरभद्र ने उखाड़कर फेंक दिया तब दक्षका शिर काटने के लिये बड़ा उद्योग किया ॥५७॥ क्योंकि उसके शिरकी रक्षा भृगु अपने मन्त्र बलसे कर रहा था इससे शिर नहीं कटता था। तब रुद्र ने स्वयं आकर उस दुरात्मा का शिर काट अलग कर दिया ॥५८॥ इस प्रकार यज्ञ में जो आये थे सबका

वै० मा० ५६

संहार कर गणों सहित कैलाश को गये । जो मरने से बचे वे ब्रह्माजी की शरण में गये ॥५६॥ उनको सङ्ग ले ब्रह्माजी कैलाश पर पहुँचे और वहां जाकर अनेक प्रकार समझा बुझा कर क्रोध को शांत किया ॥६०॥ और महादेवजी को सङ्ग ले यज्ञशाला में पहुंचे । यज्ञ में जो मारे गये थे उन सबको फिर जीवनदान दिया ॥६१॥ सदाशिव ने दक्षके धड़पर बकरे का शिर रखदिया,

वशिष्टाः केचित्तु ब्रह्माणं शरणं ययुः ॥५६॥ तैरन्वितो ययौ ब्रह्मा कैलासं तु शिवालयम् । ततो रुद्रं सान्त्वयित्वा वचोभिर्विविधैरपि ॥६०॥ तेनैव सहितः प्रागाद्यज्ञवाटं महाप्रभुः तेनैवोज्जीवयामास सर्वान् यज्ञसमागतान् ॥६१॥ ख्यात्यै प्रादादजमुखं दक्षस्य तु तदा शिवः । अजश्मश्रूण्यदाच्छ्र-श्मश्रु भृगवे तु महात्मने ॥६२॥ पूष्णश्च दन्तान्न प्रादात्पिष्टादं च चकार ह । तदङ्गानां व्यतिकरं केषांचिदपि वै शिवैः ॥६३॥ शिवमापुश्च ते सर्वे ब्रह्मणा च शिवेन च । पुनः प्रवर्तितो यज्ञो यथापूर्वं महात्मनः ॥६४॥ यज्ञान्ते सर्वदेवाश्च जग्मुस्ते स्वं स्वमालयम् । नैष्ठिकं ब्रह्मचर्यं तु कृत्वा

जिससे आज तक शिवोपासक उनको प्रसन्नताके लिये बंबं करते हैं, ऐसे ही भृगुजी के मुखपर बकरे की डाढ़ी लगादी ॥६२॥ पूषा को दांत नहीं दिये कहदिया कि यह अन्नको पीसकर खालिया करेगा ऐसेही अङ्ग लगाकर सबके शरीर जोड़ दिये ॥६३॥ ब्रह्माजी तथा शिवजी ने सबका कल्याण किया दक्ष फिर पूर्ववत् यज्ञ करने लगे ॥६४॥ यज्ञ पूरा करवा कर सब देवता अपने

नीचे तप करने लगे । दक्ष पुत्री पतिव्रता सतीने ॥६६॥ हिमाचल के घर उसकी स्त्री मेनका के गर्भ में जन्म लिया

नीचे तप करने लगे। दक्ष पुत्री पतिव्रता सती ॥६६॥ हिमाचल के घर उसकी स्त्री मेनका के गर्भ से जन्म लेकर उसी के घर उसका पालन पोषण होने लगा। इतने ही में तारकासुर नामक एक महा राक्षस उत्पन्न हुआ ॥६७॥ उसने घोर तप कर परमेष्ठी ब्रह्माको प्रसन्न कर लिया, तो ब्रह्माजी ने उसे वर दिया कि तू देवत, राक्षस, मनुष्य वा नाग किसी से न मरेगा

वै० रुद्रो महत्तपाः ॥६५॥ तेपे गङ्गातटे रुद्रः पुन्नागतरुमूलगः। दक्षात्मजा सती देवी त्यक्तदेहा पतिव्रता ॥६६॥ यज्ञे हिमाद्रेर्मेनकयां ववृधे तस्य वेशमनि। एतस्मिन्नेव काले तु तारकाख्यो महासुरः ॥६७॥ सुतीव्रतपसाराध्य ब्रह्माणं परमेष्ठिनम्। अवध्यप्वं वरं वव्रे देवासुरनरोरगैः ॥ ६८ ॥ आयुधैरस्त्रसंघैश्च सर्वैं रेव महाबलैः। रुद्रपुत्रं विना दैत्यो ह्यवध्यः सकलैरपि ॥६९॥ इति तस्मै वर प्रादाद्ब्रह्मा लोकपितामहः। अस्त्रीकत्वादपत्यत्वाद्रुद्रस्येति तथास्त्विति ॥७०॥ वरं गृहीत्वा स्वगृहं प्राप्य लोकान् बबाध ह। दासा देवा मार्जनादौ दास्यो देव्यश्च तद्गृहे ॥७१॥ ततस्तत्पी-

॥६८॥ किसी प्रकार के आयुध, हथियार से न मरेगा किंतु जब रुद्र भगवान का महाबली पुत्र तुझे मारेगा ॥६९॥ लोक पितामह ब्रह्मा ने उसे ऐसा वर दिया तो उसने सोचा कि महादेवजी के स्त्री ही नहीं है, उनका पुत्र मुझे कैसे मारेगा। ऐसा सोच राक्षस बोला "तथास्तु" ॥७०॥ वर पाकर तारक अपने घर जा सबको सताने लगा। उसने सब देवताओं को दास कर लिया और उनकी स्त्री उनके घरमें दासी बनकर बुहारी देने लगीं ॥७१॥ जब उसने देवताओं को बहुत सताया तो वे ब्रह्माजी

की शरण में गये उनके दुखको सुन कर ब्रह्माजी बोले ।।७२।। हे देवताओं वर देते समय मैंने कहा था कि, शिवजी के पुत्र के विना तेरा वध कोई न कर सकेगा इसलिये विना शिवजी के पुत्र के उसका वध असंभव है एक उपाय करो ।।७३।। रुद्र भगवान् की पत्नी सती ने पहिले अपने पिता के यज्ञ में शरीर त्याग दिया था। अब उसने हिमाचल के घर जन्म ले लिया

डिता देवा ब्राह्मणं शरणं ययुः। तैः पीडां वर्णितां श्रुत्वा वेधाः सुरानिदम् ।।७२।। वरप्रदानकालेऽहं रुद्रपुत्रं विना सुराः। नान्यैर्वध्य इति प्रादां वरं तस्मै दुरात्मने ।।७३।। पुरा सती रुद्रपत्नी सत्रे त्यक्तकलेवरा। जाता हिमवतः पुत्री पार्वतीति च यां विदुः ।।७४।। रुद्रो हिमवतः पृष्ठे तपश्चरति दुश्चरम्। योजयध्वं च पार्वत्या रुद्रं लोकेश्वरं प्रभुम् ।। ७५ ।। पुनर्देवेन्द्रसदने संगतैरमरेश्वरैः। धिषणेनापि संमन्त्र्य देवेन्द्रः पाकशासनः ।।७६।। सस्मार च स कार्यार्थं नारदं स्मरमेव च। तत्रागतौ ततस्तौ तु बलभिद्वाक्यमब्रवीत् ।।७७।। हिमवन्तं भवान् गत्वा वचसा तन्निबोधय। पुत्री तव

है और पार्वती उसका नामहै ।।७४।। किन्तु रुद्र भगवान् हिमाचल के शिखर पर घोर तप कर रहे हैं। किसी तरह लोकेश्वर भगवान् रुद्र से पार्वती का पाणिग्रहण कराना चाहिये ।।७५।। तब सब देवता इन्द्र के संग अमरावती में गये और वहां गुरु

की पत्नी ही तेरी पुत्री है ॥७८॥ दक्ष कन्या के वियोग से महादेवजी तेरे शिखर पर तप कर रहेहैं अतः उनकी सेवा के लिये उनकी प्रिय पत्नी को नियुक्त कर ॥७९॥ तेरी पुत्री उन्हीं की पत्नी होगो और वे उसके पति होंगे । इन्द्र की आज्ञा पाकर नारद जी उसकी बात मानकर ॥८०॥ जैसे कहा था वैसे ही करने लगे, फिर कामदेव से इन्द्रने कहा ॥८१॥ सब

प्राक्दक्षस्य हरपत्नी सुता सती ॥ ७८ ॥ तपश्चरति ते शृङ्गे वियुक्तो दक्षकन्यया । मृडस्तस्य सपर्यायै विनियोजय तत्प्रियाम् ॥७९॥ तस्यैव पत्नी भविता स एव भविता पतिः । इत्यादिष्टो मघोना च नारदोपेत्य तं गिरिम् ॥८०॥ तथैव कारयमास देवेन्द्रेणोदितं तथा । पश्चात्कामं समाहूय मघवानिदमाह च ॥८१॥ देवानां च हितार्थाय तथा मृडहिताय च । वसन्तेन समायुक्तो गत्वा रुद्रतपोवनम् ॥८२॥ गुणान्विजृंभयित्वा तु वासन्तान् त्वच्छयावहान् । यदा सन्निहिता देवी पार्वती तु मृडस्य च ॥८३॥ तदा प्रयुज्य त्वं बाणान्मोहयस्व महाप्रभुम् । तयोस्तु संगमे जाते कार्यं नोद्धा भविष्यति ॥ ८४ ॥ इत्यादिष्टः स्मरस्तूर्णं प्रतस्थे बाढमित्यथ । सवसंतः ।

देवताओं तथा महादेजी के हित के लिये वसन्त ऋतु को सङ्ग लेकर तू रुद्र भगवान् के तपोवन में जा ॥८२॥ वहां तू चारों ओर मनोहर वसंत ऋतु का विस्तार कर और जब पार्वतीजी महादेवजी के पास पहुँच जांय तब ॥८३॥ धनुष पर बाण चढ़ा कर ऐसा मार कि—महादेवजी मोहित होजायँ, उनका संगम होने पर सब कार्य अवश्य पूरा हो जायगा ॥८४॥ कामदेव

"जो आज्ञा" कह कर वसंत ऋतु, अपनी स्त्री रति और अनुचरों को संग ले उसी ओर शीघ्र ही चला गया ॥८५॥ और जाकर अपनी शक्ति से असमय में वसंतऋतु उत्पन्न करदी, चारों ओर वन की शोभा अपूर्व होगई, शीतल, मन्द, सुगंधित वायु चलने लगी ॥८६॥ दैवात् उसी समय महादेवजी भी पार्वती की सेवा से प्रसन्न हो उन्हें गोदी में बैठा कर कुछ कहना प्रारम्भ

सरतिकः सानुगतस्तद्वनं ययौ ॥८५॥ अकाले तु वसन्ततुं जृम्भयित्वा स्वशक्तितः । तद्वने सर्वतो रम्ये मन्दानिलनिषेविते ॥८६॥ कदाचिद्देवदेवोऽपि पार्वत्याश्च सपर्यया । प्रीतः स्वाङ्गं समारोप्य किंचिद्व्याहर्तुमारभत् ॥८७॥ प्राणप्रियासंगमस्य कालोऽयमिति निश्चितः । पेशलं धनुरादाय स तस्थौ हरपृष्ठतः ॥८८॥ कृत्वा जवनिकां वृक्षं बाणमेकं मुमोच ह । द्वितीयमपि सन्धाय चक्रे मोक्तुं महोद्यमम् ॥८९॥ अथ क्षुब्धमना भूत्वा मृडश्चिन्तामवाप ह । न मे मनश्चलं क्वापि केन वा कश्मलीकृतम् ॥९०॥ इति चिन्ताकुलो वामे पार्श्वे कामं ददर्श ह । क्रुद्धश्चोन्मील्य ललाटाक्षं

करने लगे ॥८७॥ तब कामदेव ने समझा कि, प्राण प्रियाके संगम का यही उचित समय है इसलिये धनुष उठा कर महादेवजी के पीछे चला गया ।८८। और वृक्षकी ओट से एक बाण छोड़ दिया और दूसरा बाण चढाकर चलाने को ही था ।८९। कि महादेवजी का मन चंचल हो गया वे चिंता करने लगे कि मेरा मन कभी चंचल नहीं होता था ऐसा विकार युक्त किसने

का खोलकर पार्वती को दूर करके ॥९१॥ ऐसी तीक्ष्ण अग्नि प्रकट की कि, सब संसार भयभीत होगया और अग्नि से धनुष

का खोलकर पार्वती को दूर करके ॥६१॥ ऐसी तीक्ष्ण अग्नि प्रकट की कि, सब संसार भयभीत होगया और अग्नि से धनुष बाण समेत कामदेव भस्म होगया ॥६२॥ देवता अपने कार्य की सिद्धि समझकर भाग गये तथा वसंत और रति भी भयभीत हो भाग गये ॥६३॥ पार्वती भी डरके मारे आंख बन्द कर दूर हटगई और स्त्री की निकटता छोडने के लिये महादेवजी भी

स्वाङ्काद्देवीमपास्य च ॥६१॥ तस्याद्क्ष्णः समभूदग्निस्तीक्ष्णो लोकविभीषणः । तेन दग्धोऽभवत्सद्यो मन्मथः सशरासनः ॥६२॥ कार्यसिद्धिं च पश्यन्तो दुद्रुवुश्चामरा दिवम् । शङ्कमानौ स्वदण्डं च वसन्तो रतिरेव च ॥६३॥ निमील्य लोचने भीता देवी दूरं प्रदुद्रुवे । सन्निधानं स्त्रियो हर्तुं मृडोऽप्यन्तरधीयत ॥६४॥ रुद्रस्येष्टं प्रकुर्वाणो देवश्च मनसो हितम् । लेभे नार्थमनिर्वृत्तं विप्रियं कुर्वतस्तु किम् ॥ ६५ ॥ तस्मादिक्ष्वाकुतनयः साधूनामप्रियः सदा । तस्मादात्महितां सेवां नाकरोन्मन्दधी सताम् ॥६६॥ अनुभूतं महद्दुःखं तस्माद्योनिरेव च । तस्मात्कुर्यात्तु

अन्तर्धान होगये ॥६४॥ हितकी इच्छा करने वाले देवताओं की फल सिद्धि न हुई उलटा अनर्थ हुआ जो कोई साधुओं के संग दुष्टता करते हैं उनका कहना ही क्या है ॥६५॥ इसी प्रकार यह इक्ष्वाकु का पुत्र सदा साधुओं को अप्रिय था क्योंकि यह साधुओं की भलीभांति सेवा नहीं करता था ॥६६॥ इसी कारण उसने महा दुःख भोगे और अनेक बुरी योनियों में जन्म लिया इसलिये सब अर्थों की सिद्धि के लिये साधु सेवा अवश्य करनी चाहिये ॥६७॥ देखो रुद्रका अप्रिय करने से कामदेव ने

भविष्य जन्मों में बड़े २ दुःख उठाये ॥६८॥ जो रात दिन इस पुण्य चरित्र रूपी पुराने इतिहास को सुनते हैं वे जन्म, मृत्यु, बुढापा आदि से निस्सन्देह छूट जाते हैं ॥ ६६ ॥ इति श्रीस्कपुराणे वैशाखमाहात्म्ये नारदांबरीषसंवादे कामदाहनोनाम अष्टमोऽध्यायः ॥ ८ ॥

वै० मा० ६६

साधूनां सेवां सर्वार्थसाधिनीम् ॥ ६७ ॥ रुद्रस्याप्रियकारित्वात्स्मरो भाविनि जन्मनि । दुःखं तु बहुलं लेभे जन्मकाले महाप्रभुः ॥६८॥ इतिहासमिमं पुण्यं ये शृण्वन्ति दिवानिशम् । जन्ममृत्युजरादिभ्यो मुच्यन्ते नात्र संशयः ॥ ६६ ॥ इति श्रीस्कन्दपुराणे वैशाखमाहत्म्ये नारदांबरीषसंवादे कामदहमोनामाष्टमोऽध्यायः ॥८॥छ॥

मैथिल उवाच ॥ तस्य दग्धस्य कामस्य कस्माज्जन्माभवद्विभो । किं दुःखमभवत्तस्मिन् कर्मणः सह लङ्घनात् ॥१॥ एतदाचक्ष्व मे ब्रह्मञ्छ्रतुं कौतूहलं हि मे श्रुतदेव उवाच ॥ कुमारजन्म वक्ष्यामि श्रवणात्पापनाशनम् ॥२॥ यशस्यं पुत्रदं धर्म्यं सर्वरोगविनाशनम् । शंभुना तु हते कामे

मा० टी० अ० ६

मैथिल ने पूछा हे विभो ! जब कामदे जल गया तब उसकी उत्पत्ति कैसे हुई और कर्मवश उसे कौन कौन दुःख भोगने पुत्र देने वाला, धर्ममय और सब रोगों का नाश करने वाला, है । जब महादेवजी ने कामदेव को भस्म कर दिया तब उसकी ... हो गई । जब दो घड़ी पीछे चेत हुआ तब अनेक

मैथिल ने पूछा है विभो ! जब कामदेव जल गया तब उसकी ...

पुत्र देने वाला, धर्ममय और सब रोगों का नाश करने वाला है । जब महादेवजी ने कामदेव को भस्म कर दिया तब उसकी स्त्री रति ॥३॥ अपने सामने पति को भस्म हुआ देखकर शोक से मूर्छित होगई । जब दो घड़ी पीछे चेत हुआ तब अनेक प्रकार के विलाप करने लगी ॥४॥ उसके विलाप को सुनकर सारा तपोवन दुःखमय होगया और रति ने विचार किया कि मैं

वै० मा० ६७

तत्पत्नीं रतिसंज्ञका ॥३॥ मुमोह पुरतो दृष्ट्वा पतिं भस्मावशेषितम् । जातसंज्ञा मुहूर्तेन विललापाह चित्रधा ॥ ४ ॥ यद्विलापाद्वनं वापि समदुःखमभूत्तदा । तच्चिताग्नौ स्वकायं तु त्यक्तुकामा च माधवम् ॥५॥ पत्युः सखायं सस्मार कर्तुं तात्कलिकीं क्रियाम् । स आगतश्चितिं कर्तुं वीरपत्न्यां महाप्रभुः ॥६॥ स तु त्रस्तः सखीं दृष्ट्वा क्षणं मूर्च्छापरोऽभवत् । रतिं तु सांत्वयामास सांत्वैर्बहुविधैरपि ॥७॥ पुत्रतुल्योस्मि ते भद्रे स्थिते मयि च नार्हसि । कायं त्यक्तुं धर्म हेतुमित्याद्यैर्बहुधापि सा ॥८॥ नैव स्थातुं मनश्चक्रे तेन संस्तम्भिता रतिः । दृष्ट्वा दार्ढ्यं वसन्तोपि चितिं चक्रे सरित्तटे

भा० टी० अ० ६

भी चिता में जलकर शरीर का त्याग करदूं ॥५॥ यह विचार कर उसने अपने पति के मित्र बसन्त को उसकी अन्तिम क्रिया करने के लिये बुलाया, इस तरह जब वह वीर पत्नी चिता बना रही थी तब वह भी आ पहुंचा ॥६॥ वह रति को देख डर के मारे क्षणभर मूर्छित होगया, फिर अनेक भाँति से रति को समझाने लगा ॥७॥ और बोला हे भद्रे ! मैं तेरे पुत्र के समान हूँ । मेरे होते हुये तुम्हें ऐसा करना अनुचित है । शरीर का त्याग अथवा आत्मघात करना धर्म का हेतु नहीं, इस प्रकार

जब बहुत से समझाने पर भी ॥८॥ रति ने अपना शरीर रखना न स्वीकार किया तो उसकी दृढ़ता देखकर बसन्त ने नदी के तट पर चिता बनाई ।९। और रति गङ्गा में स्नान कर सम्पूर्ण क्रिया कर्मसे निश्चिन्त हो सब इन्द्रियों को रोक और मनको आत्मा में लीनकर ॥१०॥ चिता पर चढने को उद्यत हुई तब आकाश वाणी हुई कि हे कल्याणि ! हे पति में अत्यन्त प्रेम

बै० मा० ६८

॥९॥ सावगाह्य द्यु नद्यां च कृत्वा कार्याणि सर्वशः । सन्नियम्येन्द्रियग्रामं निवेश्यात्मनि वै मनः ॥१०॥ चितिमारोढुमारेभे ततो जाताऽशरीरवाक् । मा प्रवेश्य कल्याणि वह्निं पतिपरायणे ॥११॥ भविष्यति च ते पत्युर्हराद्विषणोश्च याचवात् । जन्मद्वयंक्रमेणैव तत्र चोत्तरजन्मनि ॥१२॥ भैष्म्यां कृष्णान्महाविष्णोः प्रद्यु म्नाख्यो भविष्यति । वसिष्यति त्वं च शापद्ब्रह्मणः शम्बरालये ।१३। प्रद्यु म्नाख्येन ते पत्या संगतिश्च भविष्यति । इत्युक्त्वा विरराामाथ वाणी चाकाशगाम्बरा ॥१४॥ श्रुत्वा तां तु निवृत्ताभून्मरणे कृतनिश्चया । ततो देवाः समाजग्मुः स्वार्थे कामे हते हरात् ॥१५॥ रत्यादृष्टं

मा० टी० अ० ८

रखने वाली ! तू चिता में प्रवेश मत करे ॥११॥ तेरा पति महादेवजी और यदुवंशी कृष्ण भगवान से पुनः पैदा होगा । ऐसे क्रम से दो जन्म होंगे । तब दूसरे जन्म में ॥१२॥ श्रीकृष्ण से रुक्मिणी के गर्भमें तेरा पति होगा । उसका नाम प्रद्यु म्न होगा, तू ब्रह्माके शाप से शंबर के घरमें निवास करेगी ॥१३॥ वहीं प्रद्यु म्न नामके तेरे पति से तेरा मिलना होगा । ऐसा कहकर

तू अक्षाके शाप से शंबर के घर में निवास करेगी ॥१३॥ वहाँ प्रद्युम्न नामके तेरे पति से तेरा मिलना होगा। ऐसा कहकर

सिद्धि के लिये कामदेव महादेवजी ने भस्म करदिया था व सब देवता बृहस्पति, इन्द्र और अग्नि को आगे करके रतिसे श्रेष्ठ हो बोले और महान् वरदान देकर उसकी शान्ति की ॥१५॥१६॥ कहा हे कामप्रिये ! अब से तेरा पति अनङ्ग कहावेगा और अङ्गवाले की तरह मरा हुआ दिखाई देगा ऐसे यों अनेक प्रकार समझा बुझा धर्म उपदेश करने लगे ॥१७॥ कि तेरा पति

प्रकुर्वाणा गुर्विन्द्राग्नि पुरोगमाः । तां ते निर्वतयासुर्वरेण महता सतीम् ॥ १६ ॥ अनङ्गोऽपि भवेत्साङ्गो मृत एवा ह्यिगो भवेत् । इति तां तु विनिर्वर्त्य धर्मं चोपदिदेशिरे ॥१७॥ पूर्वकल्पे त्वयं राजा सुन्दराख्यो महाप्रभुः । त्वमेव पत्नी तत्रापि रजःसंकरकारिणी ॥ १८ ॥ तेनेयं च दशाभूत्ते कुर्विदानीं च निष्कृतिम् । मन्दाकिन्यां तु वैशाखे प्रातःस्नानं तदा कुरु ॥१६॥मधुसूदनमभ्यर्च्य कथां दिव्यां तथा शृणु । अशून्यशयनं नाम व्रतमारंभ भामिनि ॥२०॥ धर्मेणानेन ते भद्रे व्रतेनापि च माधवे । नून ते भविता पत्युरुपलब्धिर्न संशयः ॥ २१ ॥ इति तस्यै वरं दत्त्वा देवा

पूर्वकल्प में सुन्दर नाम का राजा था। उस जन्म में भी तू इसकी पत्नी रजसंकरकारिणी हुई थी।१८। इसी से तेरी यह दशा हुई है अब तू वैशाख में मन्दाकिनी नदी में प्रातःकाल स्नान करके ॥१६॥ मधुसूदन भगवान् का पूजन कर और उनकी दिव्यकथा सुन तथा हे भामिनी ! तू अशून्य शयन नाम का व्रत प्रारम्भ कर ॥२०॥ हे भद्रे ! वैशाख में इस धर्म के करने से और इसी व्रत का अनुष्ठान करने से तेरा पति तुझे अवश्य मिल जायगा इसमें संशय नहीं ॥२१॥ रति को ऐसा वर देकर

सब देवता अपने अपने स्थान को चले गये और कामदेव की स्त्री भी क्लेश से निवृत्त होगई ॥२२॥ वह मेष की संक्रांति में गङ्गा स्नान कर बड़े उत्तम मन से अशून्यशयन व्रत धारण करती हुई ॥२३॥ इस के पुण्य के प्रभाव से तत्काल कामदेव उसको दिखाई दे गया यह ऐसा पराक्रमी है कि इसके पराक्रम को कोई नहीं रोक सकता ॥२४॥ यह पूर्वकल्प में भी बड़ा

वै० मा०

जग्मुर्यथागताः । ततः कृच्छ्रान्निवृत्ता सा देवी कामवती तथा ॥२२॥ गङ्गावगाहनं चक्रे मेषसंस्थे दिवाकरे । अशून्यशयनं नाम व्रतं चापि महामनाः ॥ २३ ॥ तेन पुण्यप्रभावेन सद्यः कामोऽक्षि-गोचरः । अभूत्तस्यै महाराज लोके चावार्ग्वीर्यवान् ॥१४॥ पूर्वकल्पेप्ययमपि राजा धर्मपरायणः । वैशाखोक्तान्महाधर्मान्नाकरोत्तेन वै स्मरः ॥२५॥ देहहानिं प्रपेदेऽसौ पुत्रोऽपि परमात्मनः । वृथा नीते तु वैशाखे मेषसंस्थे दिवाकरे ॥२६॥ अवस्थेयं च देवानां मनुष्याणां तु कथा । त्र्यम्बके-ऽन्तर्हिते पश्चान्निराशा गिरिकन्यका ॥२७॥ तूष्णीं स्थितां तदा भ्रान्तां तां दृष्ट्वा हिमवान् गिरिः।

धर्मपरायण राजा था किन्तु इसने वैशाख मास में कर्त्तव्य धर्म नहीं किये थे इसी लिये ॥२५॥ कामदेव परमात्मा का पुत्र था तो भी अङ्गहीन हुआ यही वैशाख में मेष की संक्रान्ति को व्यर्थ खोने का फल है ॥२६॥ जो देवताओं को भी भोगना पड़ा है मनुष्यों का तो कहना ही क्या, जब महादेवजी अन्तर्धान होगये तब पार्वती जी निराश होगई ॥२७॥ पार्वती खड़ी रह

ह मनुष्यों का तो कहना ही क्या, जब महादेवजी अन्तर्धान होगये तब पार्वती जी निराश होगई ॥२७॥ पार्वती ...

... उदारतादि गुणों को देखकर मुग्ध होगई थी और उसने मन में निश्चय ठानली थी कि शंकरजी ही मेरे पति हों ॥२९॥ ऐसा दृढ़ व्रत धारण कर शंकर में मन लगा गङ्गातट पर जाकर तप करने लगी माता पिता तथा कुटुम्बियों ने बहुत समझाया पर एक न मानी ॥३०॥ अन्न खाना छोड़ दिया, बड़ी बड़ी जटायें बढ़ गईं योंही सहस्र

त्रकितः स्वगृहं निन्ये दोर्भ्यां तां परिरभ्य च ॥ २८ ॥ रूपौदार्यगुणान् दृष्ट्वा हरस्यैव महात्मनः । स एव मे पतिर्भूयादिति तन्निष्ठमानसा ॥२९॥ गङ्गोपकूलमापेदे तपस्तप्तुं धृतव्रता । निवारितापि सा देवी पित्रा मात्रा स्वकैर्जनैः ॥३०॥ अर्चयन्ती महालिङ्ग निराहारा जटाधरा । दिव्यवर्षसहस्रान्ते प्रत्यक्षोऽभून्महेश्वरः ॥३१॥ भूत्वा वर्ण्यपि सायान्ह पर्णशालामुखे विभुः । स्वनिष्ठमनसो दार्ढ्यं वाक्यैर्नानाविधैरपि ॥३२॥ ज्ञात्वा वरादरं भद्रे वरयेति महाप्रभुः । सा वव्रेऽथ पतिं रुद्र त्वं भवेति वरानना ॥३३॥ स तथैव वरं दत्त्वा ऋषीन् सस्मार सप्त च आजुग्मुस्तेऽपि मुनयः स्थिताः

वर्ष तक महालिंग का पूजन करती रही तब महादेवजी ॥३१॥ सांयकाल के समय ब्रह्मचारी वेश धारण कर उसके सामने पर्णकुटी पर आये और अनेक प्रकार से परीक्षा करने लगे कि इसकी प्रीति मुझमें दृढ़ है या नहीं ॥३२॥ परीक्षा लेकर बोले हे भद्रे ! तेरी जो इच्छा हो वही वर मांग ! तब पार्वतीजी बोली हे रुद्र ! मैं यह वर मांगती हूँ कि तुम मेरे पति हो ॥३३॥ 'ऐसा ही हो' वर देकर सप्तऋषियों को बुलाया वे आकर हाथ जोड़कर आगे खड़े हुए ॥३४॥ तब ऋषियों को आज्ञा दी

कि तुम पूछने के निमित्त हिमालय के पास जाओ। भगवान् की ऐसी आज्ञा पाकर कन्या के लिये हिमाचल के घर ॥३५॥ आकाश मार्ग से चले उनके चलने से दशों दिशा प्रकाशित होगईं, इन ब्रह्मवेत्ता सप्तऋषियों को आते देख हिमाचल उठकर आदर पूर्वक ले आये ।३६। सबकी विधिवत् पूजा की। जब सुखसे वे आसन पर बैठ गये, तब हिमाचलने पूछा, हे महाराज !

प्राञ्जलयः पुरा ॥३४॥ ऋषीणां ज्ञापयामास कन्यां प्रष्टुं हिमालयम् । तथादिष्टा भगवता कन्यार्थं हिमवद्गृहम् । प्रापुर्विहायसा सर्वे द्योतयन्तो दिशो दश ॥३५॥ प्रत्युज्जगाम स गिरिः सप्तैतान् ब्रह्मवित्तमान् ॥३६॥ संपूज्य विधिवत्सर्वान् सुखासीनानपृच्छत । धन्योऽस्मि कृतकृत्योऽस्मि यद्भवन्तो गृहागताः ॥३७॥ भवदागमनं मन्ये मम जन्मफलं त्विति । न कृत्यं विद्यतेऽस्माभिः पूर्णार्थानां महात्मनाम् ॥३८॥ तथापि ब्रूत कार्यं वो यत्कर्तव्यं मयाधुना । इत्युक्तास्ते तथा प्रोचुर्हिमवन्तं महागिरिम् ॥३९॥ त्वया ते सदृशं वाक्यमुक्तं गिरिपते दृढम् । अस्मदागमने हेतुं वक्ष्यामस्ते

मैं धन्य हूं, आज आप मेरे घर पधारे इससे मैं कृत्य-कृत्य हुआ। आपके आगे मनको मैं अपने पूर्व जन्म के पुण्यों का फल मानता हूँ, पूर्ण मनोरथ महात्माओं के कृत्य हम सरीखे नहीं जानते हैं ॥३७॥३८॥ आप अपने आनेका कारण कहिये मैं आपकी आज्ञा पालन करूंगा। यह सुनकर सप्तर्षि हिमाचल से बोले ॥३९॥ हे गिरिपते ! तुमने अपने योग्य ही दृढ़ वाक्य

आपकी आज्ञा पालन करूंगा । यह सुनकर सप्तर्षि हिमाचल से बोले ॥३९॥ हे गिरिपते ! तुमने अपने योग्य ही यह वाक्य

पुत्री थी इसी ने अपने पिता के यज्ञ में देह त्याग दिया था अब तेरे यहां जन्म धारण किया है ॥४१॥ इसका पाणि ग्रहण करने योग्य तीनों लोक में महादेवजी को छोड़कर और कोई नहीं है इसलिये हे कल्याण की इच्छा करने वाले ! तू अपनी कन्या का विवाह महादेव से करदे ॥४२॥ तैने सहस्रों जन्मों में अनेक सुकृत किये हैं अब सौभाग्य से वे परिपाक को प्राप्त हुए हैं

महोदये ॥४०॥ कन्या ते पार्वती नाम पूर्वं दक्षात्मजा सती । जाता तव कुमारी या यज्ञे त्यक्त-कलेवरा ॥४१॥ अस्याः पाणिग्रहे दक्षः शम्भुर्नान्यो जगत्त्रये । देया सा शम्भवे देवी भवतानन्त्यमिच्छता ॥४२॥ पूर्वजन्मसहस्रेषु भवता सुकृतं कृतम् । इदानीं तव दिष्ट्या तु परिपाकमुपागतम् ॥४३॥ तेषां तद्वचनं श्रुत्वा संहृष्टात्मा महागिरिः । व्याजहार पुनर्वाक्यं पुत्री वल्कलधारिणी ॥४४॥ गङ्गातीरे निराहारा तपस्तपति दुश्चरम् । कांक्षमाणा पतिं शम्भुं तस्या इष्टमिदं त्विति ॥४५॥ दत्ता कन्या मया तस्मै त्र्यंबकाय महात्मने । शीघ्रं गत्वा भवन्तस्तु यत्र शम्भुर्महाप्रभुः

॥४३॥ ऋषिओं के इन वचनों को सुन कर हिमाचल को अत्यन्त हर्ष हुआ और बोला कि मेरी पुत्री तो छाल के वस्त्र धारण कर ॥४४॥ गङ्गा तट पर अनशन व्रत धारण कर अत्यन्त कठिन तप कर रही है वह महादेवजी को पति बनाना ही चाहती है उसका मनवांछित यही कार्य है ॥४५॥ हे मुनिवरो ! मैं अपनी कन्या महादेव जी को दे चुका हूं आप अब शीघ्र वहां पधारो जहां महादेवजी हैं और उनसे जाकर कहो कि हे प्रभो ! हिमाचल ने प्रीति से अपनी कन्या आपके निमित्त दी है इसे

अङ्गीकार कीजिये। ऐसे उनसे कह कर आपही इस कन्याके विवाह का प्रबन्ध कीजिये ॥४६-४७॥ जब हिमाचलने यों कहा तब सप्तऋषि महादेवजी के पास गये और उनको सब समझा बुझा विवाह निश्चित कर चले गये तब तो लक्ष्मी आदि सब देवियां और विष्णु आदि सब देवता ।४८। छहो मातृका और सब मुनिगण उस महोत्सव को देखने बराती बनकर चले और

॥४६॥ प्रीत्या हिमवता दत्तां गृहाणेति निवेद्यच। भवन्त एव कुर्वन्तु चैतद्वैवाहिकीं क्रियाम् ॥४७॥
इत्युक्तास्ते हिमवता तमामन्त्र्य शिवं ययुः। लक्ष्म्याद्या योषितः सर्वा विष्ण्वाद्या देवता अपि
॥४८॥ षण्मातरोऽथ मुनयो द्रष्टुं जग्मुर्महोत्सवम्। शिवः सर्वामरगणैर्मुनिभिर्मातृभिस्तथा
॥४९॥ आन्वतो वृषभारूढः प्रमथानां गणैर्वृतः। भेरीशङ्खमृदङ्गाद्यैः काहलीपटहादिकैः ॥५०॥
दुद्रुवे च वैश्यो जीवनतत्परः ॥४४॥ त्वं तावनु द्रुतौ दृष्ट्वा मूर्छितं पथि भूसुरम्। पणं कुत्र विनिक्षिप्तं कियद्दूरं गतो वणिक् ॥४५॥ इति पृष्टं द्विजं श्रान्तमुज्जीवयितु मुद्यतः। फूत्कृत्य कर्णयोस्तस्य चकार स्मृतिकारिणम् ॥४६॥ पल्वलस्थोदकेनैव कृमिकर्दमसंयुजा। नेत्रे संमृज्य श्रान्तस्य पर्णैः संवीज्य तन्मुखे ॥४७॥ ससंज्ञं च नुनिं कृत्वा त्वमात्थ स्वस्थमानसः। मा शङ्का ते मुने कार्या मत्तः शस्त्रभृतो वने ॥४८॥ निष्किञ्चनः सुखी लोके कुतस्ते भयमुल्बणम्। भिक्षापात्रेण जीर्णेन न मे किंचिद्भविष्यति ॥४९॥ एतावद्वद मे विद्वन् वणिक्कुत्र पलायितः कुत्र गुल्मे धनं क्षिप्तं तेन शीघ्रं पलायता ॥५०॥ अन्यथा त्वां हनिष्यामि यदि मिथ्या वदिष्यसि ॥ कर्षण उवाच ॥ धर्म

जब तक मैं शस्त्र धारण किये हूँ तुम्हें किसी बात का डर नहीं ॥४८॥ निर्धन मनुष्य संसार में सदा सुखी रहते हैं फिर तुम क्यों डरते हो तुम्हारे टूटे पात्र और फटे वस्त्रों से मुझे क्या लाभ होगा ॥४९॥ हे मुने! तुम यह बताओ कि वह वैश्य कहां भाग गया और भागते समय अपने धन को किस जगह फेंक गया ॥५०॥ जो तुम ठीक न बताओगे तो मैं तुम्हें मार डालूंगा

कर्षण बोले—वह वैश्य धनको तो इन वृक्षों में फेंक गया है और स्वयं इधर भाग गया है ॥५१॥ अपने प्राणों की रक्षा के निमित्त ऋषिने डरके मारे कहा व्याध ने कहा हे विप्र ! तुम निडर हो सुखपूर्वक चले जाओ ॥५२॥ यहाँ से थोड़ी दूर पक्के तालाब में निर्मल जल है वहां जल पीकर परिश्रम दूर कर अपने गांव चले जाओ ॥५३॥ अभी राजा के कर्मचारी वणिक्

वै० गुल्मे विनिक्षिप्तं मार्गादस्मात्पलायितः ॥५१॥ इति प्राह भयात्सोऽपि पृष्टः प्राणपरीप्सया । गच्छ विप्र सुखं मार्गं मत्तो भीतिं विहाय च ॥५२॥ इतोऽविदुरे सलिलं तडागे वर्तते शुभम् । तत्पीत्वा सलीलं पुण्यं गच्छ ग्रामं गतश्रमः ॥५३॥ अधुनैवागमिष्यन्ति राजकीयः पथा जनाः । मत्पदा-न्वेषणे सक्ताः श्रुत्वा रावं वणिक्पतेः ॥५४॥ तृषार्तमनुगन्तुं मे न शक्यं त्वां ततो द्विज । वीज-यानेन पर्णेन धर्मः किंचिद्भविष्यति ॥५५॥ तस्मै दत्त्वा पलाशं च त्वमगा विपिनं पुनः । तेन पुण्य-प्रभावेन वैशाखे धर्मघर्घरे ॥५६॥ स्वकार्यार्तं कृतेनापि मुनेस्त्राणेन पद्धतौ । जन्मभीरा महापुण्ये

का रुदन सुनकर मेरे पांवों का खोज लगाते आवेंगे ॥५४॥ हे ब्राह्मण ! इस कारण मैं तुम्हारे साथ चलने में असमर्थ हूँ, इस पंखा से हवा करने पर कुछ गर्मी कम हो जायगी ॥५५॥ तू उस ब्राह्मण को पत्ते देकर गहन वनमें चला गया उसी पुण्य के प्रभाव से वैशाख की प्रचंड धूप में ॥५६॥ यद्यपि तूने अपनी कार्य सिद्धि के लिये मुनि की रक्षा की थी उसीके प्रभाव से तेरा जन्म महा पुण्यवान् विशाल राज वंश में हुआ ॥५७॥ अब यदि तेरी इच्छा सुख, राज्य, धन, लक्ष्मी, स्वर्ग, अपवर्ग

मा० टी० १४८ अ०

सायुज्यमुक्ति आदि प्राप्त करने कीहै ॥५८॥ तो तू वैशाखोक्त धर्मों को कर । सम्पूर्ण सुख प्राप्त हो जायंगे इस मास का नाम माधव मासहै और तृतीयाका नाम अक्षय तृतीयाहै इसके दिन तत्काल ब्याई गौ ब्राह्मण को दे इससे तेरे कोशादि की पूर्ति होगी शमीका दान कर इससे सुख प्राप्त होगा ॥५९॥६०॥ छत्री दान कर इससे साम्राज्य की प्राप्ति होगी,विधि पूर्वक स्नान

राजवंशेऽतिविस्तृते ॥५७॥ यदिच्छसि सुखं राज्यं धनधान्यादिसंपदः । स्वर्गापवर्गौ यदि वा सायुज्यं वा हरेः पदम् ॥५८॥ कुरु वैशाखधर्मांस्त्वं सर्वसौख्यमवाप्स्यसि । मासोऽयं माधवो नाम तृतीया चाक्षयाह्वया ॥५९॥ गां च सकृत्प्रसूताख्यांदेहि विप्राय सीदते । तेन ते कोशपूर्तिः स्याच्छमीं देहि सुखं भवेत् ॥६०॥ कुरु छत्रप्रदानं च साम्राज्यं ते भविष्यति । स्नानं कुरु यथान्यायं तथैवार्चय माधवम् ॥६१॥ देहि त्वं प्रतिमां दिव्यां कृत्वा तेन जयो भवेत् । आत्मतुल्यगुणान् पुत्रान् यदि कामयसे नृप ॥६२॥ सर्वभूतहितार्थाय प्रपादानं च तत्र कुरु । वैशाखोक्तानिमान् धर्मान् सम्यगाचर भूमिप ॥६३॥ तेन ते सकला लोका वशं यान्ति न संशयः । निष्कामकेन चित्तेन यदि धर्मान्

करके माधव भगवान की पूजाकर ॥६१॥ और दिव्य प्रतिमा का दान कर इससे तेरी विजय होगी और हे राजन् ! यदि तुझे अपने समान पुत्रों की इच्छाहै ॥६२॥ तो सम्पूर्ण प्राणियों के हित साधन के निमित्त प्याऊ लगा और हे राजन् ! वैशाखोक्त इन सम्पूर्ण धर्मों को कर ॥६३॥ इससे सब लोक तेरे वशमें होयंगे जो तू निष्काम होकर इन सम्पूर्ण धर्मोंको करेगा ॥६४॥

इस वैशाख के महीने में मधुसूदन भगवान की प्रसन्नता के लिये करेगा तो विष्णुभगवान साक्षात् दर्शन देंगे ॥६५॥ जो मनुष्य इन कल्याण कारी धर्मों को करता है उसे अक्षय लोक की प्राप्ति होती है यह सब बातें पुराणों में लिखी हैं ।६६। हमने जैसी कान से सुनी अथवा आंख से देखी हैं वह सब तुझको सुनाई ऐसे कुल पुरोहित दोनों ब्राह्मण याज और उपयाज राजा को

वैशाखे पुण्यमासेऽस्मिन् प्रीतये मधुघातिनः। प्रत्यक्षो भविता विष्णुस्तव करिष्यसि ॥६४॥ वैशाखे ... येन चाचरिताः पुंसा धर्मा ह्येते शुभावहाः। तेषां च ह्यक्षया लोकाः पुराणे निर्मलचेतसः ॥६५॥ ... एतत्सर्वं तव प्रोक्तं यथादृष्टं यथाश्रुतम्। इति राजानमामंत्र्य ब्राह्मणौ च कवयो विदुः ॥६६॥ ... पुरोधसौ ॥६७॥ याजोपयाजौ नाम जग्मतुस्तौ यथागतो। ततो राजा महावीर्यः पुरोधोभ्यां च बोधितः ॥६८॥ वैशाखधर्मान् सकलांश्चकार श्रद्धयान्वितः। मयोपदिष्टं च तथा मधुसूदनमार्चयत् ॥६९॥ ततो लब्धप्रभावः सन् बन्धुभिः सकलैर्वृतः। पाञ्चालनगरीं प्राप हतशेषबलान्वितः ॥७०॥ ततस्तु शत्रवो भूपा उपश्रुत्य च भूपतेः। प्रवेशं च पुरस्याथ पुनराजग्मुरुद्धाः ॥७१॥ तदा पाञ्चाल

समझा कर अपने २ घर चले गये । तब महा पराक्रमी राजा अपने पुरोहित की आज्ञा के अनुसार ॥६७-६८॥ श्रद्धा पूर्वक वैशाख के सब धर्मोंको करने लगा और उपदेश के अनुकूल ही मधुसूदन भगवान का पूजन करने लगा ।६९। जिसके प्रभाव से अपने सम्पूर्ण कुटुम्ब सहित बची हुई सेना को सङ्ग ले पांचाल नगरी में प्रवेश किया ॥७०॥ जब राजा के शत्रुओं ने सुना

ने अपने सम्पूर्ण कुटुम्ब सहित बची हुई सेना को सङ्ग ले पांचाल नगरी में प्रवेश किया ॥७०॥

कि राजा फिर आगया है तब मदोन्मत्त होकर पूरी चढ़ाई करने लगे ।७१। इस प्रकार पांचाल देश के राजा और इन शत्रुओं में सदैव संग्राम होता रहा परन्तु एक ही महारथी ने सबको जीत लिया॥७२॥ जो राजा अपने २ देश छोड़कर भाग गये उनके कोश हाथी घोड़े स्वयं वही राजा ले आया ॥७३॥ राजा दस अरब घोड़े,तीन कोटि हाथी,एक अरब रथ,दस सहस्र

भूपैन्नृपाणामभवद्रणम् । जिग्ये सर्वान्महाबहूनेका एव महारथः ॥७२॥ पालयितेषु भूतेषु नाना-देशागतेष्वपि । राज्ञां कोशं गजानश्वान् स्वयं जग्राह वीर्यवान् ॥७३॥ अश्वानां निर्बुदं चैव गजानां च त्रिकोटिकम् । रथानामर्बुदं चैव दीर्घग्रीवायुतं तथा ॥७४॥ रासभाणां त्रिलक्षाणि प्रापयामास तां पुरीम् । वैशाखधर्ममाहात्म्यात् क्षणात्सर्वे च भूभृतः ॥७५॥ करदा भग्नसंकल्पाः पादाक्रान्ता बभूविरे । सुभिक्षमतुलं चासीत् पाञ्चालविषयेषु च ॥७६॥ एकच्छत्रमभूद्राज्यं प्रसा-दान्मधुघातिनः । पुत्राः पञ्चापि तस्यासञ्छौर्यौदार्यगुणान्विताः ॥७७॥ धृष्टकीर्तिर्धृष्टद्युम्नस्तथा-

ऊंट ॥७४॥ तीनलाख गधे पुरी में लाया,वैशाखोक्त धर्म के प्रभाव से तत्क्षण ही सब राजा उसे ॥७५॥ कर देने लगे,उनके संकल्प जाते रहे चरणों में आपड़े और पांचाल देश में बड़ा सुभिक्ष हुआ ॥७६॥ मधुसूदन भगवान की कृपा से वह चक्रवर्ती राजा हुआ तथा उसके पांच पुत्र बड़े गुणवान् शूर वीर और उदार हुए ।७७। धृष्टकीर्ति,धृष्टकेतु,धृष्टद्युम्न,विजय,चित्रकेतु, मयूरध्वज के समान हुए ।७८। धर्म से प्रतिपालित संपूर्ण प्रजा राजा से अनुराग करने लगी और वैशाख के प्रताप से तत्क्षण

सब विश्वास करने लगे ।।७६।। फिर पांचाल देश का राजा निष्कामचित्त हो मधुसूदन भगवान की पूजा के लिये सभी धर्म करने लगा ।।८०।। जिनसे प्रसन्न हो मधुसूदन भगवान ने अक्षय तृतीया के दिन साक्षात् दर्शन दिया ।८१। अच्युत भगवान को देख राजा बड़ा विस्मित हुआ नारायण चतुर्भुजाधारी, शंख, चक्र, गदा, पद्म लिये ।।८२।। पीताम्बर धारण किये, वन-

परे । विजयश्चित्रकेतुश्च मयूरध्वजसन्निभाः ।।७८।। अनुरक्ताः प्रजाश्चासन् धर्मेण प्रतिपालिताः । वैशाखस्य प्रतापेन प्रत्ययस्तत्क्षणादभूत् ।।७६।। पुनश्चकार तान् धर्मान् पाञ्चालनगरीश्वरः । अकामकेन चित्तेन प्रीतये मधुघातिनः ।।८०।। धर्मेणानेन संतुष्टो भगवान् मधुसूदनः । अक्षयायां तृतीयायां प्रत्यक्षः समजायत ।।८१।। तं दृष्ट्वा विस्मितो भूत्वा परमात्मानमच्युतम् । नारायणं चतुर्बाहुं शंखचक्रगदाधरम् ।।८२।। पीताम्बरधरं देवं वनमालाविभूषितम् । सलक्ष्मीकं सानुगं च गरुडोपरि संस्थितम् ।।८३।। निरीक्ष्य दुःसहं तेजः सद्यो मीलितलोचनः । उत्पतन् संपतन् हर्षान्मत्तोन्मत्त इव भ्रमन् ।।८४।। पुलकाङ्कितसर्वाङ्गो गलद्बाष्पाकुलेक्षणः । तुष्टाव परया भक्त्या प्राञ्जलिः

माला पहिरे, लक्ष्मी तथा अनुचरी सहित गरुड पर चढ़े हैं ।।८३।। उनके असहनीय तेज को देख राजा ने नेत्र बन्द कर लिये फिर उनके दर्शन कर हर्ष के मारे उन्मत्त सा होगया ।८४। सब देह पर रोमांच खड़े होगये, नेत्रों से आंसू गिरने लगे अत्यन्त

भक्ति पूर्वक हाथ जोड़ शिर झुका स्तुति करने लगा।।८५।। इति श्रीस्कन्दपुराणे वैशाखमाहात्म्ये नारदांबरीषसंवादे पांचाल देशाधिपतेर्जयप्राप्तिर्दरिद्रनाशोनं नाम पंचदशोऽध्यायः ।। १५ ।।

श्रुतदेवजी कहने लगे-भगवान के दर्शन के आनन्द में मग्न हृदय वाले उस राजा ने तत्काल शीष झुका प्रणाम किया

प्रणतो भुवि ।।८५।। इति श्रीस्कन्दपुराणे वैशाखमाहात्म्ये नारदाम्बरीषसंबादे पाञ्चालदेशाधिपतेर्जयप्राप्तिर्दरिद्रनाशनं नाम पंचदशोऽध्यायः ।।१५।।

श्रुतदेव उवाच ।। तद्दर्शनाह्लादपरिप्लुताशयः सद्यः समुत्थाय ननाम मूर्ध्ना । चिरं निरीक्ष्याकुललोचनोऽमुं विश्वात्मदेवं जगतामधीशम् ।।१।। दधार पादाववनिज्य तज्जलं यत्पादजाऽऽब्रह्म जगत्पुनाति । समर्चयामास महाविभूतिभिर्महार्हवस्त्राभरणानुलेपनैः ।।२।। स्रग्धूपदीपायमृतभक्षणादिभिस्स्वगात्रवित्तात्मसमर्पणेन । तुष्टाव विष्णुं पुरुषं पुराणं नारायणं निर्गुणमद्वितीयम् ।।३।।

और बहुत देर तक आकुल नेत्रों से विश्वात्मदेव जगदीश का दर्शन करता रहा ।।१।। फिर चरण धोकर जल शिर पर धारण किया,जिन चरणों से उत्पन्न होकर गङ्गा सारे संसार को पवित्र करती है और बहु मूल्यवान् वस्त्र आभूषण चंदनादि से पूजन करने लगा ।।२।। धूप, दीप, फूल-माला,नैवेद्य और आत्मसमर्पणादि से पुराण पुरुष नारायण, अद्वितीय, विष्णु भगवान को प्रसन्न किया ।।३।। भगवान, निरंजन, जगत् के रचने वालों के स्वामी, परात्पर, प्रभु, ब्रह्मादि से पूजित, जिनकी माया से बड़े

२ उत्तम तत्त्ववेत्ता मनुष्य भी मुग्ध हो रहे हैं, विश्वस्रष्टाओं के अधिपति ॥४॥ मूढ बुद्धि वाले लोग जिनकी माया से मोहित होते हैं भगवान की अनेक प्रकार की गुणमयी चेष्टा है, आप स्वयं जगत् का पालन पोषण और संहार करते हैं संपूर्ण देवता और असुरों के सुख दुःख की प्राप्ति के लिये आप लीन नहीं होते, आप पूर्ण मनोरथ हैं तो भी समय आनेपर आत्मीय जनों

निरञ्जनं विश्वसृजामधीशं परात्परं पद्मभवादिवन्दितम् । यन्मायया तत्त्वविदुत्तमा जना विमोहिता विश्वसृजामधीश्वरम् ॥४॥ मुह्यन्ति मायाचरितेषु मूढा गुणेषु चित्रं भगवद्विचेष्टितम् । अनीह एतद्बहुधैक आत्मना सृजत्यवत्यत्ति न सज्जतेऽप्यथ ॥५॥ समस्तदेवासुरसौख्यदुःखमाप्त्यै भवान् पूर्णमनोरथोऽपि ॥ तत्रापि काले स्वजनाभिगुप्त्यै बिभर्षि सत्त्वं खलनिग्रहाय ॥६॥ तमोगुणं राक्षसबन्धनाय रजोगुणं निर्गुणविश्वमूर्ते । दिष्ट्या त्वदङ्घ्रिप्रणताघनाशनं तीर्थास्पदं हृदि धृतं सुविपक्वयोगैः ॥७॥ उत्सिक्तभक्त्युपहताशयजीवभावाः । प्रापुर्गतिं तव पदस्मृतिमात्रतो ये । भवा-

की रक्षा के निमित्त सतो गुण धारण करते हैं ॥५॥६॥ दुष्टों को वश में करने को तमोगुण और राक्षसों को बन्धन में करने के लिये रजो गुण धारण करते हैं । हे निर्गुण विश्वमूर्ते ! आपके चरणारविंद को धन्य है ये चरण शरणागतों के पाप दूर करने वाले हैं जब कर्मों के योग से तीर्थ रूप आपके चरण हृदय में धारण किए जाते हैं ॥७॥ बढ़ी हुई भक्ति से उपहत आशय वाले जीव मात्र के द्वारा वे तुम्हारे चरणों के स्मरण मात्र से ही गति प्राप्ति करते हैं और सांसारिक काल रूपी सर्प

आश्रय वाले जीव मात्र के द्वारा व तुम्हारे चरणों के स्मरण मात्र से ही गति प्राप्त करते हैं और सांसारिक काल रूपी सर्प

के बन्धन में बंधा हुआ मैं जन्म जरादि दुःखों से व्याप्त तुम्हारे चरणारविंद को भूल बिल्ली की तरह तृषा से व्याकुल अनेक योनियों में भ्रमण करता हूं न मैंने दान किया न तेरी कथा सुनी न साधु सेवा की ।८-९। जिस अपराध से शत्रुओं ने मुझे पराजित कर दिया मेरा वैभव नष्ट होगया तब वन में गया जहां मैंने अपने गुरुओं का स्मरण किया स्मरण करते ही वे मेरे

ख्यकालोरगपाशबन्धः पुनः पुनर्जन्मजरादिदुःखैः ॥८॥ भ्रमामि योनिष्वहमाखुभक्षवत्प्रवृद्धतर्षस्तव पादविस्मृतेः । नूनं न दत्तं न च ते कथा श्रुता न साधवो जातु मयापि सेविताः ॥९॥ तेनारिभिर्ध्वस्तपरार्ध्यलक्ष्मीर्वनं प्रविष्टः स्वगुरू ह्यहं स्मरन् । स्मृतौ च तौ मां समुपेत्य दुःखात्सम्बोधयांचक्रतुरार्तं बन्धू ॥१०॥ वैशाखधर्मैः श्रुतिचोदितैः शुभैः स्वर्गापवर्गादिषुमर्थहेतुभिः । तद्बोधतेऽहं कृतवान्समस्ताञ्छुभावहान् माधवमासधर्मान् ॥११॥ तस्मादभून्मे परमः प्रसादस्तेनाखिलाः संपद ऊर्जिता इमाः नाग्निर्न सूर्यो न च चन्द्रतारका न भूर्जलं खं श्वसनाऽथ वाङ्मनः ॥१२॥ उपा-

पास आ मेरी दीन दशा पर दयाकर दुःख से छुड़ाने का उपाय बताया ।१०। वेदोक्त शुभ स्वर्गापवर्ग पुरुषार्थ चतुष्टय के देने वाले वैशाख के धर्म कार्य जैसे मेरे गुरुओं ने बताये वैसे ही मैं करने लगा माधव मास के ये धर्म बड़े शुभ फल देने वाले हैं ॥११॥ उन्हीं के प्रभाव से मैं अत्यन्त प्रसन्न हूं,उन्हीं के प्रताप से मुझे संपूर्ण वैभव मिला है, अग्नि, सूर्य, चन्द्रमा, तारागण, पृथ्वी, जल, आकाश,वायु,वाणी,और मन ॥१२॥ इनकी उपासना नहीं की क्योंकि ये उपासना करने पर भी बहुत

दिन में दुःख दूर करते हैं परन्तु सन्त तो क्षणभर में ही पाप नष्ट करदेते है ये महात्मा कैसे हैं इन्होंने सम्पूर्ण इच्छा त्याग दी हैं और तेरे ही में चित्त लगा रक्खा है ॥१३॥ हे स्वतन्त्र ! हे विचित्र कर्मों के कर्त्ता ! हे परमात्मन् ! हे सन्तों पर अनुग्रह करने वाले ! तुमको नमस्कार है । मैं आपकी माया में मोहित हो अनर्थ दुष्ट स्त्री धन आदि के गुणों में भ्रमता रहा

सितास्तेऽपि हरन्त्यघं चिराद्धिपश्चितो घ्नन्ति मुहूर्त्तसेवया । यान्मन्यसे त्वं भवतोऽपि भूरिशःस्त्कृ षणांस्त्वत्पदन्यस्तचित्तान् ॥१३॥ नमः स्वतंत्राय विचित्रायकर्मणे नमः परस्मै सदनुग्रहाय । त्वन्मायया मोहितोऽहं गुणेषु दारार्थरूपेषु भ्रमाम्यनर्थहृक् ॥१४॥ यत्पादपद्मं सृतिमूलनाशनं समस्तपापहरं सुनिर्मलम् । सुखेच्छयानर्थनिदानभूतैः सुतात्मदारैर्ममता भियुक्तः ॥१५॥ न क्वापि निद्रां लभते न शर्म प्रवृद्धतर्षः पुनरेव तस्मिन् । लब्ध्वा दुरापं नरदेवजन्म त्वयरतनतः सर्वपुमर्थहेतु ॥१६॥ पादारविन्दं न भजामि देव संमूढचेता विषयेषु लालसः । करोमि कर्माणि सुनिष्ठितः सन्

हूँ ॥१४॥ आपके चरण कमल सन्सार रूपी दुःखों का जड़ से नाश करने वाले, संपूर्ण पापों के दूर करने वाले और निर्मल हैं इनको छोड़ सुख की इच्छासे अनर्थ के मूल कारण जो स्त्री पुत्रादि हैं उनकी ममता में पड़ मुझे न नींद आती है न चैन मिलता है क्योंकि इन्हीं में तृष्णा बढ़ रही है दुर्लभ राजा की देह पाकर, जो अर्थ धर्म काम मोक्ष का एक मात्र हेतु है,

प्रकार के कर्म करता हूँ इन विषयों में मेरी तृषा बढ़ रही है और रातदिन सैकड़ों प्रकार की ऐसी चिन्ताओं में मन लगा रहता
है कि आज मैं ऐसा होजाऊं हे दुरन्तशक्ते! हे विश्व मूर्ते! जब आपकी कृपा जीव पर होतीहै ॥१७-१८॥ तब महात्माओं
का सत्सङ्ग मिलताहै जिससे यह संसार रूपी समुद्र गौ के चरण के समान छोटा हो जाताहै हे देव! जब सन्तों का समागम

प्रवृद्धतर्षस्तदपेक्षया ददन् ॥१७॥ पुनश्च भूयामहमद्य भूयामित्येव चिन्ताशतलोलमानसः। तदेव
जीवस्य भवेत्कृपा विभो दुरन्तशक्तेस्तव विश्वमूर्तेः ॥१८॥ समागमः स्यान्महतां हि पुंसां भवां-
बुधिर्येन हि गोष्पदायते। सत्संगमो देव यदेव भूयात्तर्हीश देवे त्वयि जायते मतिः ॥१९॥ समस्त-
राज्यापगमं हि मन्ये ह्यनुग्रहं ते मयि जातमञ्जसा। यत्प्रार्थ्यते ब्रह्मसुरासुराद्यैर्निवृत्ततर्षैरपि
हंसयूथैः ॥२०॥ इतः स्मराम्यच्युतमेव सादरं भवापहं पादसरोरुहं विभो। अकिंचनप्रार्थ्यममन्द-
भाग्यदं न कामयेऽन्यत्तव पादपद्मात् ॥२१॥ अतो न राज्यं न सुतादि कोशं देहेन शश्वत् पतता

होताहै तब ही बुद्धि आप में प्रवृत होती है ॥१९॥ आपने मेरे ऊपर जो अनुग्रह किया है इसके आगे मैं अपने समस्त राज्य
को निष्फल ही मानता हूँ और समस्त सुरासुर तथा निवृत्त बुद्धि संन्यासिगण यही प्रार्थना करते हैं ॥२०॥ मैं अच्युत भगवान
का सादर स्मरण करता हूँ जिनके चरण कमल सांसारिक तापों को दूर करते हैं दरिद्रियों को प्रार्थना के द्वारा अमन्द सौभाग्य
के दाता हैं अतः मैं इन चरण कमलों को छोड़ किसी बात की कामना नहीं करता हूँ न मुझे राज्य की इच्छा है न पुत्र

पौत्रादि या धन की इच्छा है इस निरन्तर पतन होने वाली मिट्टी से उत्पन्न शरीर द्वारा उपासना के योग्य केवल आपके चरण कमलों का ध्यान करता हूँ क्योंकि मुनि लोग भी आपके इन चरणों का ही निरन्तर ध्यान करते हैं ।।२१-२२।। हे जगन्निवास ! हे देवेश ! आप प्रसन्न हो जाइये जिससे आपके चरण कमलों में मेरी स्मृति हो, हे प्रभो ! स्त्री पुत्र कोषादि

रजोभुवा । भजामि नित्यं तदुपासितव्यं पादारविन्दं मुनिभिर्विचिन्त्यम् ॥२२॥ प्रसीद देवेश जगन्निवास स्मृतिर्यथा स्यात्तव पादपद्मे । सक्तिः सदा गच्छतु दारकोशपुत्रात्मचिन्हेषु गुणेषु मे प्रभो ॥२३॥ भूयान्मनः कृष्णपदारविन्दयोर्वचांसि ते दिव्यकथानुवर्णने । नेत्रे मम स्तां तव विग्रहेक्षणे श्रोत्रे कथायां रसना त्वदर्पिता ॥२४॥ घ्राणं च त्वत्पादसरोजसौरभे त्वद्भक्तगन्धादिविलेपनेऽमकृत् । स्यतां च हस्तौ तव मन्दिरे विभो संमार्जनादौ मम नित्यदैव ॥२५॥ पादौ विभो क्षेत्रपथानुसर्पणे मूर्धा च मे स्यात्तव वन्दनेऽनिशम् । कामश्च मे स्तात्तव सत्कथायां बुद्धिश्च मे स्यात्तव चिन्तने-

में मेरी आसक्ति न हो ।।२३।। मेरा मन आपके चरणारविन्द में लगे, मेरी वाणी आपकी दिव्य कथा कहने में लगी रहे, मेरे नेत्र आपकी मूर्ति के दर्शन में लगें, कान कथा श्रवण में और जिह्वा आपके गुणानुवाद में अर्पित हो ।।२४।। नासिका आपके चरण कमल का मकरन्द सूंघने में प्रवृत्त हो और हाथ आपके भक्तों के सुगन्ध युक्त चन्दनादि लेपन में लगे रहें आपके मंदिर की सफाई करने में नित्य हाथ लगे रहें ।।२५।। मेरे पांव आपकी कथा जहां होती हो वहां मुझे ले जांय, मेरी मूर्धा [illegible]

की सफाई करने में नित्य हाथ लगे रहें ॥२५॥ मेरे पांव आपकी कथा जहां होती हो वहां मुझे ले जांय, मेरी सर्वाङ्ग मेरा आपकी बन्दना में लगी रहे, आपकी कथा में मेरी कामना और आपके विचार में मेरी बुद्धि दिन रात रहे ॥२६॥ घर आये हुये मुनियों के सङ्ग आपकी श्रेष्ठ कथाओं के गान में ही मेरे दिन बीतें। हे प्रभो! एक पल या आधा निमेष भी आपके प्रसङ्ग विना व्यतीत न हो ॥२७॥ हे विष्णो! मैं पारमेष्ठय अथवा संपूर्ण पृथ्वी का राज्य या धर्म अर्थादि अपवर्ग की इच्छा नहीं

ऽनिशम् ॥२६॥ दिनानि मे स्युस्तव सत्कथोदयैरुद्गीयमानैर्मुनिभिर्गृहागतैः। हीनप्रसंगैस्तव मे न भूयात् क्षणं निमेषार्द्धमथापि विष्णो ॥२७॥ न पारमेष्ठ्यं न च सार्वभौमं न चापवर्गं स्पृहयामि विष्णो त्वत्पादसेवां च सदैव कामये प्रार्थ्यां श्रिया ब्रह्मभवादिभिः सुरैः ॥२८॥ इति राज्ञा स्तुतो विष्णुः प्रसन्नः कमलेक्षणः। मेघगम्भीरया वाचा तमुवाच क्षितीश्वरम् ॥२९॥ श्रीभगवानुवाच ॥ जाने त्वां दासवर्यंमे निष्कामुकमकल्मषम्। अथापि ते प्रदास्यामि वरं दैवतदुर्लभम् ॥३०॥ आयुष्यं चायुत दिव्यं संपदश्चनरेश्वर भक्तिर्मयि दृढा भूयादन्ते सायुज्यमेव च ॥३१॥ त्वया कृतेन स्तोत्रेण

करता हूँ मैं तो आपके चरण कमल की सेवा का इच्छुक हूँ इस चरण सेवा की इच्छा लक्ष्मी, ब्रह्मा, महादेवादि सब देवता करते हैं ॥२८॥ राजा की ऐसी स्तुति सुन कमल नयन भगवान अति प्रसन्न हो मेघ जैसी गम्भीर वाणी से बोले ॥२९॥ भगवान बोले-तुम पाप रहित, निष्काम, मेरे भक्तों में श्रेष्ठ हो तथापि देवताओं को दुर्लभ वर तुमको मैं देता हूं ॥३०॥ दस सहस्र वर्ष की तुम्हारी अवस्था, दिव्य धन संपत्ति, मेरी ओर दृढ़ भक्ति और अंत में मेरी सायुज्यता मुक्ति मिलेगी ॥३१॥

जो प्राणी तुम्हारी की हुई स्तुति को करेंगे मैं उन पर प्रसन्न होकर उन्हें निस्सन्देह भक्ति और मुक्ति दूंगा ॥३२॥ आज का दिन संसार में अक्षय तृतीया के नाम से प्रसिद्ध होगा जिसमें भुक्ति मुक्ति का देने वाला मैं प्रसन्न हुआ हूँ ॥३३॥ जो मूढ मनुष्य भी जान कर अथवा विना जाने स्नान दानादि करेंगे वे मेरे अक्षय पदको प्राप्त होंगे ॥३४॥ अक्षय तृतीया के दिन

मां स्तुवन्ति च ये भुवि । तेषां तुष्टः प्रदास्यामि भुक्तिं मुक्तिं न संशय ॥३२॥ तृतीयैषाक्षया नाम भुवि ख्याता भविष्यति । यस्यां तत्र प्रसन्नोऽहं भुक्तिमुक्तिफलप्रदः ॥३३॥ ये कुर्वन्तिनरा मूढाः स्नानदानादिकाः क्रियाः । व्याजेनापि स्वभावाद्वा यान्ति मत्पदमव्ययम् ॥३४॥ ये चाक्षयतृतीयायां पितृनुद्दिश्य मानवाः । श्राद्धं कुर्वन्ति तेषां वै तदानन्त्याय कल्पते ॥३५॥ न चानया तिथिर्लोके समा वा नाधिका भुवि । अस्यां कृतं स्वल्पमपि तदक्षय्यफलं भवेत् ॥३६॥ यो गां दद्यान्नृपश्रेष्ठ ब्राह्मणाय कुटुम्बिने । सर्वसंपत्प्रवर्षाख्या भुक्तिमुक्तिः करे स्थिता ॥३७॥ योऽहि यो दद्यादनड्वाहं

जो मनुष्य पित्रीश्वरों के निमित्त श्राद्ध करतेहैं वह अक्षय होताहै ॥३५॥ इस संसार में इस तिथि के समान व अधिक कोई तिथि नहीं हुई अक्षय तृतीया के दिन किया हुआ थोड़ा सा कर्म भी अक्षय फल देता है ॥३६॥ हे राजन् ! जो कुटुम्बी ब्राह्मण को गौ का दान देता है उसे सम्पूर्ण संपत्ति मिलती है और भक्ति तथा मुक्ति दोनों मिल जाती हैं ॥३७॥ जो बैल दान करताहै उसके संपूर्ण पाप दूर होतेहैं काल (मृत्यु) जरा, जन्म, भय, पाप सबको नष्ट कर देता हैं ॥३८॥ मैं जितना

वैशाखोक्त धर्मों से प्रसन्न होता हूँ ।३६। उतना किसी अन्य धर्म से प्रसन्न नहीं होता मुझे सब मासों में वैशाख मास बहुत प्रिय है ।४०। जिसने सब धर्म त्याग दिये हैं जो ब्रह्मचर्य से रहित हैं वे भी वैशाखोक्त धर्मों में निरन्तर रहने से अव्यय पद प्राप्ति करते हैं ॥४१॥ जो तप सांख्य योग और यज्ञादि से भी मिलना दुर्लभ है उस धाम को वैशाखोक्त धर्मों का आचरण करने

सर्वपापविनाशनम् । कालमृत्युविमुक्तः सन् दीर्घायुष्यमवाप्नुयात् ॥३८॥ वैशाखमासे यो धर्मान् कुरुते मत्प्रियावहान् । तेषां मृत्युजराजन्मभय पापं हराम्यहम् ॥३६॥ यथा वैशाखधर्मैस्तु तुष्टः स्यां सकलैरपि । मासधर्मैर्न तुष्टः स्यां मासो मे माधवः प्रियः ॥४०॥ सर्वधर्मोज्झिता वापि ब्रह्म-चर्यविवर्जिताः । वैशाखमासनिरता यान्ति मत्पदमव्ययम् ॥४१॥ यद् दुरापं तपोभिश्च सांख्ययोगैर्म-खैरपि । तद्धाम परमं यान्ति वैशाखनिरता नराः ॥४२॥ अपि पापसहस्रं वा मासोऽयं हरतेऽनघ प्रायश्चित्तावहीनं वा मत्पादस्मरणं यथा ॥४३॥ गुरूपदिष्टः कान्तारे वैशाखे निरतो भवान् । समाराध्य जगन्नाथं तेनाप्तमखिलं नृप ॥४४॥ धर्मेणानेन संप्रीतः प्रत्यक्षोऽहं भवामि ते । भुक्त्वा

से मनुष्य प्राप्त कर लेते हैं ॥४२॥ यही वैशाख मास सहस्रों पापों को दूर कर देता है प्राणी यदि मेरे चरणों का स्मरण करे तो प्रायश्चित की भी कुछ आवश्यकता नहीं ॥४३॥ तुम गुरु के उपदेश से वन में आ वैशाख के धर्मों में तत्पर हुए और जगत् के नाथ भगवान की आराधना से तुम्हें सब वस्तु प्राप्त हो गई ॥४४॥ इस धर्म से प्रसन्न हो कर मैंने तुम्हें साक्षात्

दर्शन दिया है अब तू देवताओं को दुर्लभ इच्छित भोगो को भोग ॥ ४५ ॥ देव देव जनार्दन राजा को ऐसा वर दे सबके देखते २ वहीं अंतर्ध्यान होगये ॥४६॥ तब वह राजा अत्यन्त विस्मित हुआ और ऐसा प्रसन्न हुआ जैसे कोई खोये हुए धन को पुनः प्राप्त करने से होता है ॥४७॥ तदनन्तर भक्ति सहित पृथ्वी का शासन करते हुए बड़े बड़े महात्मा और गुरु से

भोगान् यथा कामान् दे वैरपि सुदुर्लभान् ॥४५॥ इति तस्मै वरं दत्त्वा देवदेवो जनार्दनः । पश्यतामेव सर्वेषां तत्रैवान्तरधीयत ॥४६॥ ततो भूपालवर्योऽसौ बभूवात्यन्तविस्मितः । हृष्टपुष्टतनुर्भूपो लब्धनष्टधनो यथा ॥४७॥ ततः शशास पृथिवीं तच्चित्तस्तत्परायणः । महद्भिर्बोधितो नित्यं गुरुभिश्चानिरन्तरम् ॥४८॥ नान्यं प्रियतत मेने वासुदेवमृते नृप । यत्संपर्कात्प्रिया आसन् दारामात्यसुतादयः ॥४९॥ सर्वान् धर्मांश्चकारासौ वैशाखोक्तान्पुनःपुनः । तेन पुण्यप्रभावेण पुत्रपौत्रादिभिर्वृत ॥५०॥ भुक्त्वा मनोरथान् सर्वान् देवानामपि दुर्लभान् । अन्ते जगाम सायुज्यं विष्णोर्देवस्य चक्रिणः ॥५१॥ य इदं परमाख्यानं शृण्वन्ति श्रावयन्ति च । ते सर्वपापनिर्मुक्ता यान्ति विष्णोः

नित्य प्रति ज्ञान प्राप्त करने लगा ॥४८॥ और वासुदेव भगवान के अतिरिक्त किसी को नहीं समझता था जिसके संपर्क से रानी, मन्त्री और पुत्रादि सब प्रिय हो गए ॥४९॥ वैशाखोक्त सब धर्मों को बारम्बार करने लगा जिनके प्रभाव से पुत्र पौत्रादि की वृद्धि हुई ॥५०॥ और देवताओं को भी दुर्लभ सम्पूर्ण मनोरथों को भोग अन्त में चक्रपाणि विष्णु भगवान की

... को सुनते सुनाते हैं वे सब पापों से छूटकर विष्णुभग-

सायुज्यता मुक्ति को प्राप्त हुआ ॥५१॥ जो इस परम सुन्दर आख्यान को सुनते सुनते हैं वे सब पापों से छूटकर विष्णुभगवान के परम पद को पाते हैं ॥५२॥ इति श्रीस्कन्दपुराणे वैशाखमाहात्म्ये नारदांबरीषसंवादे पांचालाधिपतेः सायुज्यप्राप्तिर्नाम षोडशोऽध्यायः ॥ १६ ॥

परं पदम् ॥५२॥ इति श्रीस्कन्दपुराणे वैशाखमाहात्म्ये नारदाम्बरीषसंवादे पाञ्चालाधिपतेः सायुज्यप्राप्तिर्नाम षोडशोऽध्यायः ॥१६॥

श्रुतकीर्तिरुवाच ॥ वैशाखधर्मानखिलानिहामुत्र फलप्रदान् । भूयोऽपि शृण्वतश्चासीत् तृप्तिर्नाापि मानद ॥१॥ यत्र चाकैतवो धर्मो यत्र विष्णु कथाः शुभाः । तच्छास्त्र शृण्वतो नैव तृप्तिः कर्णरसायनम् ॥२॥ पूर्वजन्मकृत पुण्यं दिष्ट्या पाकमुपागतम् । आतिथ्यव्यपदेशेन यद्भवान् गृहमागतः ॥३॥ वचोऽमृतं मुखाम्भोजनिःसृत परमाद्भुतम् । पीत्वा तृप्तः पारमेष्ठ्यं मोक्षं वा च न

श्रुतिकीर्ति बोले-हे मुनिवर ! मैंने वैशाख के सब धर्म सुने जो लोक परलोक दोनों स्थानों में फलदायक है परन्तु सुनते सुनते अभी मेरी तृप्ति नहीं होती है ॥१॥ क्योंकि जहां निष्कपट धर्म है जहाँ निर्मल विष्णु की कथा होती है उससे कानों को सुख दायक कथा को सुनने से तृप्ति नहीं होती है ॥२॥ मेरे पूर्व जन्म के किये हुए पुण्य उदय हो गये हैं जो आप आतिथ्य के उपदेश से मेरे घर पधारे हैं ॥३॥ आपके मुख से निकले परम अद्भुत अमृत रूपी बचनों को पान कर ऐसा तृप्त हुआ हूँ

कि अब मैं न पारमेष्ठ्य चाहता हूँ न मोक्ष ॥४॥ अतएव भुक्ति मुक्ति के दाता विष्णुभगवान को प्रसन्न करने वाले दिव्य धर्म का विस्तार पूर्वक वर्णन करिये ॥५॥ राजा के इन वचनों को सुन महायशस्वी श्रुतदेवजी अति प्रसन्न हो फिर शुभ धर्मों का वर्णन करने लगे ॥६॥ श्रुतदेव बोले हे राजन्! मैं पाप को नष्ट करने वाली एक कथा फिर कहता हूँ तू चित्त लगाकर सुन।

कामये ॥४॥ तस्मात्तानेव धर्मान्मे भुक्ति मुक्तिप्रदायकान् विष्णुप्रीतिकरान् दिव्यान् भूयो विस्तरतो वद ॥५॥ इत्युक्तस्तु पुरा राज्ञा श्रुतदेवो महायशाः । संहृष्टात्मा शुभान् धर्मान् पुनर्व्याहर्तुमारभे ॥६॥ श्रुतदेव उवाच ॥ शृणु राजन् प्रवक्ष्यामि कथां पापप्रणाशिनीम् । वैशाखधर्मविषयां भावितां मुनिभिर्मुहुः ॥७॥ पम्पातीरे द्विजः कश्चिच्छङ्खो नाम महायशाः । गुरौ सिंहंगते चागान्नदीं गोदावरीं शुभाम् ॥८॥ तीर्त्वा भीमरथीं पुण्यां कान्तारे कण्टकाचले । निर्जले निर्जने घोरे वैशाखे तापकर्शितः ॥९॥ वृक्षे चोपविवेशासौ मध्याह्नसमये द्विजः । तदा कश्चिद्दुराचारो व्याधश्चापधरः

यह वैशाख के धर्म सम्बन्धी मुनियों द्वारा प्रसिद्ध है ॥७॥ पंपातीर पर एक शंखनाम का महायशस्वी ब्राह्मण सिंह के बृहस्पति में गोदावरी नदी के किनारे आया ।८। और भीमरथी के पास कंटक युक्त और पहाड़ी वन में गया जिसमें न जल था न कोई मनुष्य । ऐसे वैशाख के ताप से कठिन ।९। मध्याह्न के समय वह ब्राह्मण वृक्ष की छाया में बैठ गया उसी समय एक दुराचारी ... लेकर आया ॥१०॥ वह सब प्राणियों से घृणा करता था और साक्षात् दूसरे यमराज के समान था ...

व्याध धनुष लेकर आया ॥१०॥ वह सब प्राणियों से घृणा करता था और साक्षात् दूसरे यमराज के समान था इसने सूर्य के

समान चमकते हुए कुण्डल पहने हुये ब्राह्मण को ॥११॥ देखकर बांध लिया और उसके कुण्डल, जूता, छत्र, रुद्राक्ष की माला, कमण्डलु सब छीन लिये ॥१२॥ और फिर छोड़कर बोला कि जा चला जा ॥१३॥ इस प्रकार उस दुष्ट से छूटकर ब्राह्मण मार्ग में चलने लगा जहां सूर्य की किरणों से जलती हुई रेती बिछी थी जिस पर पांव जल जाते हैं, पीने को जल

शठः ॥१०॥ निर्घृणः सर्वभूतेषु कालान्तक इवापरः । तं कुण्डलधरं विप्रं दीप्तिं भास्करोपमम् ॥११॥ दृष्ट्वा बद्ध्वा स जग्राह कुण्डलादिकमुग्रधीः । उपानहौ च छत्रं च अक्षमालां कमण्डलुम् ॥१२॥ पश्चाद्विसृज्य तं विप्रं गच्छेत्याह विमूढधीः ॥१३॥ ततः स गच्छन् पथि शर्कराविले सूर्यांशुतप्ते जलवर्जिते खरे । सतप्तपादस्तृणछादिते स्थले क्वचिच्चचारोपविशन्नूर्ध्वरेताः ॥१४॥ स वै द्रुतं संपतन् क्वापि तिष्ठन् हाहेतिवादी च जगाम तूर्णम् । दृष्ट्वा मुनिं खिद्यमानं पृथिव्यां मध्यंगते पूषिणि दया बभूव ॥१५॥ व्याधस्य धर्मविमुखस्य च पापबुद्धेस्तस्मै ददामि सुखदां खलु पादरक्षाम् ॥१६॥ चौर्येणैव स्वधर्मेण यद्गृहीतं वनान्तरे । तदीयमेव तत्सर्वं व्याधानां धर्मनिर्णयः ॥१७॥

नहीं मिलता ऐसे कण्टकयुक्त वन में तिनकों की छांह किये वह ब्रह्मचारी कहीं बैठे कहीं ठहर जाय और व्याकुल होके हाय-हाय करता था। शब्द को सुनकर वह व्याध शीघ्र ही उसके पास गया और मुनिको दुपहरी के दुख से व्याकुल देख उसके हृदय में दया उत्पन्न हुई ॥१४-१५॥ यह व्याध धर्म विमुख और पापबुद्धि में रत था परन्तु दया करके मन ही मन

कहने लगा कि मैंने जो अपने चोर धर्म से दूसरे बन में इससे ले लिया है वह सब हमारी जाति का परम धर्म है ॥१६-१७॥ परन्तु इसके दुःख को दूर करने के निमित्त मैं इसे अपनी पुरानी जूती दे दूं जिन से उत्तम ब्राह्मण के पावों की रक्षा हो जायगी मेरे पांवों में तो नई जूती हैं अब पुरानी से कुछ भी प्रयोजन नहीं है इसलिये ये अवश्य ही दे देनी चाहिये

तस्मादुपानहौ दास्ये मुहुर्दुःखापानुत्तये । धर्मेणोत्तमविप्रस्य पादरक्षा भविष्यति ॥१८॥ जीर्णे चापानहौ दिव्ये वर्तेते पादयोर्मम । नाऽऽभ्यामस्ति च मे कृत्यं तस्माद्वै ददाम्यहम् ॥१९॥ इति निश्चित्य मनसि तूर्णं गत्वा ददौ च ते । शर्करातप्तपादाय द्विजवर्याय सीदते ॥२०॥ उपानहौ गृहीत्वा ते निर्वृतिं च परां ययौ । सुखी भवेति तं व्याधमाशीर्भिर्नन्द्य च ॥२१॥ नूनं सुपक्व-पुण्योऽयं वैशाखे दत्तवानमू । व्याधस्यापि च दुर्बुद्धेः प्रायो विष्णुः प्रसीदति ॥२२॥ सर्वस्यास्तथा च भूयोऽपि यत्सुखं तदभून्मम । ततोभिश्रुत्य तद्वाक्यं किमेतदिति विस्मितः ॥ २३ ॥ व्याजहार

॥१८-१९॥ मन में ऐसा विचार कर शीघ्र जा वे उपानह ब्राह्मण को जिसके पांव गरम बालू से जल रहे हैं दे दिया ॥२०॥ उन जूतों को ले ब्राह्मण अत्यन्त सुखी हो आशीर्वाद देने लगा कि सुखी हो ॥ २१ ॥ तैंने बैशाख में जो यह दान किया है इससे तेरे पुण्य उदय हो आये हैं इस दान के प्रभाव से विष्णु भगवान दुर्बुद्धि व्याध पर भी प्रसन्न हो जाते हैं ॥२२॥ जो सुख सब प्रकार की वस्तुओं के मिलने से होता है वही मुझे भी हुआ है । ऐसे वाक्य सुनकर व्याध अत्यन्त विस्मित

हो ॥२३॥ ब्रह्मिष्ठ ब्रह्मवादी ब्राह्मण से बोला हे महाराज ! मैंने आपकी ही वस्तु आपको दी हैं इसमें भला मेरा क्या पुण्य है ॥२४॥ और तुमने जो वैशाख की प्रशंसा की कि हरि भगवान प्रसन्न होंगे । हे ब्रह्मन् ! वह वैशाख कौन है ? और हरि कौन है ? ॥२५॥ यह सब मुझे बताइये धर्म क्या है और उसका फल क्या है हे दयानिधे ! मेरी इसे सुनने की इच्छा

पुनर्विप्रं ब्रह्मिष्ठं ब्रह्मवादिनम् । त्वदीयं तु मया दत्तं कथं पुण्यं भवेन्मम ॥२४॥ प्रशंससि च वैशाखं हरिस्तुष्टो भवेदिति । एतदाचक्ष्व मे ब्रह्मन् को वैशाखस्तु को हरिः ॥२५॥ को धर्मः किं फलं तस्य शुश्रूषोर्मे दयानिधे । इति व्याधवचः श्रुत्वा शंखस्तुष्टमना अभूत् ॥२६॥ प्रशंसन्स च वैशाखं पुनर्विस्मितमानसः । इदानीं दत्तवान् पादत्राणे मे लुब्धकः शठः ॥२७॥ यद् बुद्धेश्च वैषम्यं जातं चित्रमहो बत । सर्वेषामेव धर्माणां फलं जन्मान्तरेषु वै ॥२८॥ वैशाखमासधर्माणां फलं सद्यः क्षणं नृणाम् । पापाचारस्य दुर्बुद्धेर्व्याधस्यापि दुरात्मनः ॥२९॥ दैवादुपानहोर्दानात्सत्त्वशुद्धिरभूदहो ।

है व्याध के ऐसे वचन सुन शंख प्रसन्न हुए ॥२६॥ और मन में विस्मय कर वैशाख की प्रशंसा की इस लोभी मूर्ख ने मुझे अभी पादत्राण दे दिये ॥२७॥ इसकी दुर्बुद्धि में बड़ी विचित्र विषमता हुई सब धर्मों का फल जन्मान्तर में मिलता है ॥२८॥ परन्तु वैशाख के धर्मोंका फल तत्काल मिलता है क्योंकि पापाचारी दुर्बुद्धि दुरात्मा व्याध की भी दैवयोग से पादत्राण दान करने से सत्वबुद्धि हो गई जो काम विष्णु भगवान को प्रिय है और जिसमें निर्मल सन्तोष की प्राप्ति होती है

वही धर्म है मनु आदि से लेकर सब धर्मवेत्ता उसी को धर्म कहते हैं वैशाखमास विष्णु भगवान को अति प्रिय हैं ॥२९-३१॥ केशव भगवान जितने माधवमास के धर्मों से प्रसन्न होते हैं उतने संपूर्ण दान, तप और बड़े-बड़े यज्ञों से भी प्रसन्न नहीं होते ॥३२॥ धर्मों में इसके बराबर कोई धर्म नहीं गया मत जाओ, गङ्गा मत जाओ, प्रयाग और पुष्कर मत

वै० मा० टी०

यच्च विष्णोः प्रियं कर्म तत्तत्सन्तोषनिर्मलम् ॥३०॥ तदेव धर्ममित्याहुर्मन्वाद्या धर्मवित्तमाः । धर्मा माधवमासीयाः प्रिया विष्णोरतीव ते ॥३१॥ धर्मैर्माधवमासीयैर्यथा तुष्यति केशवः । न तथा सर्वदानैश्च तपोभिश्च महामुखैः ॥३२॥ नानेन सदृशो धर्म सर्वधर्मेषु विद्यते । मा गयां यातु मा गङ्गां मा प्रयागं तु पुष्करम् ॥३३॥ मा केदारं कुरुक्षेत्रं मा प्रभासं स्यमन्तकम् । मा गोदां मां च कृष्णां च मा सेतुं मा मरुद्वृधाम् ॥३४॥ वैशाखधर्ममाहात्म्यं शर्मनी कथापगा । तत्र स्नातस्य वै विष्णुः सद्यो हृद्यवरुद्धयते ॥३५॥ मासे माधवसंज्ञेऽस्मिन् यत्स्वल्पेनैव साध्यते । एतद्वहव्ययैर्दानैर्न

जाओ ॥३३॥ केदारनाथ कुरुक्षेत्र और प्रभासादि तीर्थों पर मत जाओ, गोदावरी, कृष्णा, सेतु-बन्ध रामेश्वर कावेरी आदि तीर्थों में जाने की भी कुछ आवश्यकता नहीं है ॥३४॥ वैशाख के धर्मों को निरूपण करने वाली कथा रूपी नदी में जो कोई स्नान करता है विष्णु भगवान उसके हृदय में विराजते हैं ॥३५॥ इस माधवमास में जो कृत्य थोड़े से धन से सिद्ध होते हैं वे बहुत खर्च करने अथवा दान या धर्म से अथवा यज्ञों से सिद्ध नहीं होते हैं ॥३६॥ हे व्याध ! यह वैशाख मास

होते हैं वे बहुत खर्च करने अथवा दान या धर्म से अथवा यज्ञों से सिद्ध नहीं होते हैं ॥३६॥ हे व्याध ! यह वैशाख मास पुण्यों का बढ़ाने वाला है इस मास में ताप के नाश करने वाली पादुका तूने मुझको दी है ॥३७॥ इससे तेरे पूर्व जन्म के किये हुए सुकृत उदय हो गए। हे व्याध ! तेरे ऊपर भगवान प्रसन्न हो गए अब तुझे कल्याण की प्राप्ति होगी ॥३८॥ नहीं तो तेरी ऐसी शुभ बुद्धि होनी कठिन थी। जब मुनीश्वर ऐसा कह रहे थे उसी समय मृत्यु द्वारा प्रेरित बड़ा बली।३९। सिंह

धर्मैर्नापि वै मखैः ॥३६॥ मासोऽयं माधवो नाम व्याध पुण्यविवर्धनः। तस्मिन् मह्यं त्वया दत्ते पादुके तापनाशने ॥३७॥ तेन ते पूर्वकालीनं पुण्यं पाकमुपागतम्। तुष्टस्तु भगवान् प्रायः श्रेयो व्याध भविष्यति ॥३८॥ अन्यथा ते कथं भूयाद्बुद्धिरेतादृशी शुभा। मुनावेवं ब्रुवाणे च मृत्युना प्रेरितो बली ॥३९॥ सिंहो व्याघ्रवधार्थाय प्राद्रवत्क्रोधविह्वलः। मध्ये दृष्ट्वा च मातङ्गं दैवाद्दैवेन कल्पितम् ॥४०॥ तं हन्तुमुद्यतो गच्छन् पदाक्रान्तं व्यवस्थितम्। तयोर्युद्धमभूद्राजन् सिंहमातङ्गयोर्वने ॥४१॥ श्रान्तौ युद्धाच्च विरतौ निरीक्षन्तौ च तस्थतुः। व्याधमुद्दिश्य यच्चोक्तं मुनिना

व्याध के वध के लिये क्रोध विह्वल हो दौड़ता आया बीच में दैवयोग से देवकल्पित हाथी को देख कर ॥४०॥ पहले उसके मारने का महान् उद्योग करने लगा। उस वनमें उन दोनों सिंह और हाथिओं का ऐसा घोर संग्राम हुआ ॥४१॥ कि दोनों थक कर गिर पड़े। युद्ध त्याग दिया और दोनों एक दूसरे को देखते पड़े रहे और इधर मुनीश्वर ने जो कथा व्याध को सुनाई ॥४२॥ जो सब पापों का नाश करने वाली है, दैवयोग से उन दोनों ने भी वही कथा सुनी। जिसके सुनने से ही इनके

शरीर निर्मल हो गए और सब पाप जाते रहे ।४३। पापों से छूट जाने के कारण तत्काल पशु योनि का त्यागकर वे स्वर्ग को गए दोनों को दिव्य देह मिली और सुन्दर सुगंधित चन्दनादि से लेपित ॥४४॥ दिव्य विमान में बैठे जिनमें देवियां सेवा करती जातीं थीं वे दोनों शिर झुका हाथ जोड़े खड़े हुए ॥४५॥ धर्मोपदेशक मुनिवर मार्ग में व्याध के लिये ऐसा वभव देख

वै०

च महात्मना ॥४२॥ समस्तपातकध्वंसि दैवाच्छुश्रुवतुश्च तौ । तेनैव मासमाहात्म्यश्रवणेनामलाशयौ ॥४३॥ शापान्मुक्तौ च तौ देहात् सद्यो मुक्तौ दिवं गतौ । दिव्यरूपधरौ दिव्यौ दिव्यगन्धानुलेपनौ ॥४४॥ दिव्यं विमानमारूढौ दिव्यनारीनिषेवितौ । सद्योऽवनतमूर्द्धानौ प्राञ्जली चोपतस्थतुः ॥४५॥ मुनीन्द्रो धर्मवक्ता च व्याधमुद्दिश्य वै पथि । तौ दृष्ट्वा विस्मितः प्राह: को युवामिति निश्चलः ॥४६॥ दुर्योनौ तु कुतो जन्म युवयोर्वा कथं मृतिः । अहेतुर्विपिनेचास्मिन् परस्परवधोद्यतौ ॥४७॥ एतत्सर्वं सविस्तार्य सम्यग्वदत मेऽनघो । इत्युक्तो मुनिना तेन वचः प्रत्यूचतुः पुनः ॥४८॥ मतङ्गस्य मुनेः

मा०

भा०

टी०

अ०

विस्मित हो पूछने लगे तुम कौन हो ॥४६॥ तुम्हारा जन्म दुष्ट योनि में क्यों हुआ है और अकारण हो इस वन में एक दूसरे को मारने को क्यों उद्यत हुए, तुम्हारी मृत्यु कैसे हुई ॥ ४७ ॥ हे निष्पापों ! सब कथा विस्तार पूर्वक मुझसे कहो, मुनि के ऐसा कहने पर वे कहने लगे ॥ ४८ ॥ मतङ्ग मुनि के दन्तिल और कोहल दो पुत्र हुए, भाग्य दोष से उनके ये नाम हुए ॥ ४६ ॥ रूप यौवन से सम्पन्न सम्पूर्ण विद्या विशारद इसमें

दो पुत्र हुए, शाप दोष से इनके ये नाम हुए ॥ ४६ ॥ रूप यौवन से सम्पन्न सम्पूर्ण विद्या विशारद हमसे

धर्म अर्थ में निपुण हमारे पिता ।५०। मतङ्ग ब्रह्मर्षि सम्पूर्ण धर्मों को जानने वाले कहने लगे हे पुत्रो ! मधुसूदन भगवान के प्रिय मास में ॥५१॥ मार्ग में प्याऊ लगाओ और मनुष्यों को पंखे से हवा करो, मार्ग में छाया के स्थान बनाओ अन्न और शीतल जलदान करो ॥५२॥ प्रातःकाल स्नान कर भगवान का पूजन करो कथा सुनो जिससे सन्सार बन्धन की निवृत्ति

पुत्रौ दन्तिलः कोहलोऽपरः । शापदोषेण तौ जातौ नाम्ना दन्तिकलकोहलो ॥४६॥ रूपयौवन-सम्पन्नौ सर्वविद्याविशारदौ आवामुद्दिश्य प्रोवाच पिता धर्मार्थकोविदः ॥५०॥ मतङ्गोनाम ब्रह्मर्षिः सर्वधर्मविदुत्तमः । वैशाखे मासि तनयौ मधुसूदनवल्लभे ॥५१॥ प्रपां च कुरुतं मार्गे जनान्वीजयतं व्रणम् । मार्गे छायां विधत्तं च भूयन्नं शीतलाम्बु च ॥५२॥ कुरुतं स्नानमुषसि तथैवार्चयतं विभुम् । कथां च शृणुत नित्यं यथा बन्धो निवर्तते ॥५३॥ एवं च बहुभिर्वाक्यैर्बोधितावापि दुर्मति । क्रुद्धोऽभवं दन्तिलोऽहं मत्तोहं कोहलाह्वयः ॥५४॥ क्रुद्धः शशाप तौ सद्यः पिता धर्मेषु लालसः । पुत्रं च धर्मविमुखं भार्यां चा प्रियवादिनीम् ॥५५॥ अब्रह्मण्यं च राजानं त्यजेत् सद्यो न चेत्पतेत् ।

हो ॥५३॥ इस तरह अनेकों प्रकार के वाक्यों से हमको समझाया परन्तु दुर्बुद्धि से हमारी समझ में कुछ भी नहीं आया पिता के वाक्य सुनकर मुझ दन्तिल को अत्यन्त क्रोध आया और कोहल मदोन्मत्त होगया ॥५४॥ तब धर्म की लालसा वाले हमारे पिता ने क्रोधित हो शाप दिया कि धर्म से विमुख पुत्र, कटु वाक्य कहने वाली स्त्री ॥५५॥ और अब्रह्मण्य राजा को तत्काल

त्याग दे, न त्यागें तो पापी हो जो दाक्षिण्य से अथवा लोभ के वशीभूत हो इनका संसर्ग करते हैं ॥५६॥ वे चौदह मन्वन्तर तक नरक भोगते हैं ऐसा विचार कर मद और क्रोध से परिप्लुत हम दोनों को शाप दिया कि ।५७। हे दन्तिल! तू अपने क्रोध के कारण सिंह की योनि प्राप्त करेगा और मदोन्मत्त कोलाहल को मतवाले हाथी की योनि मिलेगी ॥५८ तब हम बड़े

दाक्षिण्यादर्थलोभाद्वा संसर्गं ये प्रकुर्वते ॥॥५६॥ ते सर्वे नरकं यान्ति यावदिन्द्राश्चतुर्दश । इति ज्ञात्वा शशापावां मदक्रोधपरिप्लुतौ ॥५७॥ क्रुद्धोऽहं दन्तिलो भूयाः सिंहः क्रोधपरिप्लुतः । मत्तस्तु कोहलो भूयान्मत्तो मातङ्गयूथपः ॥५८॥ कृतानुतापौ पश्चात्तु प्रार्थयावो विमोचनम् । आवाभ्यां प्रार्थितो भूयो विशापं च ददौ पिता ॥५६॥ युवां प्राप्य च दुर्योनिं कियत्कालान्तरेऽपि च । सङ्गमी भविता तत्र परस्परवधैषिणौः ॥६०॥ तस्मिन्नेव हि समये संवादं व्याधशंखयोः । वैशाखधर्मविषयौ दैवाद्वां श्रवणस्य च ॥६१॥ गमिष्यति क्षणादेव तस्मान्मुक्तिर्भविष्यति । शापान्मुक्तौ पूर्वमेव

दुःखी हुए और शाप निवृत्ति के लिये प्रार्थना करने लगे । हमारी प्रार्थना सुन पिता ने शाप मोक्ष का उपाय हमें बताया ॥५६॥ तुम दोनों पशु योनि पाकर थोड़े दिन पीछे एक दूसरे को मारने के लिये उद्यत होगे ॥६०॥ उसी समय व्याध और शंख का वैशाख धर्म विषयक संवाद दैवयोग से तुम्हारे कानों में जायगा ॥६१॥ तब तत्क्षण तुम्हारी मुक्ति हो जायगी और शाप से छूट ... मेरे वचन मिथ्या नहीं पिता के इस शाप से हमको पशु

...॥६२॥ मेरे पास निवास करोगे। मेरा यह वचन मिथ्या नहीं पिता के इस शाप से हमको पशु

योनि मिली ॥६३॥ आपस में एक दूसरे को मारने की हमारी इच्छा थी दैवयोग से यहाँ चले आये और आप का दिव्य संवाद सुना ॥६४॥ उसी के प्रभाव से हमारी तत्काल मुक्ति होगई। सब कथा कह दोनों ने मुनिश्वर को नस्मकार कर ॥६५॥ मुझसे आज्ञा मांग अपने पिता के पास चले गये वह सब कथा दयानिधि मुनि ने व्याध को सुनाई ॥६६॥ देखो, वैशाख का

रूपमास्थाय पुत्रकौ ॥६२॥ मामेव प्राप्य वसतं नान्यथा मे वचो भवेत्। इति शप्तौ च गुरुणा दुर्योनिं प्राप्य दुर्मती ॥६३॥ प्राप्य दैवात्सङ्गतिं च परस्परवधैषिणौ। संवादं युवयोर्दिव्यं शुभं तं शुश्रुवावहे ॥६४॥ तेन सद्यो विमुक्तिश्च क्षणादेवावयोरभूत्। इति सर्वं समाख्याय प्रणम्य च मुनीश्वरम् ॥६५॥ समामंत्र्याभ्यनुज्ञातौ जग्मतुः पितुरन्तिकम्। तदेव संप्रहृश्याह मुनिर्व्याधं दयानिधिः ॥६६॥ पश्य वैशाखमाहात्म्यश्रवणस्य फलं महत्। मुहूर्तश्रवणादेव तयोर्मुक्तिः करे स्थिता ॥६७॥ इति ब्रुवाणं मुनिपुङ्गवं तं दयानिधिं निस्पृहमग्र्यबुद्धिम्। विशुद्धसत्त्वं सुकृतैकपात्रं संन्यस्तशस्त्रः पुनराह व्याधः ॥६८॥ इति श्रीस्कन्दपुराणे वैशाखमाहात्म्ये नारदाम्बरीषसंवादे दन्तिलकोहलमुक्तिप्राप्तिर्नाम सप्तदशोऽध्यायः ॥१७॥

कैसा माहात्म्य है ! इसके श्रवण का बड़ा फल है कोई क्षण भर भी इसे सुनता है उसे तत्काल मुक्ति मिलती है ॥६७॥ जब मुनि ने इस प्रकार कहा तब व्याध अपने शस्त्र फेंक कृपालु, निस्पृह, प्रबलबुद्धि, विशुद्धसत्त्व और पुण्यपात्र ऋषि से कहने लगा ॥६८॥ इति श्रीस्कन्दपुराणे वैशाखमाहात्म्ये नारदाम्बरीषसंवादे दन्तिलकोहलमुक्तिप्राप्तिर्नाम सप्तदशोऽध्यायः ॥१७॥

व्याध बोले-हे मुने ! मैं बड़ा पापी और दुष्टबुद्धि हूँ आपने मेरे ऊपर बड़ी दयाकी। साधुमहात्मा स्वाभाविक दयालु होते हैं ॥१॥ कहां मैं अकुलीन व्याध और कहाँ मेरी ऐसी बुद्धि, यह सब केवल आपकी कृपा का ही कारण है ॥२॥ हे साधो ! मैं आपका शिष्य हूँ आपका कृपा पात्र हूँ आप द्वारा अनुग्रह के योग्य पुत्र हूँ हे दयानिधे ! मेरे ऊपर ऐसो दया कीजिये

वै० भा०

व्याध उवाच ॥ भवतानुगृहीतोऽस्मि मुने पापोतिदुष्टधीः । दयालवो महान्तो हि स्वभावादेव साधवः ॥१॥ क्व व्याधश्चाकुलिनोहं क्व च मतिरीदृशी । वा केवल भवतामेव मन्येऽनुग्रहमुत्तमम् ॥२॥ अथ साधो च, शिष्योस्मि कृपापात्रोस्मि मानद । अनुग्राह्योऽस्मि पुत्रोस्मि कृपां कुरु दयानिधे ॥३॥ यथा मे न पुनर्भूयादमन्मतिरनर्थदा । सद्भिस्तु सङ्गतिः क्वापि न भूयो दुःखमश्नुते ॥४॥ तस्माद्बोधय मां विप्र सूक्तैरतैर्वृजिनापहैः । येन चाद्धा तरिष्यन्ति संसाराब्धि मुमुक्षवः॥५॥ साधूनां समचित्तानां तथा भूतयावताम् । हीनश्चोत्तमः क्वापि नात्मीयो हि परस्तथा ॥६॥ एकाग्रेण

जिससे फिर मेरी बुद्धि दुष्ट होकर अनर्थ कार्य करने में प्रवृत्त न हो । सत्संगति के पश्चात् फिर दुःख न भोगना पड़े ॥३॥ ॥४॥ इससे हे प्रभो ! मुझे ऐसे पाप नाशक मन्त्रों का उपदेश कीजिये जिससे मुमुक्षु जन इस संसार सागर से सहज ही पार लग जाते हैं ॥५॥ क्योंकि साधु महात्मा समद्रष्टा और प्राणी मात्र पर दया करते हैं उनकी दृष्टि में न कोई अधम है न उत्तम । न अपना है न पराया ॥६॥ जो एकाग्रता से विवेचना कर चित्त की शुद्धता से पूछें वे कैसे ही दोष युक्त हों कैसे ही

उत्तम । न अपना है न पराया ॥६॥ जो एकाग्रता से विवेचना कर चित्त की शुद्धता से पूछें वे कैसे ही दोष युक्त हों कैसे ही

धर्म हीन हों ॥७॥ परन्तु जब वे अपने किये दुष्कर्मों का पश्चात्ताप कर के गुरु से पूछते हैं तभी वे सन्सार बन्धन से छुड़ाने वाले ज्ञान का उपदेश करते हैं ॥८॥ जैसे गंगा स्वभाव से ही मनुष्यों के पापों को दूर करती है ऐसे ही दुर्बुद्धियों के उद्धार करने वाला स्वभाव माहात्माओं का होता है ॥६॥ हे भक्त वत्सल ! हे दयालो ! आपकी संगति से शुश्रूषा, नम्रता और चित्त

विचिन्वन्ति चित्तशुद्धिं च पृच्छति । सर्वदोषयुतो वापि सर्वधर्मोज्झितोपि वा ॥७॥ कृतानुतापश्च यदा यदा पृच्छति वै गुरुम् । तदैवोपदिशन्त्यद्धा ज्ञानं संसारमोचकम् ॥८॥ यथा गंगा मनुष्याणां पापनाशस्वभाविनी । तथा मन्दसमुद्धारस्वभावाः साधवः स्मृताः ॥६॥ मा विचारय मां बोद्धुं दयालो भक्तवत्सल । शुश्रूषुत्वान्नमतत्त्वाच्च शुद्धत्वात्तव संगतेः ॥१०॥ इति व्याधवचः श्रुत्वा पुनर्विस्मितमानसः । साधुसाध्विति संभाष्य धर्मानेतानुवाच ह ॥११॥ शंख उवाच ॥ विष्णुप्रीतिकरान् दिव्यान् संसाराब्धिवि मोचनकान् । कुरु धर्मांश्च वैशाखे यदि व्याध शमिच्छसि ॥१२॥ आतपो बाधते घोरो न च्छाया नाम्बु चात्र च । तस्मात् स्थलान्तरं यावो यत्र च्छाया तु वर्तते

की शुद्धि द्वारा मैं शुद्ध होगया हूँ मुझे उपदेश करिये ॥१०॥ व्याध की ऐसी बातें सुन बड़े विस्मय से मुनि ने कहा, धन्य है, धन्य है, हे व्याध ! कहते हुए धर्मोंपदेश करने लगे ॥११॥ शङ्ख मुनि बोले-हे व्याध ! जो तू शान्ति की इच्छा करता है तो वैशाख के धर्म कर, ये धर्म बड़े दिव्य और भव-बन्धन से छुड़ाने वाले हैं इनसे विष्णुभगवान् प्रसन्न होते हैं ॥१२॥ हे व्याध !

यहां धूप बहुत सताती है न यहाँ छाया है न पानी, चल, कहीं दूसरी जगह चलें जहां छाया हो ॥१३॥ वहां जल पीकर छाया में बैठ कर स्वस्थ चित्त से तेरे सामने पाप नाशक माहात्म्य वर्णन करूंगा ॥१४॥ विष्णुभगवान के माधव मास का माहात्म्य जैसा सुना और देखा गया है वह सब तेरे सामने वर्णन करूंगा। मुनि की यह बात सुन व्याध हाथजोड़कर कहने

॥१३॥ तत्र गत्वा जलं पीत्वा सुच्छायां च समाश्रितः। तत्र ते वर्णयिष्यामि माहात्म्यं पापनाशनम् ॥१४॥ विष्णोर्माधवमासस्य यथा दृष्टं यथाश्रुतम्। इत्युक्तो मुनिना तेन व्याधः प्राह कृताञ्जलिः ॥१५॥ इतोऽविदूरे सलिलं वर्तते च सरोवरे। कपित्थास्तत्र वै सन्ति फलभारेण पीडिताः ॥ १६ ॥ गच्छावस्तत्र संतुष्टिर्भविता नात्र संशयः। व्याधे नैवं समादिष्टस्तेन साकं ययौ मुनिः ॥१७॥ कियद्दूरं ततो गत्वा ददर्शाग्रे सरोवरम्। बककारण्डवाकीर्णं चक्रवाकोपशोभितम् ॥१८॥ हंससारसक्रौञ्चाद्यैः समन्तात्परिशोभितम्। कीचवङ्कषाद्यैश्च कूजितं भ्रम-

लगा ॥१५॥ यहां से थोड़ी सी दूर पर एक निर्मल सरोवर है उसके किनारे पर कैथ के बहुत पेड़ हैं जो फलों के बोझ से नीचे झुक रहे हैं ॥१६॥ वहां चलिये, निश्चत ही वहां चित्त प्रसन्न हो जायगा। व्याध की यह बात सुन शङ्ख मुनि उसके साथ चले ॥१७॥ थोड़ी दूर चल कर देखते हैं कि एक निर्मल सरोवर है वहां बगुला, राजहन्स और चकवा चकवी शोभा दे रहे हैं ॥१८॥ [illegible]

॥१९॥ मगर, कछुआ, मीन आदि जल जीवों से परम मनोहर है कुमोदनी, उत्पल, कल्हार, पुंडरीक, शतपत्र, कोकनद आदि अनेक प्रकार के मल शोभा दे रहे हैं। पक्षियों के कलरव से कान पड़े शब्द सुनाई नहीं देते नेत्रों को बड़ा आनन्द होता है ॥२०॥२१॥ किनारे पर बाँस के वृक्ष चारों ओर अपूर्व शोभा दे रहे हैं बड़, कंजा, कदम्ब, इमली, नीम, पाकर, प्रियाल,

रैरपि ॥१९॥ नक्रकच्छपमीनाद्यैरगाह्यं सुमनोहरम्। कुमुदोत्पलकल्हारपुण्डरीकादिभिर्महत् ॥२०॥ शतपत्रैःकोकनदैः समन्तात्परिशोभितम्। पक्षिणां च कलारावैर्मुखरन्नयोत्सवम् ॥२१॥ तटे कीचकगुल्मैश्च तथा वृक्षैश्च शोभितम्। वटैः करञ्जैर्नीपैश्च चिञ्चिणीभिस्तथैव च ॥ २२ ॥ निम्बप्लक्षप्रियालैश्च चम्पकैर्बकुलैः शुभैः। पुन्नागैस्तुम्बरैश्चैव कपित्थामलकैरपि ॥२३॥ निष्पेष-एणैश्च जम्बूभिः समन्तात्परिशोभितम्। वन्यमातङ्गसारङ्गवराहमहिषादिभिः ॥ २४ ॥ शशैश्च शल्लकैश्चैव गवयैरुपशोभितम्। खङ्गनाभिमृगाद्यैश्च व्याघ्रैः सिंहैर्वृकैरपि ॥२५॥ खरान्तकैश्च शरभैश्चमरीभिः सुमण्डितम्। शाखाशाखान्तरं शीघ्रं प्लवमानैः प्लवंगमैः ॥२६॥ मार्जारैश्चैव

चम्पा, बकुल, पुन्नाग, तुंबर, कैथ, आवला और जामुन आदि चारों ओर सुशोभित हो रहे हैं। वनके हाथी, हिरन, सूकर और भैंस किलोल कर रहे हैं ॥२२-२३॥ ससक, सेही, रोझ, गेंडा, कस्तूरिया मृग, व्याघ्र, सिंह, भेड़िया, गधा, खच्चर, शरभ, सुर गाय आदि अनेक पशु विचर रहे हैं बन्दर लंगूर आदि छलांग मारने वाले जीव वृक्षों को शाखा शाखापर छलांग मार रहे

हैं ॥२५-२६॥ बिल्ली, रीछ और रुरू फिर रहे हैं, झिल्ली झंकारती हैं बांस शब्द करते हैं प्रचंड पवन के वेग से वृक्ष झुक रहे हैं ऐसा दिव्य सरोवर व्याध ने मुनि को दिखलाया ॥२७-२८॥ तृषा पीडित मुनि ने उस सरोवर को देखा और दोपहर को उस रमणीक सरोवर में स्नान किया, ॥२९॥ फिर वस्त्र धारण कर मध्याह्नकृत्य करके देवपूजन से निश्चिन्त हो फल

भल्लूकैर्भीषणं रुरुभिस्तथा । झिल्लीशब्दैश्च कंकारैः कीचकानां रवैस्तथा ॥२७॥ घोरवायुविनिर्घातदारुभारैः समन्वितम् । एतादृशं सरो दिव्यं व्याधे नैव प्रदर्शितम् ॥२८॥ ददर्श मुनिशार्दूलस्तृषया बाधितो भृशम् । स्नात्वा मध्याह्नवेलायां सरस्यस्मिन् मनोरमे ॥२९॥ वाससी परिधायाथ कृत्वा माध्याह्निकीः क्रियाः । देवपूजां ततः कृत्वा भुक्त्वा फलमतन्द्रितः ॥३०॥ व्याधोपनीतं सुस्वादु कपित्थं श्रमहारि च । सुखोपविष्टः पप्रच्छ व्याधं धर्मरतं पुनः ॥३१॥ किं वक्तव्यं मया ह्यद्य तवादौ धर्मतत्पर । धर्माश्च बहवः सन्ति नानामार्गाः पृथग्विधाः ॥३२॥ तत्र वैशाखमासोक्ताः

खाये ।३०। कैथ के फल बड़े मीठे और श्रमनाशक थे इन को व्याध लाया था तब शंखमुनि सुख पूर्वक बैठ व्याध से पूछने लगे ॥३१॥ हे धर्म श्रवण तत्पर व्याध ! तुम कौनसे धर्म को सुनने की इच्छा करते हो, धर्म बहुत हैं और उनके करने की विधि भी अलग २ हैं ॥३२॥ इनमें से वैशाखोक्त धर्म थोड़ा है और बहुत फलदायक है ये सब मनुष्यों को इस लोक और परलोक दोनों जगह फल देनेवाले हैं ।३३। तेरे मन में जो पूछने की इच्छा हो वही पूछ । तब मुनि की बात सुन हाथ जोड़

कर व्याध बोला ॥३४॥ हे महाराज ! मुझे कौन सा कर्म करने से तमोगुण मयी यह व्याध योनि मिली, किस कर्म से मेरी ऐसी बुद्धि होगई और महात्मा की संगति हुई ॥३५॥ हे प्रभो ! यदि आपकी मेरे ऊपर कृपा है तो यह सब वृत्तान्त मुझसे कहिये । यह सुन, शङ्खमुनि हंसते हुए अपने मुख कमल से मेघ की सी वाणी द्वारा कहने लगे । हे व्याध ? तू शाकल नगर

सूक्ष्मा अपि महार्थदाः । सर्वेषामेव जन्मूनामिहामुत्र फलप्रदाः ॥३३॥ यत्प्रष्टव्यं मनसि ते यच्चादौ तच्च पृच्छताम् । इत्युक्तो मुनिना तेन व्याधः प्राञ्जलिरब्रवीत् ॥३४॥ व्याध उवाच ॥ केन वा कर्मणा चासीदुव्याधजन्म तमोमयम् । केना वा चेदृशी बुद्धिः सङ्गतिर्वा महात्मनः ॥३५॥ एतच्चान्यत्समाचक्ष्व यदि मां मन्यसे प्रभो । इत्युक्तः पुनरप्याह शङ्खो नाम महामुनिः ॥३६॥ मेघगंभीरया वाचा स्मयमानमुखाम्बुजः ॥ शङ्ख उवाच॥शाकले नगरे पूर्वं द्विजस्त्वं वेदपारगः ॥३७॥ स्तम्बो नाम महातेजास्तथा श्रीवत्सगोत्रजः । तवेष्टा गणिका काचिदासीत्तत्संगदोषतः ॥३८॥ त्यक्त्वा नित्यक्रिया नित्यं शूद्रवद्गृहमागतः । शून्याचारस्य दुष्टस्य परित्यक्तक्रियस्य च ॥३९॥ ब्राह्मणी

में पहिले वेदपाठी ब्राह्मण था ॥३६-३७॥ तेरा नाम स्तम्ब था और श्रीवत्सगोत्र में तेरा जन्म हुआ था एक वेश्या से तेरा प्रेम था उसी की संगति के दोष से ॥३८॥ तू नित्य कर्मों का परित्याग कर शूद्र के समान घर आता था इस प्रकार तुझ आचार हीन दुष्टने धर्म क्रिया त्याग दीं किन्तु तेरी स्त्री ब्राह्मणी बड़ी रूपवती थी । वह वेश्या सहित तुझ नीच की सेवा किया

करती थी ॥३९-४०॥ तेरे प्रियतमा तुम दोनों के चरण धोती थी तुम दोनों पलंग पर सोते वह नीचे सोती और तुम दोनों का आज्ञा में लगी रहती ॥४१॥ वेश्या के निषेध करने पर भी वह पतिव्रता अपने धर्म में लगी रही और वेश्या सहित स्वामी की सेवा करते २ ॥४२॥ तथा दुःख भोगते २ बहुत समय बीत गया। एक दिन उसके स्वामी ने भैंस का दूध और मूली

च तदा चासीद्भार्या कान्तिमती तव। सा त्वां हर्यचरत्सुभ्रूः सवेश्यं ब्राह्मणाधमम् ॥४०॥ उभयोः चालयन्ती च पादांस्त्वत्प्रियकारिणी। उभयोरप्यधः शेते उभयोर्वचने रता ॥४१॥ वेश्यया वार्यमाणापि पातिव्रत्यव्रतस्थिता। एवं शुश्रूषयन्त्या हि भर्त्तारं वेश्यया सह ॥४२॥ जगाम सुमहान् कालो दुःखिताया महीतले। अपरस्मिन् दिने भर्त्ता माहिष्यं मूलकान्वितम् ॥४३॥ अभक्षयच्छूद्रधर्मान्निष्पावांस्तिलमिश्रितान्। तदपथ्यमशित्वा तु वमंश्चैव विरेचयन् ॥४४॥ अपथ्याद्दारुणो रोगो व्यजायत भगंदरः। स दह्यमानो रोगेण दिवारात्रं तु भूरिशः ॥४५॥ यावदास्ते गृहं वित्तं तावद्वेश्या च संस्थिता। गृहीत्वा तस्य सा वित्तं पश्चान्नोवास मन्दिरे ॥४६॥ अन्यस्य पार्श्वमासाद्य

खाई ॥४३॥ तथा शूद्रों के भक्षण करने की वस्तु निष्पाव और तिल खाये इस अपथ्य भोजन से उसे दस्त और वमन होने लगी ॥४४॥ और दारुण भगंदर रोग होगया इस रोग से रात दिन उसे घोर वेदना होने लगी ॥४५॥ जब तक घर में धन रहा तब तक वेश्या भी रही ... धन को ले घर छोड़ कर चली गई तो इसे घोर घृणा उत्पन्न हुई और रोग से

अत्यन्त दुःखी हो दीन वाणी से व्याकुल चित्त रोता हुआ ब्राह्मणी से कहने लगा । हे देवी! मैं बहुत निष्ठुर और वेश्यासक्त हूँ,तू मेरी रक्षा कर ॥४७-४८॥ हे सुन्दरी! मुझ पापी ने तेरा कुछ भी उपकार नहीं किया है जो गर्हित प्राणी अपनी नम्र भार्या का मान नहीं करते ॥४६॥ वे पन्द्रह जन्मपर्यन्त नपुंसक होते हैं हे महाभागे ! रातदिन साधु महात्माओं से निंदित हो तेरा

गता घोरा सुनिर्घृणा । ततः सदीनवचनो व्याधिबाधाप्रपीडितः ॥४७॥ उक्तवान् स रुदन् भार्यां रुजा व्याकुलमानसः । परिपालय मां देवि वेश्यासक्तं सुनिष्ठुरम् ॥४८॥ न मयोपकृतं किंचित्त्वयि सुन्दरि पापिना । यो भार्यां प्रणतां पापो नाभ्नुमन्येत गर्हितः ॥४६॥ स षण्ढो भविता भद्रे दशजन्मसु पञ्चसु । दिवारात्रं महाभागे निन्दितः साधुभिर्जनैः ॥५०॥ पापयोनिमवाप्स्यामि त्वां साध्वामवमन्य वै । अहं क्रोधेन दग्धोऽस्मि तव श्रुनयनेन वै ॥५१॥ एवं ब्रुवाणं भर्तारं कृताञ्जलिपुटाब्रवीत् । न दैन्यं भवता कार्यं न ब्रीडा कान्त मां प्रति ॥५२॥ न चापि त्वयि मे क्रोधो येन दग्धोऽस्मि वक्ष्यसि । पुरा कृतानि पापानि दुःखानीह भवन्ति हि ॥५३॥ तानि या क्षमते साध्वी

अवज्ञा करने से मैं पाप योनि में पड़ूंगा । मैं तेरे विनीत भाव पर भी क्रोध के मारे जलता हूँ ॥५०-५१॥ जब स्वामी ने ऐसा कह तब वह हाथ जोड़ कर बोली-हे कान्त! तुम मेरे प्रति दीनता मत करो, लज्जा भी मत करो ॥५२॥ मैंने आपके ऊपर कभी क्रोध नहीं किया,जिससे आप जलते बताते हो मेरे पहिले किए हुए पाप ही यहां आकर उदय हुए हैं ॥५३॥ जो

इनको सहन करे, वही साध्वी स्त्री है और वही उत्तम पुरुष है मुझ पापिनी ने पूर्व जन्म में जो पाप किये उनके भोगने में मुझे कुछ दुःख या विषाद नहीं है ऐसा कह वह सुमुखी सेवा करने लगी ॥५४॥५५॥ अपने पिता और भाइयों से धन लाकर वह क्षीरशायी विष्णुभगवान और अपने पति की शुश्रूषा में लगी रही ॥५६॥ दिन रात मल मूत्र धोकर शुद्ध रक्खे और

पुरुषो वा स उत्तमः । यन्मया पापया पापं कृतं वै पूर्वजन्मनि ॥५४॥ तद्भुञ्जन्त्या न मे दुःखं न विषादः कथंचन । इत्येवमुक्त्वा भर्तारं सा शुभ्रूस्तमपालयत् ॥५५॥ आनीय जनकाद्वित्तं बन्धुभ्यो वरवर्णिनी । क्षीरोदवासिनं देवं भर्तारं चाप्यचिन्तयत् ॥५६॥ शोधयन्ती दिवारात्रौ पुरीषं मूत्रमेव च । नखेन कर्षती भर्तुः कृमीन् कष्टाच्छनैः शनैः ॥५७॥ न सा स्वपिति रात्रौ तु न दिवा वरवर्णिनी । भर्तुर्दुःखेन संतप्ता दुःखितेदमवोचत ॥५८॥ देवाश्च पान्तु भर्तारं पितरो ये च विश्रुताः । कुर्वन्तु रोगहीनं मे भर्तारं गतकल्मषम् ॥५९॥ चण्डिकायै प्रदास्यामि रक्तमांससमुद्भवम् । सुष्ठ्वन्नं महिषोपेतं भर्तुरारोग्यहेतवे ॥६०॥ मोदकान् कारयिष्यामि विघ्नेशाय महात्मने । मन्दवारे

अपने स्वामी के जो कीड़े पड़ गये थे उन्हें धीरे २ निकालती ॥५७॥ रात दिन नींद त्यागदी भर्त्ता के दुःख से दुखी हो कहने लगी ॥५८॥ हे पित्रीश्वरो ! तुम मेरे पति की रक्षा करो और मेरे स्वामी को रोग हीन और पाप रहित करो ॥५९॥ मैं रक्त मांस और भैंस के दूध से युक्त सुन्दर अन्न अपने पति की आरोग्यता के निमित्त चंडिका को अर्पण करूंगी ॥६०॥

में रक्त मांस और भैंस के दूध से युक्त सुन्दर अन्न अपने पति की आरोग्यता के निमित्त चंडिका को अर्पण करूंगी ॥६०॥

विघ्नविदारण श्रीगणेशजी के निमित्त मोदक दान करूंगी और दस शनिवार उपवास करूंगी ॥६१॥ मिष्ठान्न और घृत का भोजन नहीं करूंगी देह पर तेल मर्दन और उबटन लगाना छोड़ दूंगी किन्तु मेरा भर्त्ता निरोग होकर सौ वर्ष तक जीवित रहे । ऐसे वह देवी प्रति दिन कहती थी ।६२-६३। तब एक महात्मा देवल नाम के मुनि वैशाख में गर्मी के मारे संध्या समय

करिष्यामि चोपवासान् दशैव तु ॥६१॥ नोपभुञ्जामि मधुरं नोपभुञ्जामि वै घृतम् । तैलाभ्यंग-
विहीनाहं स्थास्ये नैवात्र संशयः ॥६२॥ जीवतां रोगहीनोऽयं भर्ता मे शरदां शतम् । एवं सा
व्याहरद्देवी वासरे वासरे गते ॥६३॥ तदा चागान्मुनिः कश्चिन्महात्मा देवलाह्वयः । वैशाखे मासि
घर्मार्तः सायाह्ने तस्य वै गृहम् ॥६४॥ तदा वै भार्यया चोक्तं भिषग्वै गृहमागतः । तेन वै रोग-
हानिः स्यात्तस्यातिथ्यं करोम्यहम् ॥६५॥ ज्ञात्वा त्वां धर्मविमुखं भिषग्व्याजेन वञ्चितः । पादावने-
जनं कृत्वा तज्जलं मूर्ध्नि साक्षिपत् ॥६६॥ पानकं च ददौ तस्मै धर्मार्ताय महात्मने । त्वयानुमोदिता
सायं घर्मतापनिवारकम् ॥६७॥ स प्रातरुदिते सूर्ये मुनिः प्रायाद्यथागतः । अथ चाल्पेन कालेन

उसके घर आये ॥६४॥ तो वह स्त्री कहने लगी यह वैद्य मेरे घर आये हैं इन्हीं के द्वारा रोगनाश हो जायगा। मैं इसकी सेवा करूंगी ॥६५॥ मुझे अब तक धर्मसे विमुख जान वैद्यों ने ठग लिया। उसके चरण धोकर जल शिर पर छिड़क लिया ।६६। और गर्मीसे व्याकुल महात्माको देख तेरी स्त्री ने आज्ञा लेकर शर्बत पिलाया जिससे उसे शान्ति मिली ॥६७॥ दिन निकलने

पर वह मुनि जसे आये वैसे ही चले गये थोड़े दिन पीछे तुझे सन्निपात होगया ॥६८॥ जब तेरी स्त्री तुझे त्रिकुटा पिलाने को लाई तो तूने उसकी उंगली काटली तभी तेरी दांती भिचगई ॥६९॥ उसकी कोमल उंगली का एक टुकड़ा तेरे मुख में रह गया और उसी अवस्था में तेरी मृत्यु हो गई ॥७०॥ तू अपनी सुन्दर शय्या पर उसी वेश्या का ध्यान करता हुआ मर गया

सन्निपातोऽभवत्तव॥६८॥ त्रिकटु नीयमानायां भर्ताङ्गुलिमखण्डयत्। उभयोर्दन्तयोः श्लेषः सहसा समपद्यतः ॥६९॥ तत्खण्डमङ्गुलेर्वक्के स्थितं भर्तुः सुकोमलम्। खण्डयित्वाङ्गुलिं भर्ता पञ्चत्वमगमत्तदा ॥७०॥ शय्यायां सुमनोज्ञायां स्मरंस्तां पुंश्चलीं शुभा। मृतं विज्ञाय भर्तारं भार्या कांतिमती तव ॥७१॥ विक्रीत्वा चापि वलयं गृहीत्वा चेन्धनं बहु। चक्रे चितिं तेन साध्वी मध्ये कृत्वा पतिं तदा ॥७२॥ अवगुह्य भुजाभ्यां च पादौ चाश्लिष्य पादयोः। मुखे मुखं विनिक्षिप्य हृदयं हृदये तथा ॥७३॥ जघने जघनं देवी ह्यात्मानं सन्निवेश्य च। दाहयामास कल्याणी भर्तृदेहं रुजान्वितम्। आत्मना सह कल्याणी ज्वलिते जातवेदसि ॥७४॥ विमुच्य देहं सहसा जगाम पतिं

तेरी रूपवती स्त्री यह देख ॥७१॥ अपना कंकण बेचकर बहुत सा ईंधन लई। बड़ी चिता बना कर बीच में पति को रख ॥७२॥ भुजा से भुजा मिला, पांव से पांव, मुख में मुख, और हृदय में हृदय लगा ॥७३॥ जंघा में जंघा करके आत्मा को सन्निवेशित कर उसने अपने स्वामी के रोग पीड़ित शरीर का अग्नि संस्कार किया इस प्रकार उस कल्याणी ने अपने को भी

जलती अग्नि में जला दिया ।७४। वह शरीर त्याग पति का आलिंगन कर तत्काल विष्णुलोक को चली गई वैशाख में पानी का दान करने से और चरण धोकर जल शिरपर छिड़कने से योगि दुर्लभ गति उसे मिल गई ॥७५॥ और तूने समस्त पापों से छूटने पर भी अंतकाल में वेश्या का स्मरण करने से देह त्यागकर घोर व्याध का जन्म धारण किया, तुझे सदा हिंसा प्यारी

समालिंग्य मुरारिलोकम् । पानीयदानेन च माधवेस्मिन्पादावनेजादपि योगिगम्यम् ॥७५॥ त्वमन्तकाले गणिकाविचिन्तया देहं त्यक्त्वा मुक्तसमस्तकिल्बिषः । जन्म व्याधं प्राप्तवान् घोररूपं हिंसासक्तः सर्वदोद्वेगकरी ॥७६॥ दत्तं त्वया पानकस्यापि दानं मासेनुज्ञां माधवे साध्वि जाने । व्याधो जातस्तेन जाता सुबुद्धिर्मर्मान् प्रष्टुं सर्वसौख्यैकहेतून् ॥७७॥ घृतं मूर्ध्ना पादशौचावशिष्टं जलं मुनेः सर्वपापापहारि । तेनेयं ते सङ्गतिर्मे वनेऽस्मिन्यया भूयात्सम्पदा सन्ततिश्च ॥७८॥ इत्येतत्सर्वमाख्यातं पूर्वजन्मनि यत्कृतम् । कर्म पुण्यं पापकं च दृष्टं दिव्येन चक्षुषा ॥७९॥ गोप्यं

है और चित्त को सदा उद्वेग रहता है ॥७६॥ तूने वैशाख में शर्बत पान कराने की आज्ञा दी इससे व्याध योनि पाकर भी तेरी ऐसी सुबुद्धि हुई है जिससे तूने संपूर्ण सुखों के हेतु धर्म पूछे ॥७७॥ और तूने मुनि के चरण धोने का पाप नाशक जल अपने मस्तक के ऊपर छिड़का, इसी से तुझे सत्संगति प्राप्त हुई है जिससे धन संतान की वृद्धि होती हैं ॥ ७८ ॥ इस प्रकार तूने पूर्व जन्म में जो-जो कर्म किये वे सब बतलाये, तेरे ये पाप और पुण्य कर्म मैंने दिव्य दृष्टि से देखे हैं ॥७९॥

अब जो कोई और गुप्त वार्ता पूछने की तुझे इच्छा हो वह तू पूछ । तेरा चित्त शुद्ध हो गया है हे महामते ! तेरा कल्याण हो ॥८०॥ इति श्रीस्कन्द पुराणे वैशाख माहात्म्ये नारदांबरीषसंवादे व्याधस्य पूर्वजन्मकथनं नामाष्टदशोऽध्यायः ॥१८॥

व्याध बोला—हे ब्रह्मन् ! आपने समस्त शुभ फल दाता भागवत धर्म विष्णु के निमित्त बताये इनमें भी वैशाख-

वा ते प्रवक्ष्यामि यद्भवाञ्छ्रोतुमिच्छति । जाता ते चित्तशुद्धिर्वै स्वस्ति भूयान्महामते ॥८०॥ इति श्रीस्कन्दपुराणे वैशाखमाहात्म्य नारदाम्बरीषसंवादे व्याधोपाख्याने व्याधस्य पूर्वजन्मकथन नाम अष्टादशोऽध्यायः ॥१८॥

व्याध उवाच ॥ विष्णुमुद्दिश्य कर्तव्या धर्मा भागवताः शुभाः । तत्रापि माधवीयाश्च इत्युक्तं तु त्वया पुरा ॥१॥ स विष्णुः कीदृशो ब्रह्मन् किं वा तस्य हि लक्षणम् । किं मानं तस्य सद्भावैः कैर्ज्ञेयो भगवान्विभुः ॥२॥ कीदृशा वैष्णवा धर्माः केनासौ प्रीयते हरिः । एतदाचक्ष्व मे ब्रह्मन् किंकराय महामते ॥३॥ इति पृष्टस्तु व्याधेन पुनः प्राह स वै द्विज । प्रणम्य जगतामीशं नारा-

मास के धर्म सबसे उत्तम हैं ॥१॥ तो हे प्रभो ! वह विष्णु कैसे हैं और उनके लक्षण क्या हैं उनका परिमाण क्या है और कौन लोग अपने सद्भावों से उन्हें जान सकते हैं ॥२॥ वैष्णव धर्म क्या है, जिनसे विष्णु भगवान प्रसन्न होते हैं हे महामते ! यह सब मुझ से बताइये मैं आपका सेवक हूँ ॥३॥ जब व्याध ने इस प्रकार पूछा तब वह मुनि जगदीश अनामय नारायण को

नमस्कार कर फिर कहने लगे ॥४॥ शंख बोले—हे व्याध ! सुन, मैं विष्णु के कल्मष रहित रूप का वर्णन करता हूँ यह रू। ब्रह्मा आदि से लेकर किसी मुनि तक के ध्यान में नहीं आता ॥५॥ विष्णु भगवान पूर्ण शक्तियुक्त, पूर्ण गुण विशिष्ट, सकलेश्वर, निर्गुण, निश्चेष्ट, अनन्त, सच्चिदानन्दरूप हैं ॥६॥ सम्पूर्ण चराचर विश्व के वही स्वामी है यह उन्हीं के आश्रय

यणमनामयम् ॥४॥ शङ्ख उवाच ॥ शृणु व्याध प्रवक्ष्यामि विष्णुरूपमकल्मषम् । यदचिन्त्यं विरिञ्चाद्यैर्मुनिभिर्भावितात्मभिः ॥५॥ पूर्णशक्तिः पूर्णगुणो निर्दिष्टः सकलेश्वरः । निर्गुणो निष्कलोऽनन्तः सच्चिदानन्दविग्रहः ॥६॥ यदेतदखिलं विश्वं सचराचरमीदृम् । साधीशं साश्रयं यच्च यद्वशे नियतं स्थितम् ॥७॥ अथ ते लक्षणं वच्मि ब्रह्मणः परमात्मनः । उत्पत्तिस्थितिसंहारा ह्यावृत्तिर्नियमस्तथा ॥८॥ प्रकाशो बन्धमोक्षौ च वृत्तिर्यस्माद्भवन्त्यमी । स विष्णुर्ब्रह्मसंज्ञोऽसौ कवीनां संमतो विभुः ॥९॥ साक्षाद्ब्रह्मेति तं प्राहुः पश्चाद्ब्रह्मादिकानपि । ब्रह्मशब्दं सोपपदं ब्रह्मादिषु विदो विदुः ॥१०॥ नान्येषां ब्रह्मता क्वापि तच्छक्त्यैकांशभागिनाम् । तदेतच्छास्त्रगम्यं हि

और वश में है ॥७॥ अब मैं तुझे उसी परमात्मा ब्रह्म के लक्षण बताता हूँ जिससे उत्पत्ति, स्थिति, संहार, आवृत्ति, नियम ॥८॥ प्रकाश, बंध, मोक्ष और वृत्ति होती हैं पण्डित लोग उसी विष्णु को ब्रह्म कहते हैं ॥९॥ इसी को साक्षात् ब्रह्म कहते हैं पश्चात् ब्रह्मादि को भी उसके उप पद ब्रह्म शब्द की ज्ञानी जन व्युत्पत्ति कहते हैं ॥१०॥ एवं जो उसके एक-एक अन्श

संयुक्त हैं उनमें अज्ञत्व कहां, इस परमात्मा के जन्मादि तो केवल शास्त्र से जानने योग्य हैं ॥११॥ वेद, स्मृति, पुराण, इतिहास, पंचरात्र और महाभारत से विष्णु भगवान के आत्मास्वरूप हैं ॥१२॥ इन्हीं के ही द्वारा विष्णु भगवान जाने जाते हैं अन्य किसी प्रकार से नहीं जाने जाते ये विष्णु भगवान केवल वेद से ही जाने जाते हैं ॥१३॥ वेद वेद्य सनातन नारायण

वै०

जन्माद्यस्य महाविभोः ॥११॥ शास्त्रं च वेदाः स्मृतयः पुराणं वै तदात्मकम् । इतिहासः पञ्चरात्रं भारतं च महामते ॥१२॥ एतैरेव महाविष्णुर्ज्ञेयो नान्यैः कथंचन । नावेदविदमुं विष्णुं मनुते च नरः क्वचित् ॥१३॥ नैन्द्रियैर्नानुमानैश्च न तर्कैः शक्यते विभुम् । ज्ञातुं नारायणं देवं वेदवेद्यं सनातनम् ॥१४॥ अस्यैव जन्मकर्माणि गुणाञ्ज्ञात्वा यथामति । मुच्यते जीवसङ्घाश्च तदा तद्वश-वर्तिनः ॥१५॥ क्रमाद्विष्णोश्च महात्म्यं यथा सातिशयं भवेत् । एकैकस्मिन् स्थिता शक्तिर्देवर्षि-पितृमातृके ॥१६॥ प्रत्यक्षेणागमेनापि तथैवानुमयापि च । आदौ नरोत्तमं विद्याद्बले ज्ञाने सुखं तथा ॥१७॥ तस्माद्भूपं शतगुणं विद्याज्ज्ञानादिभिर्वृतम् । भूपान्मनुष्यगन्धर्वान् विद्याच्छतगुणा-

मा०

१८८

भगवान इन्द्रिय अनुमान और तर्क द्वारा नहीं जानने में आते हैं ॥१४॥ इनके जन्म कर्म और गुणों को जानकर प्राणी मोक्ष पाते हैं और सदा उसी के आधीन रहते हैं ॥१५॥ क्रम से विष्णु भगवान का माहात्म्य सातिशय होता है इसी प्रकार देव, ऋषि, पिता और माता प्रत्येक ... प्रत्यक्ष आगम या अनुमान द्वारा उत्तम और

सुख में प्रथम मनुष्य को उत्तम जानो ॥१७॥ फिर ज्ञानादि द्वारा आवृत राजा को सौगुना अधिक जानो ॥१८॥ इनसे तत्त्वाभिमानी देवताओं को शतगुणाधिक जाने, तत्त्वाभिमानी देवताओं से भी सप्तऋषि बड़े हैं । सप्तऋषियों से अग्नि, अग्नि से सूर्यादि, सूर्य से बृहस्पति, बृहस्पति से वायु, वायु से इन्द्र, इन्द्र से पार्वती, पार्वती से जगद्गुरु महादेव, शंभु से बुद्धि देवी और

धिकान् ॥१८॥ तत्त्वाभिमानिनो देवांस्तेभ्यो विद्याच्छताधिकान् तत्त्वाभिमानिदेवेभ्यः सप्तैवऋषयो वराः ॥१९॥ सप्तर्षिभ्यो वरो ह्यग्निरग्नेः सूर्यादयस्तथा । सूर्याद्गुरुर्गुरोः प्राणः प्राणादिन्द्रो महाबलः ॥२०॥ इन्द्राच्च गिरिजा देवी देव्याः शम्भुर्जगद्गुरु । शम्भोर्बुद्धिर्महादेवी बुद्धेः प्राणो बलात्मकः ॥२१॥ न प्राणात्परमं किंचित् प्राणे सर्वं प्रतिष्ठितम् । प्राणाज्जातमिदं विश्वं प्राणात्मकमिदं जगत् ॥२२॥ प्राणे प्रोतमिदं सर्वं प्राणादेव हि चेष्टते सर्वाधारमिमं प्राहुः सूत्रं नीलाम्बुदप्रभम् ॥२३॥ लक्ष्मीकटाक्षमात्रेण प्राणस्यास्य स्थितिर्भवेत् ॥ व्याध उवाच ॥ सा लक्ष्मीर्देव-

बुद्धि से भी प्राण बलिष्ठहै ॥१९—२१॥ प्राण से अधिक कुछ नहीं प्राण में ही सबहैं प्राण से ही संसार स्थितहैं और यह सम्पूर्ण जगत् प्राणात्मकहै ॥२२॥ सब प्राण से प्रोत है और प्राण से ही सब जगत् चेष्टितहै नील मेघ के समान प्रभायुक्त सब का आधार भूत इसको सूत्र कहतेहैं ॥२३॥ लक्ष्मी के कटाक्ष मात्र से इनकी स्थितिहै । तब व्याध बोला-तो वह लक्ष्मी देव देव विष्णु भगवान की एक मात्र कृपा पात्र है ॥२४॥ विष्णु भगवान से अधिक या समान कोई नहींहै जीव में इस

प्राण नाम सूत्र कैसे हुआ ? हे ब्रह्मन् मेरे सामने इसका निर्णय कहो परमात्मा प्राण से अधिक कैसे हैं ॥२५-२६॥ शङ्ख बोले-हे व्याध ! जो निर्णय तू पूछता है वह सुन मैं सम्पूर्ण जीवों द्वारा प्राणाधिक्य के उद्देश से कहता हूँ ॥२७॥ प्राचीन काल में सनातन नारायण भगवान ने कमल योनि में ब्रह्मादि देवता रचकर कहा, मैं ब्रह्मा को तुम्हारा राजा बनाऊंगा और जो कोई

वै०

देवस्य कृपालेशैकभागिनी ॥२४॥ न विष्णोः परमं किंचिन्न समो वा कथंचन । कथं जीवेष्वयं प्राणः सूत्रनामाधिकोऽभवत् ॥२५॥ निर्णयो वा कथं ह्यस्य प्राणाधिक्यं कथं विभो । एतदाचक्ष्व मे ब्रह्मन् कथं प्राणाद्विभुस्सः परः ॥२६॥ शङ्ख उवाच ॥ शृणु व्याध प्रवक्ष्यामि यत्पृष्टं निर्णयं त्वया । प्राणाधिक्यं समुद्दिश्य जीवैश्च सकलैरपि ॥२७॥ पुरा नारायणो देवः पद्मसृष्टौ सनातनः । सृष्ट्वा ब्रह्मादिकान् देवानिदं प्राह जनार्दनः ॥२८॥ साम्राज्येऽहं स्थापयेयं ब्रह्माणं वः पतिं प्रभुम् । यो युष्मास्वधिको देवो यौवराज्ये सुरेश्वरः ॥२९॥ त स्थापयत शीलाढ्यं शौर्यौदार्यगुणान्वितम् । इत्युक्ता विभुना देवाः सर्वे शक्रपुरोगमाः ॥३०॥ एवं विवदिरेऽन्योन्यमहं भूयामह त्विति । सर्वे

मा०

१९०

मा०

टी०

तुम में सर्व श्रेष्ठ हो उसे तुम युवराज बनाओ परन्तु वह शील, शौर्य और औदार्यादि गुणों से युक्त हो जब भगवान ने ऐसा कहा तो देवता इन्द्र के पास जा ॥२८॥ परस्पर विवाद करने लगे कि हम होंगे, सब विवाद करते थे कोई बोले सूर्य सर्वश्रेष्ठ हैं

के पास गये ॥३२॥ सब देवता नमस्कार कर हाथजोड़ उनसे कहने लगे हे महाराज ! हमने आपस में बहुत विचार किया ॥३३॥ परन्तु हम में कोई भी अधिक श्रेष्ठ नहीं दिखाई देता है अतः हे प्रभो ! आप ही इसका निर्णय करके महारे संशय को दूर करिये ॥३४॥ देवताओं ने जब यह प्रश्न किया तब भगवान हंस कर कहने लगे कि मेरे विराट् रूप शरीर में से

विवदमानाश्च सूर्यं केचित्परं विदुः ॥३१॥ शक्रं केचिपरं कामं केचित्तूष्णी तु तस्थिरे । ते निर्णय-मपश्यन्तः प्रष्टुं नारायणं ययुः ॥३२॥ नमस्कृत्य पुनः प्राहुः सर्वे प्राञ्जलयोऽमराः । विचारितं महाविष्णो सर्वैरस्माभिरञ्जसा ॥३३॥ अस्मासु देवमधिकं नैव विद्मः कथंचन । त्वमेव निर्णयं ब्रूहि देवाः संशयिनस्त्विमे ॥३४॥ इति पृष्टोऽमरैः सर्वैः प्रहसन्निमब्रवीत् । देहाद्यस्माच्च वैराजा-द्यस्मिन्निष्क्रामति ह्ययम् ॥३५॥ पतिष्यति प्रविष्टे तु यस्मिन्वै ह्युत्थितो भवेत् । स देवो ह्यधिको नूनं नापरस्तु कथंचन ॥३६॥ इत्युक्तास्ते ततः सर्वे तथास्त्विति वचोऽब्रुवन् । निश्चक्राम जयन्ताह्वः पादात्पूर्वं सुरेश्वरः ॥३७॥ तदा पंगुममुं प्राहुर्न देहः पतितस्तदा । शृण्वन्पिबन् वदञ्जिघ्रन्

जिसके निकलने से शरीर गिर पड़े और फिर उसके प्रवेश होने से खड़ा हो जाय वह सब देवताओं में अधिक श्रेष्ठ है और कोई भी नहीं ॥३५॥३६॥ यह सुनकर सब देवताओं ने "तथास्तु" ऐसा ही हो, कहा । तब जयंत नामक देवता भगवान के पांवों में से निकल गया ॥३७॥ तो उसको पंगु कहने लगे, परन्तु शरीर नहीं गिरा वह तो सुनता है, पीता है, सूंघता है,

देखता है, चलता है ॥३८॥ फिर गुह्येन्द्रिय मेंसे दक्ष नाम प्रजा पति निकल गये तब उसे षंढ कहने लगे परन्तु देह न गिरा ॥३९॥ पूर्ववत् सुनता, पीता, बोलता, सूंघता, देखता और चलता रहा । फिर हाथों से सम्पूर्ण देवताओं का स्वामी इन्द्र निकला ॥४०॥ तो उसे हस्त हीन कहने लगे परन्तु शरीर नहीं गिरा, वह पहिले की तरह ही सुनता पीता बोलता सूंघता

पश्यन्नास्ते चलन्नपि ॥३८॥ पश्चाद्गुह्याद्विनिष्क्रान्तो दक्षो नाम प्रजापतिः । तथा षण्ढममुं प्राहुर्न देहः पतितस्तदा ॥३९॥ शृण्वन्पिबन् वदञ्जिघ्रन् पश्यन्नास्ते चलन्नपि । पश्चाद्धस्ताद्विनिष्क्रान्त इन्द्रः सर्वामरेश्वरः ॥४०॥ हस्तहीनममुं प्राहुर्न देहः पतितस्तदा । शृण्वन्पिबन् वदञ्जि० न्नापि ॥४१॥ लोचनाभ्यां विनिष्क्रान्तः सूर्यस्तेजस्विनां वरः । तदा काणममुं प्राहुर्न देहः पतितस्तदा ॥४२॥ शृण्वन् पिबन् वदञ्जिघ्रन् पश्यन्नास्ते चलन्नपि । घ्राणात्पश्चाद्विनिष्क्रान्तौ नासत्यौ विश्वभेषजौ । अजिघ्राणममुं प्राहुर्न देहः पतितस्तदा ॥४३॥ शृण्वन् पिबन् वदञ्जि० न्नापि । श्रोत्राद्दिशो विनिष्क्रान्ता न देहः पतितस्तदा । तदामुं बधिरं प्राहुर्न मृतेति

रहा ॥४१॥ तत्पश्चात् नेत्रों से सब तेजस्वियों में श्रेष्ठ सूर्य निकला तब उसे काना कहने लगे परन्तु देह नहीं गिरा ॥४२॥ पूर्ववत् सुनता पीता बोलता रहा फिर नाक से अश्विनी कुमार निकल गये तब उसे नासिका रहित कहने लगे परन्तु देह नहीं

नहीं कहा ॥४३-४४॥ फिर जिह्वा से वरुण निकल गया तो उसे अरसज्ञ कहने लगे परन्तु देह न गिरी ॥४५॥ पूर्ववत् जीती, चलती, खाती, जानती और श्वांस लेता रहा फिर वाणी से वागीश्वर अग्नि निकला ॥४६॥ तब उसे गूंगा कहने लगे परन्तु देह न गिरी पूर्ववत् सब काम करती रही ॥४७॥ फिर मनको चैतन्य करने वाले रुद्र मन से निकल गये तो उसे जड़ता कहने

कथंचन ॥४४॥ शृण्वन् पिब० न्नापि । वरुणो रसनायास्तु विनिष्क्रान्तस्ततः परम् । तदा रसज्ञ-मेवाहुर्न देहः पतितस्तदा ॥४५॥ जीवंश्चन्नदन्नास्ते तथा जानन् श्वसन्नपि । ततो वाचो विनिष्क्रान्तो वाह्ववागीश्वरो विभुः ॥४६॥ तदा मूकममुं प्राहुर्नदेहः पतितस्तदा । जीवंश्चलन्नदन्नास्तेत० ॥४७॥ पश्चाद्रुद्रो विनिष्क्रान्तो मनसो बोधनात्मकः । तदा जडममुं प्राहुर्न देहः पतितस्तदा ॥४८॥ जीवश्चलन्नं० पश्चात्प्राणो विनिष्क्रान्तो मृतमेनः तदा विदुः पुनरेवं तदा प्राहुर्देवा विस्मितमानसाः ॥४९॥ देहमुत्थापयेद्यस्तु पुनरेवं व्यवस्थितः । स एव ह्यधिकोऽस्मासु युवराजो भविष्यति ॥५०॥ इत्येवं तु प्रतिश्रुत्य विविशुश्च यथाक्रमम् । जयन्तः प्राविशत्पादौ नौत्तस्थौ तत्कलेवरम् ॥५१॥ गुह्यं

लगे परन्तु देह न गिरी ॥४८॥ पूर्ववत चलती रही फिर प्राणों के निकलते ही उसे मृत कहने लगे तब देवता विस्मित हो कहने लगे ॥४९॥ जो कोई हम में से इस गिरी हुई देह के उठाने में समर्थ होगा वही सर्व श्रेष्ठ है और वही युवराज होगा ॥५०॥ ऐसी प्रतिज्ञा कर क्रम से प्रवेश करने लगे प्रथम जयन्त ही चरणों में प्रविष्ठ हुआ परन्तु देह नहीं उठी ॥५१॥ दक्ष

गुह्येन्द्रिय द्वारा प्रविष्ट हुआ परन्तु देह न उठी इन्द्र हाथों में प्रविष्ट हुआ परन्तु देह नहीं उठी ॥५२॥ सूर्य नारायण नेत्रों में प्रविष्ट हुए परन्तु देह ज्यों की त्यों पड़ी रही इसी तरहत दिशा नेत्रों में, वरुण जिह्वा में, अश्विनी कुमार नासिका में, अग्नि वाणी में, रुद्र मन में प्रविष्ट हुए परन्तु देह फिर भी न उठी ॥५३-५५॥ सबसे पीछे प्राण घुसे तो प्राणों के प्रवेश करते ही

वै०

च प्राविशद्धस्तो नोत्तस्थौ तत्कलेवरम् । इन्द्रो हस्तौ विवेशाथ नोत्तस्थौ० ॥५३॥ चक्षुः सूर्यः प्रविष्टोऽभून्नोत्तस्थौ तत्क० । दिशः श्रोत्रे प्रविविशुर्नोत्तस्थौ तत्कलेवरम् ॥५३॥ वरुणः प्राविशज्जिह्वां नोत्तस्थौ तत्कलेवरम् । नासां विविशतुर्दस्रौ नोत्तस्थौ तत्कलेवरम् ॥५४॥ वह्निश्च प्राविशद्वाचं नोत्तस्थौ तत्कलेवरम् । मनश्च प्राविशद्रुद्रो नोत्तस्थौ तत्कलेवरम् ॥५५॥ पश्चात्प्राणो विवेशासीत्तदोत्तस्थौ कलेवरम् । तदा देवा विनिश्चित्य प्राणं देवाधिकं विभुम् ॥५६॥ बले ज्ञाने च धैर्ये च वैराग्ये प्राणनेऽपि च । तोऽभिषेचयांचक्रु र्यौवराज्ये महाप्रभुम् ॥५७॥ उत्कृष्टस्थितिहेतुत्वादुक्थमेकं तदा जगुः । तस्मात्प्राणात्मकं विश्वं सर्वं स्थावरजङ्गमम् ॥५८॥ अंशैः पूर्णैर्बला-

मा० टी०

शरीर उठ खड़ा हुआ तब देवताओं ने निश्चय किया कि प्राण ही समस्त देवताओं का आधीश्वर और व्यापक है ॥५६॥ तथा बल, ज्ञान, धैर्य, वैराग्य और जीवन में भी यह सब से अधिक है अतएव प्राण को ही युवराज बनाया ॥५७॥ और उसके सम्मानार्थ साम वेद का गान करते ... ॥५८॥ ...

और बलवान प्राण ही जगत् पति है प्राण हीन जगत् कुछ भी नहीं है क्योंकि विना प्राणों के वृद्धि भी नहीं होती ॥५९॥ विना प्राणों के कुछ स्थिति नहींहै न सन्सार में कुछ रहता हीहै इसी लिये प्राण सम्पूर्ण जीवों में अधिक बलवान और सब जीवोंका अन्तरात्माहै ॥६०॥ प्राणों से अधिक या समान न शास्त्रों में था न पहिले कभी कुछ देखा न सुनाहै भिन्न २

ढ्यैश्च पूर्णोऽयं जगतां पतिः । न प्राणहीनं जगदस्ति किंचित्प्राणेन हीनं न च वै समेधते ॥५९॥ प्राणेन हीनं । स्थितिमन्न किंचित्प्राणेन हीनं न च किंचिदस्ति । तस्मात् प्राणः सर्वजीवाधिको-ऽभूद्बलाधिकः सर्वजीवान्तरात्मा ॥६०॥ प्राणात्कोऽपि ह्यधिको वा समो वा शास्त्रे दृष्टः श्रुतपूर्वो न चास्ते तत्तत्कार्यानुग प्राणो ह्येको देवो ह्यनेकधा ॥६१॥ तस्मात् प्राणं वर प्राहुः प्राणोपास-नतत्पराः । लीलयैव जगत्स्रष्टुं हन्तुं पालयितुं प्रभुः ॥६२॥ शेषा हि शिवशक्राद्याश्चेतनाश्च जड़ा अपि । वासुदेवादृते कोऽपि नैनं परिभविष्यति ॥६३॥ सर्वदेवात्मकः प्राण सर्वदेवमयो विभुः । वासुदेवानुगो नित्यं तथा विष्णुवशे स्थितः ॥६४॥ वासुदेवप्रतीपं तु न शृणोति न

कार्यों को सम्पादन करने का साधन एक प्राण ही अनेक प्रकार से होताहै ॥६१॥ अतएव प्राण के उपासक प्राणों को ही सर्व श्रेष्ठ मानतेहैं यही अपनी लीला से सम्पूर्ण जगत् के रचने,संहार करने और पालन करने में समर्थहै ॥६२॥ शेष शिव और इन्द्रादि जड़ और चैतन्य कोई भी वासुदेव के अतिरिक्त भगवान का पराभव नहीं कर सकताहै ॥६३॥ यही प्राण सर्व-

देवात्मक और सर्वदेवमय व्यापक तथा वासुदेव भगवान का अनुवर्ती और विष्णु का वशीभूत है ॥६४॥ यह वासुदेव की प्रतिकूलता न कभी सुनता है न देखता है अन्य इन्द्रादि सब देवता प्रतिकूल करते भी हैं परन्तु सर्वांतर्यामी प्राण कभी भी प्रतिकूल नहीं करता है इसी से पंडित जन प्राण को ही विष्णु का बड़ा सहायक कहते हैं ॥६५-६६॥ विष्णु भगवान का

पश्यति । देवाः प्रतीपं कुर्वन्ति रुद्रेन्द्राद्याः सुरेश्वराः ॥६५॥ प्रतीपं क्वापि कुरुते न प्राणः सर्वगोचरः । तस्मात्प्राणो महाविष्णोर्बलमाहुर्मनीषिणः ॥६६॥ एवं ज्ञात्वा महाविष्णोर्माहात्म्यं लक्षणं तथा । पूर्वबन्धानुगं लिङ्गं जीर्णां त्वचमिवोरगः ॥६७॥ विसृज्य परमं याति नारायणमनामयम् । श्रुत्वा शङ्खोदितं वाक्यं पुनर्व्याधः प्रसन्नधीः ॥६८॥ प्रश्रयावनतो भूत्वा पुनः प्रपच्छ तं मुनिम् । ब्रह्मन् महानुभावस्य प्राणस्यास्य जगद्गुरोः ॥६९॥ न ख्यातो महिमा लोके कथं सर्वेश्वरस्य वै । देवानां च मुनीनां भूपानां च महात्मनाम् ॥७०॥ महिमा श्रूयते लोके पुराणेषु सहस्रशः ।

ऐसा माहात्म्य और लक्षण जानकर जैसे सर्प जीर्ण केंचुली को त्याग देता है उसी प्रकार पूर्वजन्मनुबंध शरीर त्याग कर नारायण के समीप परम धाम को जाता है, शङ्ख मुनि के ऐसे वाक्य सुन व्याध अत्यन्त प्रसन्न हुआ ॥६७-६८॥ और उसने विनती भाव से फिर पूछा—हे ब्रह्मन् ! जगद्गुरु महानुभाव सर्वेश्वर प्राण की महिमा सन्सार में कहीं भी विदित नहीं है, देवता, मुनि, राजा और महात्माओं की महिमा [illegible]

देवता, मुनि, राजा और महात्माओं की महिमा वो पुराण और लोक में बहुत ...

वै० मा०

सामने कहो। इस बात को जानने की मेरी बड़ी इच्छा है ॥६९-७१॥ शङ्ख बोले-प्राचीन काल में प्राण, देवाधिदेव अनामय नारायण भगवान का अश्वमेध द्वारा यजन करने के लिये गङ्गा तट पर गया ॥७२॥ वहां बहुत से मुनियों को सङ्ग ले हल से भूमि को शुद्ध करने लगा वहाँ एक पृथ्वी के नीचे गुफा में कण्वनाम के महात्मा समाधि लगाये हुए बैठे थे ॥७३॥ वह हल

एतदाचक्ष्व मे ब्रह्मञ्छ्रोतुं कौतूहलं हि मे ॥७१॥ शङ्ख उवाच ॥ पुरा प्राणो हरिं देवं नारायणमनामयम्। अश्वमेधैर्यष्टुकामो गङ्गातीरं ययौ मुदा ॥७२॥ हलैश्चकार भूशुद्धिं नानामुनिगणैर्युतः। अन्तर्वल्मीकलीनस्तु कण्वो नाम समाधिगः ॥७३॥ हलोत्कृष्टो विनिष्क्रान्तः क्रोधादिदमुवाच ह। दृष्ट्वा पुरः स्थितं प्राणं शशाप ह महाविभुम् ॥७४॥ अद्यप्रभृति विख्यातिं महिमा भुवनत्रयम्। तव न प्राप्नोति देवेश भूलोके तु विशेषतः ॥७५॥ प्रख्यातास्ते भविष्यन्ति ह्यवतारा जगत्त्रये। इत्युक्तो मुनिना तेन वायुः क्रोधात्तथाब्रवीत् ॥७६॥ विनापराधं शप्तोऽसि तितिक्षुर्मां निरागसम्। तस्मात्कण्व महाबाहो गुरुद्रोही भवाशु च ॥७७॥ लोके निन्दितवृत्तिश्च भवेत्याह सदागतिः।

से बाहर खिंच आये तब क्रोध करके वह प्राण को अपने सामने स्थित देख शाप देते हुये बोले ॥७४॥ अब तेरी महिमा तीनों लोक से जाती रहेगी और विशेष करके भूलोक में तुझे कोई नहीं मानेगा ॥७५॥ त्रिलोकी में तेरे अवतार प्रख्यात होंगे जब उस मुनि ने ऐसा कहा तब पवन क्रोध कर बोला मैं निरपराधी हूँ ॥७६॥ और बिना अपराध तूने शाप दिया है इसलिये हे

कण्डव ! तू गुरुद्रोही हो ॥७७॥ और तेरी वृत्ति विश्व में निंदित हो तभी से सन्सार में और विशेष करके भूलोक में प्राण की महिमा प्रसिद्ध नहीं है और शाप के कारण कण्व गुरु को मार कर सूर्य का शिष्य हुआ ॥७८॥७९॥ हे व्याध ! जो कुछ तैंने पूछा सो सब तुझसे कहा। अब जो कुछ तुझे पूछना हो वह पूछ' कुछ विचार मत करे ॥८०॥ इति श्रीस्कन्दपुराणे वैशाख माहात्म्ये नारदांबरीषसंवादे वायुशापकथनं नाम एकोनविंशोऽध्यायः ॥ १९ ॥

वै०

ततःप्रभृति लोकेऽस्मिन् प्राणस्यास्य महाप्रभोः ॥७८॥ न ख्यातो महिमा लोके भूलोके तु विशेषतः। शापात्कण्वो गुरुं हत्वा सूर्यशिष्योऽभवदत्ता ॥७९॥ इत्येतत् कथितं सर्वं यत्पृष्टं तु त्वयाधुना। यच्छ्रोतव्यमिता व्याध पृच्छ मां मां विचारय ॥८०॥ इति श्रीस्कन्दपुराणे वैशाखमाहात्म्ये नारदाम्बरीषसंवादे वायुशापकथनं एकोनविंशोऽध्यायः ॥१९॥

मा० टी०

व्याध उवाच ॥ किं जीवा विभुना सृष्टाः कोटिशोऽथ सहस्रशः। दृश्यन्ते भिन्नकर्माणा नानामार्गाः सनातनाः ॥१॥ नैकस्वभावा एते हि कुत एव महामते। सर्वं तत्पृच्छते मह्यं विस्तरात्तत्त्वतो वद ॥२॥ शङ्ख उवाच ॥ त्रिविधा जीवसङ्घा हि रजः सत्त्वतमोगुणाः। राजसा राजसं

व्याध कहने लगा कि, हे ब्रह्मन् ! परमेश्वर ने करोड़ों हजारों जीव क्यों रचे हैं इनके भिन्न २ कर्म और अनेक सनातन मार्ग हैं ॥१॥ हे महामते ! इन सबके स्वभाव एक से क्यों नहीं यह जानने की मेरी इच्छा है आप विस्तार पूर्वक बताइये

॥२॥ यह सुन शङ्ख मुनि कहने लगे-रजोगुणी, सतोगुणी और तमोगुणी तीन प्रकार के जीव होते हैं इनमें रजोगुणी रजोगुण के कर्म करते हैं और तमोगुणी तमोगुण के ॥३॥ तथा सतोगुणी सतोगुण के कर्म करते हैं सन्सार में कभी २ इन गुणों में विषमता भी हो जाती है ॥४॥ उसी कारण ऊंचे नीचे कर्मों को कर के फल के भोगने वाले जीव कभी सुख कभी दुःख

कर्म तामसास्तामसं तथा ॥३॥ सात्त्विकाः सात्त्विकं कर्म कुर्वन्त्येते यथाक्रमम् । क्वचिच्च गुण-वैषम्यनेतेषां संसृतौ भवेत् ॥४॥ ते नैवोच्चावचं कर्म कुर्वतः फलभागिनः । क्वचित्सुखं क्वचिद् दुःखं क्वचिच्चाभयमेव च ॥५॥ गुणानामेव वैषम्यात् प्राप्नुवन्ति नरा इमे । प्रकृतिस्थता इमे जीवा बद्धा एतैर्गुणैस्त्रिभिः ॥६॥ गुणकर्मानुरूपेण कर्मणां व्यत्ययः फलम् । गुणानुगुण्यं भूयस्ते प्रकृतिं यान्त्यमी जनाः ॥७॥ प्रकृतिस्थाः प्राकृतिका गुणकर्माभिमूर्तिताः गतिं प्राकृतिकीं यान्ति व्यत्ययः प्रकृतेर्न हि ॥८॥ तामसा दुःखबहुलाः सदा तामसवृत्तयः । निर्दया निष्ठुरा लोके सदा द्वेषैक-

और कभी अभाव पाते हैं और प्रकृति के जीव इन्हीं तीनों गुणों से बंधे हुये हैं ।५-६। गुण और और कर्म के अनुसार ही कर्मों का नाश और फल होता हैं इन्हीं गुणों के अनुगुणी होकर मनुष्य प्रकृति को प्राप्त होते हैं ॥७॥ प्रकृतिस्थ मनुष्य प्राकृतिक गुण कर्मों से अभिमूर्तित हैं और वे प्राकृतिक गति प्राप्त करते हैं और प्रकृति का कभी नाश नहीं होता है ॥८॥ तमोगुणी बहुत दुःखी रहते हैं क्योंकि इनकी वृत्ति सदा तमोगुणी रहती है वे निष्ठुर निर्दय और सब से द्वेष रखते हैं ॥९॥ राक्षसों

से लेकर पिशाच तक सब तामसी गति को प्राप्त करते हैं । रजोगुणियों की बुद्धि पाप पुण्य मिश्रित होती है अतः ये पुण्य और पाप दोनों करते हैं ॥१०॥ इन्हें पुण्य से स्वर्ग और पाप से नरक मिलता है इससे ये मन्द भाग्य वाले संसार में बारबार जन्म लेते हैं ॥११॥ सतोगुणी धर्मशील, दयावान्, श्रद्धावान्, पराई निन्दा न करने वाले होते हैं इनकी वृत्ति सतोगुणी होते

वै० भा०

जीविनः ॥६॥ राक्षसाद्याः पिशाचान्ता स्तामसीं यान्ति वै गतिम् । राजसा मिश्रमतयः कर्तारः पुण्य पापयोः ॥१०॥ पुण्यात्स्वर्गं प्राप्नुवन्ति क्वचित्पापाच्च यातनाम् । अत एते मन्दभाग्या आवर्तन्ते पुनः पुनः ॥११॥ धर्मशीला दयावन्तः श्रद्धावन्तोऽनसूयकाः । सात्त्विकाः सात्त्विकी वृत्तिमनुतिष्ठन्त आसते ॥१२॥ के चोर्ध्वं यान्ति विमला गुणापाये महौजसः । अतो विभिन्न-कर्माणः पृथग्भावाः पृथग्धियः ॥१३॥ गुणकर्मानुरूपेण तेषां विष्णुर्महाप्रभुः । कर्माणि कारयत्यद्धा स्वस्वरूपाप्तये विभुः ॥१४॥ विष्णोर्वैषम्यनैघृण्ये पूर्णकामस्य वै न हि । सृष्टिं स्थितिं त्दृतिं चैव समामेव करोत्ययम् ॥१५॥ स्वगुणादेव ते सर्वे कर्मणः फलभागिनः । अरामोप्तान्यथा सर्वाव

मा० टी० अ० २००

है ॥१२॥ ये महा ओजस्वी, पाप रहित उर्ध्व-लोक को जाते हैं, अतएव ये भिन्न कर्म, भिन्न भाव और पृथक् बुद्धि वाले होते हैं ॥१३॥ इन्हीं के गुण और कर्मों के अनुसार विष्णु भगवान इनसे कर्म कराते हैं अपने स्वरूप की प्राप्ति के निमित्त ॥१४॥

है ॥१३॥ इन्हीं के गुण और कर्मों के अनुसार विष्णु भगवान इनसे कर्म कराते हैं अपने स्वरूप की प्राप्ति कामना...

अपने २ गुणों से कर्मों के फल भोगते हैं जैसे बगीचे में सब वृक्षों के ऊपर मेघ समान भाव से बरसता है और सम्पूर्ण वृक्ष एक ही मार्ग से सींचे जाते हैं परन्तु सब वृक्षों की प्रकृति भिन्न २ होती है यद्यपि बाग लगाने वाले को कुछ विषमता वा निर्घृणता नहीं रहती ॥१६॥१७॥ व्याध कहने लगा-हे मुने पूर्ण भोग वाले मनुष्यों की मुक्ति कब होती है, सृष्टिकाल

समं वर्षयति द्रुमान् ॥१६॥ एककुल्या जला ह्यङ्ग द्रुमाश्च प्रकृतिं गताः । नारोमोपरि वैषम्यं नैर्घृण्यं वा कथंचन ॥१७॥ व्याध उवाच ॥ जनानां पूर्णभोगानां कदा मुक्तिर्भवेन्मुने । सृष्टिकाले ऽथवा ह्यन्तकाले वा स्थापनस्य च ॥१८॥ क्वचिच्च सृष्टिकालस्य संहारस्यापि व स्थितेः । एतद्विस्तार्य मे ब्रह्मन् भगवच्चेष्टितं वद ॥१९॥ शङ्ख उवाच ॥ चतुर्युगसहस्राणि ब्रह्मणो दिनमुच्यते । रात्रिश्चैतावती तस्य ह्यहोरात्रं दिनं भवेत् ॥२०॥ दशपञ्च दिनान्याहुः पक्षं मासो द्वयात्मकः । मासद्वयं ऋतुं प्राहुरयनं च ऋतुत्रयम् ॥२१॥ अयने द्वे वत्सरः स्यात्तादृक्शतसमा । यदि गच्छन्ति

में या अन्तकाल में अथवा स्थितिकाल में ॥१८॥ और सृष्टि, स्थिति तथा संहार के काल की मर्यादा कितनी २ हैं हे ब्रह्मन् ! यह मेरे सामने आप विस्तार पूर्वक कहिये ॥१९॥ शङ्ख बोले—चार सहस्र युग का ब्रह्माजी का एक दिन और इतनी ही एक रात्रि होती है इस प्रकार दिन रात मिलकर ब्रह्मा का एक दिन होता है ॥२०॥ पन्द्रह दिन का एक पाख और दो पक्ष का एक महीना होता है दो मास की एक ऋतु और तीन ऋतुओं का एक अयन होता है ॥२१॥ दो अयन का एक वर्ष

होता है। इसी प्रकार से ब्रह्माजी के सौ वर्ष व्यतीत होने पर ब्रह्मकल्प पूरा होता है ॥२२॥ वही प्रलय का समय है ऐसा वेद वेत्ताओं का मत है, प्रलय तीन प्रकार की होती है, एक मानव प्रलय, जब मनुष्यों का अन्त होता है ॥२३॥ दूसरा ब्रह्माजी के दिन की समाप्ति के समय होती है वह दैनन्दिन प्रलय कहलाती है उसके पीछे ब्रह्माजी लय के समय जो प्रलय होती

ब्रह्मणो ह्यास्य ब्रह्मकल्पं तदा विदुः ॥२२॥ तावान् हि प्रलयः काल इति वेदविदां मतम् । प्रलयस्त्रिविधः प्रोक्तो मानवो मानवात्यये ॥२३॥ दैनन्दिनो द्वितीयो हि ब्रह्मणो दिनसात्यये । ब्रह्मणोऽथ लये पश्चाद्ब्रह्मं च प्रलयं विदुः ॥२४॥ ब्रह्मणस्तु मुहूर्ते तु मनोस्तु प्रलयं विदुः । प्रलयेषु व्यतीतेषु चतुर्दशसु वै क्रमात् ॥२५॥ दैनन्दिनलयं प्राहुः प्रलयानां स्थितिं पुनः । त्रयाणामेव लोकानां लयो मन्वन्तरे भवेत् ॥२६॥ चेतनानां तदा नाशो न लोकानां क्षयो भवेत् । उदकैरेव पूर्तिश्च यथा पूर्वं तथा पुनः ॥२७॥ मन्वन्तराते भूयात्तु चेतनानां पुनर्भवः । दैनन्दिनलये व्याथ सर्व-

हैं उसे ब्रह्म प्रलय कहते हैं ॥२४॥ ब्रह्माजी के एक मुहूर्त में एक मनु की प्रलय होती है। इसी तरह जब चौदह मनु के प्रलय हो जाते हैं ॥२५॥ तब एक दैनंदिन प्रलय होती है इन प्रलयों की उतनी ही अवधि पर्यन्त स्थिति रहती है मन्वन्तर प्रलय में भूर्भुवः स्वः तीनों लोकों का लय होजाता है ॥२६॥ किन्तु मन्वन्तर प्रलय में चेतन जीवों का ही नाश होता है परन्तु

में चेतन जीवों की पुनः उत्पत्ति होतीहै और हे व्याध ! दैनंदिन लय में लोक और लोकस्थ सबका नाश होताहै ॥२८॥ केवल सत्यलोक के अतिरिक्त और कोई लोक नहीं रहता, सब नष्ट हो जातेहैं और ब्रह्माजी के शयन करने पर चेतन अधिभूत जीवों सहित सब लोकों का नाश होजाताहै ॥२९॥ कोई-कोई तत्त्वाभिमानी देवता और मुनि ही बच रहते हैं और

स्यापि क्षयो भवेत् ॥२८॥ सत्यलोकं बिना सर्वे लोका नश्यन्ति साधिपाः । सचेतनाः साधिभूताः प्रसुप्ते चतुरानने ॥२९॥ तत्त्वाभिमानिनो देवाः केचिच्च मुनयस्तथा । शिष्यन्ति सुप्ताः सर्वेऽपि सत्यलोकव्यवस्थिताः ॥३०॥ तिष्ठन्ति सुप्तिमापन्ना यावत्कल्पमतीन्द्रियाः । पुनर्निशात्यये ब्रह्मा यथापूर्वमकल्पयत् ॥३१॥ ऋषीन् देवान् पितॄल्लोकान् धर्मान् वर्णान् पृथक् पृथक् । पुनर्दशावतारा हि विष्णोर्देवस्य चक्रिणः ॥३२॥ नियमेन भवन्त्येते तथान्येऽपि च भूरिशः । देवता ऋषयश्चैव आकल्पं च गिरां पतेः ॥३३॥ पुनरेवाभिवर्तन्ते ब्रह्मणा सह मुक्तिगाः । भूपाश्च साधवो ये च

सत्त्वलोक के शयन करने वाले भी बच रहतेहैं ॥३०॥ वे सब कल्पान्त तक सोते रहतेहैं फिर रात्रि के समाप्त होने पर पूर्व सृष्टि के अनुसार ब्रह्माजी सृष्टि की पुनः रचना करतेहैं ॥३१॥ ऋषि, देव, पितृ लोक और वर्णधर्मों सहित चारों वर्णों को अलग-अलग रचतेहैं तब चक्रधारी विष्णु के दशावतार पुनः नियम के अनुसार होतेहैं ॥३२॥ इसी तरह अन्यान्य अनेकों देवता ऋषि कल्प के पश्चात् ब्रह्माजी के द्वारा फिर से उत्पन्न होतेहैं ॥३३॥ और जो ब्रह्माजी के सङ्ग मुक्ति पाने वाले हैं

वे सब ब्रह्मलोक में ही रहते हैं और जो सिद्धि प्राप्त राजा, साधु और सिद्ध ब्रह्मलोक वासी हैं ॥३४॥ वे सब सत्यलोक ही में स्थित रहते हैं यहाँ नहीं आते तथा जो उस राशि पर जाने वाले उसी नाम से श्रुति में यथा रीति स्थित है वे फिर जाते हैं ॥३५॥ अपने अपने कर्म कर्त्ता अपने अपने गोत्रों में जन्म लेते हैं और जब कलियुग समाप्त होता है तब सब दैत्यों का

सिद्धिं प्राप्ताः परं गताः ॥३४॥ ते नैव चाभिवर्त्तन्ते सत्यलोकव्यवस्थिताः । तद्राशिगाः पुनर्यान्ति तन्नाम्ना श्रुतिसंस्थिताः ॥३५॥ तत्तद्गोत्रेषु जायन्ते तत्तत्कर्मरताः सदा । दैत्यानामपि सर्वेषां यदा कलियुगात्ययः ॥३६॥ कलिना सह गच्छन्ति स्वां गतिं निरयालयाः । तेषां च राशिसंस्था ये तन्नामानोऽपरेऽपि च ॥३७॥ जायन्ते कर्मणा स्वेन तत्तत्कर्मविधायकाः । सृष्टिकालं प्रवक्ष्यामि मुक्तिकालं तथैव च ॥३८॥ ब्रह्मादीनां च देवानां समाहितमना भव । निमेषो देवदेवस्य ब्रह्मकल्पसमो मतः ॥३९॥ तस्यावसाने चोन्मेषो देवदेवशिखामणेः । निमेषान्ते भवेदिच्छा स्रष्टुं लोकांश्च

नाश होता है तो वे भी सब कलियुग सहित अपनी गतिको जाते हैं उनका निरय स्थान होता है और उनके नाम के राशिस्थ और भी जो हैं ॥३६॥३७॥ वे अपने कर्म अनुसार वैसे ही कर्म करने वाले होते है अब मैं तेरे सामने सृष्टिकाल और मुक्तिकाल का वर्णन करूंगा ॥३८॥ सो सावधान होकर सुन । देवदेव भगवान का एक निमेष ब्रह्माजी के कल्प के बराबर [illegible] होता है ॥३९॥ निमेष के

मुक्तिकाल का वर्णन करूंगा ॥३८॥ सो सावधान होकर सुन । देवदेव भगवान का एक निमेष

अन्त में उन्हें अपने कुक्षिस्थ लोकों के सृजन की इच्छा होती है ॥४०॥ तब सब लोकों को और अनेकजीवसमूहों को अपने उदर में रखता है उन में कितने ही सृजन योग्य, कितने ही मुक्त और कितने ही ऐसे होते हैं जिनका लिंगदेह छूट गया है ॥४१॥ वे सुप्त हैं संसार में स्थित हैं और वे सब तमोगुण संम्बन्ध युक्त होते हैं कुछ ऐसे भी होते हैं जो पूर्व कल्प में विधि

कुक्षिगान् ॥४०॥ सोऽपश्यत्स्वोदरे सर्वान् जीवसङ्घाननेकशः । सृज्यान्मुक्तानमून् सर्वांल्लिङ्गभङ्गमुपागतान् ॥४१॥ सुप्ताः सृतिस्थाः सर्वेऽपि तमोगा अपि सर्वशः । पूर्वकल्पे लिङ्गभङ्गमापन्ना विधिपूर्वकम् ॥४२॥ मानवान्ता जीवकोशा जीवन्मुक्ताश्च मुक्तिगाः । पूर्वकल्पे विमुक्ताश्च ब्रह्माद्या मानवान्तकाः ॥४३॥ ध्यानसंस्था हि तिष्ठन्ति विष्णुकुक्षिगता अपि । उन्मेषप्रथमे भागे चतुर्व्यूहात्मको विभुः ॥४४॥ भूत्वा तु पूर्णषाड्गुण्याद्वासुदेवाच्च व्यूहगात । दत्त्वा तु ब्रह्मणे मुक्तिं सायुज्याख्यां महाविभुः ॥४५॥ दत्त्वा तदनु सायुज्यं तत्त्वज्ञानं महात्मनाम् । सारूप्यं चैव केषांचि-

पूर्वक लिंग भङ्ग को प्राप्त हुये हैं ॥४२॥ मानवपर्य्यन्त जीवकोश जीवन्मुक्त और मुक्ति गामी जो पूर्वकल्प में विमुक्त हो ब्रह्मा से लेकर मनुष्य तक ।४३। विष्णु की कुक्षि में गत होकर भी ध्यानावस्थित रहते हैं उन्मेष के प्रथम भाग में चतुर्व्यूहात्मक विभु षड् गुण्य होकर व्यूह में स्थित वासुदेव से ब्रह्मा को सायुज्य (मुक्ति) देकर महाविभु ॥४४॥४५॥ तत्पश्चात् महात्माओं को तत्वज्ञानरूपी सारूप्य मुक्ति देते हैं,किसी को सामीप्य मुक्ति देते हैं ॥४६॥ तथा देवाधिदेव जनार्दन अन्य मनुष्यों को

सालोक्य मुक्ति देकर अनिरुद्धरूप से सम्पूर्ण स्थित लोकों का अवलोकन करते हैं ॥४७॥ प्रद्युम्न से सृष्टि के रचने का विचार करके माया जया कृति और शांति से स्वयं हरि भगवान विवाह करते हैं ॥४८॥ वासुदेव आदि से लेकर पूर्ण गुणों से युक्त चतुर्व्यूह उन माया जया आदि शक्ति से युक्त चतुर्व्यूहात्मक हो महाविष्णु भगवान ॥४९॥ भिन्न कर्म और आशय वाले लोक

त्सामीप्य च तथा विभुः ॥४६॥ सालोक्यं च तथान्येषां दत्त्वा देवो जनार्दनः। अनिरुद्धवशो सर्वान् स्थितांल्लोकानलोकयत् ॥४७॥ प्रद्युम्नस्य वशो दत्त्वा सृष्टिं कर्तुं मनो दधे। मायां जयां कृतिं शान्तिमुपयेमे स्वयं हरिः ॥४८॥ चतुर्व्यूहैः पूर्णगुणैर्वासुदेवादिकैः क्रमात्। ताभियुक्तो महाविष्णुश्चतुर्व्यूहात्मको विभुः ॥४९॥ भिन्नाकर्माश्रयं लोकं पूर्णकामो व्यजीजनत्। उन्मेषान्ते पुनर्विष्णुर्योगमायां समाश्रितः ॥५०॥ संकर्षणव्यूहगाच्च हरत्येतच्चराचरम्। तदेतत्सर्वमाख्यातं कार्यं चिन्त्यं महात्मनः ॥५१॥ यदचिन्त्यं दुर्निवार्यं ब्रह्माद्यैरति योगिभिः। व्याध उवाच ॥ के वा

की रचना करते हुए स्वयं पूर्णकाम नेत्र खोलने के अन्तमें फिर विष्णु भगवान योगमाया का आश्रय लेते हैं।५०। व्यूहस्थ संकर्षण से चराचर का नाश करते हैं ये सब उस महात्मा का अवर्णनीय काम है ॥५१॥ यह कार्य ब्रह्मादिक और योगियों द्वारा भी अकथनीय है। यह सुन व्याध ने पूछा। हे महाराज! भागवत धर्म कौन से हैं और किन धर्मों से विष्णु भगवान प्रसन्न होते हैं ॥५२॥ उनको ... किस धर्म से किस ...

द्वारा भी अकथनीय है। यह सुन व्याध ने पूछा। हे महाराज! भागवत धर्म कौन से हैं और किन धर्मों से विष्णु भगवान
प्रसन्न होते हैं ॥५२॥ उनको सुनने की मेरा इच्छा है कृपाकर मुझसे कहिये। शङ्ख बोले जिस धर्म से चित्त शुद्ध हो और

सज्जनों को उपकार हो उसको सतो धर्म जानो तथा जिसकी कोई निन्दा न करे, जो धर्म श्रुति और स्मृति के अनुकूल हो तथा कामना रहित हो ॥५३॥५४॥ और लोक से विपरीत न हो उसे सात्त्विक धर्म जानना चाहिये वर्णाश्रम के विभाग से वह धर्म चार प्रकार का है ॥५५॥ और प्रत्येक धर्म तीन प्रकार का है, नित्य, नैमित्तिक और काम्य जब वे सब धर्म विष्णु

भागवता धर्माः कैर्विष्णुश्चप्रसीदति । तानहं श्रोतुमिच्छामि सांप्रतं वद नो मुने ॥५२॥ शङ्ख उवाच ॥ येन चित्तविशुद्धिः स्याद्यः सतामुपकारकः ॥५३॥ तं विद्धि सात्त्विकं धर्मं यश्च केनाप्यनिन्दितः । श्रुतिस्मृत्युदियो यस्तु यदि निष्कामिको भवेत् ॥५४॥ यस्तु लोकाविरुद्धोऽपि तं धर्मं सात्त्विकं विदुः । चतुर्विधा हि ते धर्मा वर्णाश्रमविभागतः ॥५५॥ नित्यनैमित्तिकाः काम्या इति ते च त्रिधा मताः । ते सर्वे स्वस्वधर्माश्च यदा विष्णोः समर्पिताः ॥५६॥ तदा वै सात्त्विका ज्ञेया धर्मा भागवताः शुभाः । देवतान्तरदैवत्याः सकामा राजसा मताः ॥५७॥ यक्षरक्षः पिशाचादिदैवत्या लोकनिष्ठुराः । हिंसात्मका निन्दिताश्च धर्मास्ते तामसाः स्मृताः ॥५८॥ सत्त्वस्थाः सात्त्विकान्

भगवान को समर्पण किए जांय ॥५६॥ तब उनको सतोगुण युक्त भागवत धर्म कहा जाता है जब किसी कामना के निमित्त अन्य देवता को समर्पण होते हैं तब रजोगुणी होते हैं ॥५७॥ और राक्षस, पिशाचादि लोक निष्ठुर देवताओं का पूजन करना, हिंसा करना ये सब निन्दित तमोगुणी कर्म हैं ॥५८॥ सतोगुणी मनुष्य जो विष्णु भगवान के प्रिय सात्त्विक धर्मों को करते

हैं वे धर्म भागवत धर्म कहाते हैं ॥५६॥ जिनका चित्त सदा विष्णु भगवान में रहता है और जिह्वा से भगवान के नाम रटते हैं और भगवान के चरणों को हृदय में रखते हैं वही भागवत धर्म है ॥६०॥ जो लोग सदाचारी, परोपकार करते हैं और सदा ममता हीन रहते हैं वही भागवत धर्म हैं ॥६१॥ जिनको शास्त्र,गुरु,साधु और कर्म में विश्वास है और जो सदा विष्णु

मर्धान् विष्णु प्रीति कराञ्छुभान् । कुर्वन्त्यनीहया नित्यं ते वै भागवताः स्मृताः ॥५६॥ येषां चित्तं सदा विष्णौ जिह्वायां नाम वै विभोः । पादौ च हृदये येषां ते वै भागवताः स्मृताः ॥६०॥ सदाचाररता ये च सर्वेषामुपकारकाः सदैव ममताहीनास्ते वै भागवताः स्मृताः ॥६१॥ येषां च शास्त्रे विश्वासो गुरौ साधुषु कर्मसु । ये विष्णुभक्ताः सततं ते वै भगवताः स्मृताः ॥६२॥ येषां हि संमता धर्माः शाश्वता विष्णुवल्लभः श्रुतिस्मृत्युदिता ये च ते धर्माः शाश्वता मताः ॥६३॥ अटनं सर्व देशेषु वीक्षण सर्वकर्मणाम् । श्रवणं सर्वधर्माणां विषयासक्तचेतसाम् ॥६४॥ अकिञ्चित्कर-मेतेषां षराढस्येव वरस्त्रियः । साधूनां दर्शनेनैव मनो द्रवति वै सताम् ॥६५॥ चन्द्रस्य कौमुदीसङ्गा-

भक्त हैं वे ही भागवत धर्म वाले हैं ।६२। जिन्हें विष्णु भगवान के प्रिय धर्म सदा मन्तव्य हैं और श्रुति तथा स्मृति में बताये हैं वही धर्म उत्तम हैं ॥६३॥ सब देशों में घूमना सब कर्मों को देखना सब धर्मों को सुनना परन्तु चित्त को विषयों में रखने वाले ।६४। कदापि नहीं कर सकते हैं जैसे [illegible] कदापि नहीं है सत्पुरुषों का मन साधुओं के दर्शन

पाते ।६४। कुछभी नहींकरसकते हैं जैसे उत्तम स्त्री नपुंसक मनुष्य के लिये कुछभी नहीं है सत्पुरुषोंका मन साधुओं के दर्शन

सेही द्रवीभूत हो जाता है ॥६५॥ जैसे चांदनी को देख चन्द्र कांतमणि स्वयं ही द्रवीभूत होती है उनके स्थिर मन सच्छास्त्रों के श्रवणमात्र सेही विषयों से अलग होकर पापरहित तेजोमय रहते हैं जैसे सूर्य कांतमणि रहती है।६६-६७। कामना रहित होकर श्रद्धा पूर्वक जो विष्णु सम्बन्धी धर्म किये जाते हैं वे ही भागवत धर्म हैं ॥६८॥ इस लोक और परलोक में सुख देने वाले

च्चन्द्रकान्तशिला यथा । क्वचित्सच्छास्त्रश्रवणाद्विषयेभ्यश्चलं मनः ॥६६॥ तिष्ठत्येव सतां पुंसां तेजोरूपं ह्यकल्मषम् । पद्मबन्धोः प्रभासङ्गात्सूर्यकान्तशिला यथा ॥६७॥ निष्कामैर्हि जनैर्यस्तु श्रद्धया समुपाश्रितः । यो विष्णु वल्लभो नित्यं धर्मो भागवतो मतः ॥६८॥ तैर्दृष्टा बहवो धर्मा इहामुत्र फलप्रदाः । विष्णुप्रीतिकराः सूक्ष्माः सर्वदुःखविमोचकाः ॥६९॥ दध्नः सारमिवोद्धृत्य धर्मं वैशाखसंभवम् । रमायै भगवानाह क्षीराब्धौ हितकाम्यया ॥७०॥ मार्गच्छायाविनिर्माणं प्रपादानं च वै तथा । व्यजनैर्वीजिनं चैव प्रश्रयाणां समर्पणम् ॥७१॥ छत्रस्योपानहोर्दानं दानं कर्पूरगन्धयोः । वापीकूपत-

बहुत से धर्म देखे हैं परन्तु विष्णुभगवान को प्रसन्न करने वाले धर्म सूक्ष्म और सम्पूर्ण पापों का नाश करने वाले हैं।६९। क्षीरसागर में से सब की हित कामना से-जैसे दही में से मक्खन निकाल लेते हैं ऐसे वैशाख के धर्म भगवान ने लक्ष्मीजी को बताये हैं ॥७०॥ मार्ग में छाया करना, प्याऊ बनवाना, पङ्खा से हवा करना, सुपात्रों को दान करना ॥ ७१ ॥ छत्री, जूता, कपूर और सुगन्धित द्रव्यों का दान करना और धन पाकर बावड़ी कूआं सरोवर बनवाना ॥७२॥ सांयकाल के समय शर्बत

और फूल दान करना, तांबूल दान करना और गोरस दान तो सब दानों से उत्तम है ॥७३॥ रास्ते के थके हुए को नमक मिली छाछ दान करे, उबटन करना, थके हुए ब्राह्मण के चरण धोना ॥७४॥ चटाई, कम्बल, पलङ्ग का दान और गोदान तथा शहत और तिल का दान संपूर्ण पापों का नाश करने वाला है ॥७५॥ सांयकाल के समय ईख ककड़ी का दान करे

डागानां निर्माणं विभवे सति ॥७२॥ सयाह्ने पानस्यापि दानं तु कुसुमस्य च । ताम्बूलदानं पापघ्नं गोरसानां विशेषतः ॥७३॥ लवणान्विततक्रस्य दानं श्रान्ताय वै पथि । अभ्यङ्गकरणं चैव द्विजपादावनेजनम् ॥७४॥ कटकम्बलपर्यङ्कदानं गोदानमेव च । मधुयुक्तं तिलानां च दानं पापविनाशनम् ॥७५॥ सायाह्ने चेक्षुदण्डानां दानमुर्वारुकस्य च । रसायनप्रदानं च पितृनिर्वापणं तथा ॥७६॥ एते धर्मा विशिष्योक्ता मासेऽस्मिन् माधवप्रिये । प्रातः सूर्योदये स्नात्वा शृण्वन् द्विजकुलेरितम् ॥७७॥ नित्यकर्माणि कृत्वैवं मधुसूदनमर्चयेत् । कथां माधवमासीयां शृणुयाच्च समाहितः ॥७८॥ तैलाभ्यङ्गं वर्जयेच्च कांस्यपात्रे तु भोजनम् । निषिद्धभक्षणं चैव वृथालापं तु वर्जयेत् ।

तथा रसायन का दान और पित्रीश्वरों के निमित्त तर्पण करे ॥७६॥ ये सब वैशाख में करने योग्य धर्म हैं। प्रातःकाल उठ स्नान कर ब्राह्मण से कथा सुने फिर नित्य कर्म करके मधुसूदन भगवान का पूजन करे और वैशाख माहात्म्य की कथा मन लगा कर सुने ॥७७॥ तेल और [illegible] निषिद्ध भोजन और व्यर्थ विवाद न करे

...कर सुने ॥७७॥ तेल और उबटन छोड़ दे, कांसे के पात्र में भोजन न करे, निषिद्ध भोजन और व्यर्थ विवाद न करे

॥७६॥ घीया, गाजर, लहसन, तिलपिष्ठ, कांजी, फूट, घीया तोरई तथा पोई, कलिंदा, सहजना, चौलाई, कुलथी और मसूर त्याग दे । बैंगन, कलींदा, कोदो, चौलाई, कसूम, मूली, गूलर, बेल फल, ल्हिसोडा का सेवन वैशाख में भूलकर भी न करे ॥८०-८३॥ यदि इनमें से एक भी खाये तो चांडाल की योनि में जन्म लेकर वह सौ जन्मों तक पशु बने, इसमें सन्देह नहीं

॥७६॥ अलाबुं गृञ्जनं चैव लशुनं तिलपिष्टकम् । आरनालं भिस्सटं च घृतकोशातकी तथा ॥८०॥ उपोकीं कलिङ्गं च शिग्रुशाकं च वर्जयेत् । निष्पावानि कुलित्थानि मसूराणि च वर्जयेत् ॥८१॥ वृन्ताकानि कलिङ्गानि कोद्रवाणि च वर्जयेत् । तन्दुलीयकशाकं च कौसुम्भं मूलकं तथा ॥८२॥ औदुम्बरं विल्वफलं तथा श्लेष्मायकीफलम् । सर्वथा वर्जयेद्विद्वान् मासेऽस्मिन् माधवप्रिये ॥८३॥ एतेष्वन्यतमा भुक्त्वा स चाण्डालो भवेद्ध्रुवम् । तिर्यग्योनिशतं याति नात्र कार्या विचारणा ॥८४॥ एवं मासव्रतं कुर्यात् प्रीतये मधुघातिनः । एव व्रते समाप्ते तु प्रतिमां कारयेद्विभोः ॥८५॥ मधुसूदनदैवत्यां सवस्त्रां च सदक्षिणाम् । स्वर्चितां विभवैः सर्वैर्ब्राह्मणाय

॥८४॥ ऐसे मधुसूदन भगवान की प्रसन्नता के लिये व्रत करे और व्रत समाप्त होने पर विष्णु भगवान की प्रतिमा बनवा वस्त्र पहना कर दक्षिणा सहित ब्राह्मण को अर्पण करे ॥८५-८६॥ वैशाख सुदी द्वादशी के दिन दही और अन्न दान करे और जल का घड़ा, तांबूल, फल और दक्षिणा सहित दे ॥८७॥ पश्चात् जूता छत्री का दान कर ब्राह्मण भोजन कराये शीतल जल

दही,अन्न,तांदूल और दक्षिणा लेकर कहे कि यह मैं धर्मराज के निमित्त दान करता हूँ यमराज मेरे ऊपर प्रसन्न हों, अपसव्य हो गोत्र सहित इसका उच्चार करे ॥८८-८९॥ पहिले दही और अन्न पित्रीश्वरों की तृप्ति को अक्षत दे,फिर गुरु को, फिर विष्णु को दे ॥९०॥ शीतल जल और कांसे के पात्र में दही,अन्न,दक्षिणा, तांबूल और फल रख कर कहे हे विष्णो ! मैं

निवेदयेत् ॥८६॥ वैशाखसितद्वादश्यां दद्याद्दध्यन्नमञ्जसा । सोदकुम्भं सताम्बूलं सफलं च सदक्षिणम् ॥८७॥ दद्यादुपानहौ छत्रं ब्राह्मणान्भोजयेत्ततः । शीतलोदकदध्यन्नं सताम्बूलं सदक्षिणम् ॥८८॥ ददामि धर्मराज तेन प्रीणातु वै यमः। अपसव्यात्समुच्चार्य नामगोत्रे पितुस्ततः ॥८९॥ दद्याद्दध्यन्नमक्षय्यं पितृणां तृप्तिहेतवे । गुरुभ्यश्च तथा दद्यात्पश्चाद्दद्याच्च विष्णवे ॥९०॥ सीतलोदकदध्यन्नं कांस्यपात्रस्थमुत्तमम् । सदक्षिणं सताम्बूलं समर्घ्यं च फलान्वितम् ॥९१॥ ददामि विष्णवे तुभ्यं विष्णुलोकजिगीषया । गोदानं च यथा शक्त्या ब्राह्मणं सकुटुम्बिनम् ॥९२॥ सर्वपाप विनिर्मुक्तो दम्भं त्यक्त्वा व्रतं कुरु । अयमेव व्रतं सर्वं कुलमुद्धृत्य वै शतम् ॥९३॥ पश्यतामेव

वैकुण्ठ प्राप्ति के निमित्त ये दान करता हूँ फिर कुटुम्बी ब्राह्मण को यथा शक्ति गोदान करे ॥९१-९२॥ इस प्रकार अभिमान छोड़ सदा व्रत करे तो वह सब पापों से छूट अपने सौ कुलों का उद्धार कर सबके देखते २ सूर्य मंडल को वेध कर योगियों को भी दुर्लभ विष्णु के परम धाम [illegible] मास के व्रतों की कथा व [illegible]

और सदा व्रत कर तो वह सब पापों से छूट अपने सौ कुलों का उद्धार कर सबके देखते २ सूर्य मंडल को बेध कर योगियों को भी दुर्लभ विष्णु के परम धाम को जाता है ॥९३-९४॥ जब व्याध के पूछने पर वैशाख मास के धर्मों की कथा श तदेव जी

कह रहे थे तभी सबके देखते वह पंचशाखी वृक्ष पृथ्वी पर गिर पड़ा और उस वृक्ष की कोटर में से एक बड़ा भयङ्कर सर्प तत्काल पाप रूपी देह को त्याग कर हाथ जोड़ शिर झुकाकर वहाँ बैठ गया ॥९५-९६॥ इति श्रीस्कन्दपुराणे वैशाखमहात्म्ये नारदांबरीषसंवादे भागवतधर्मकथनं नाम विंशोऽध्यायः ॥२०॥

भूतानां भित्त्वा वै सूर्यमण्डलम् । याति विष्णोः परं धाम योगिनामपि दुर्लभम् ॥९४॥ व्याख्यात्येवं द्विजकुलवरे माधवीयांश्च धर्मान्विष्णुत्रादिष्टानतिमहितरान् व्याधपृष्टान् समस्तान् । वृक्षः सद्यः पश्यतामेव भूमौ पपाताहो पञ्चशाखी द्रुमोऽयम् ॥९५॥ वृक्षात्तस्मात्कोटरे संस्थितो हि व्यालः कश्चिद्दीर्घदेही करालः हित्वा देहं पापयोनिं च सद्यः स वै तस्थौ प्राञ्जलिर्नम्रमूर्धा ॥९६॥ इति श्रीस्कन्दपुराणे वैशाखमाहात्म्य नारदाम्बरीषसंवादे भागवतधर्मकथनं नाम विंशोऽध्यायः ॥२०॥

श्रुतदेव उवाच ॥ ततस्तु विस्मितो भूत्वा शङ्खो व्याधसमन्वितः । को भवानिति तं प्राह दशैषा च कुतस्तव ॥१॥ केन वा कर्मणा सौम्य मतिस्तव शुभावहा । अकस्मात्ते कथं मुक्तिरेतदाचक्ष्व

तब श्रुतदेवजी कहने लगे—शङ्ख मुनि और व्याध दोनों बड़े विस्मित हुए तब शङ्ख मुनिने पूछा तुम कौन हो और तुम्हारी दशा ऐसी कैसे होगई थी ॥१॥ हे सौम्य ! किस कर्म से तेरी ऐसी शुभ बुद्धि होगई और अकस्मात् तेरी मुक्ति कैसे होगई यह सब तू विस्तार पूर्वक हमें बताओ ॥२॥ जब शङ्ख ने इस प्रकार पूछा तब वह दण्डवत् पृथ्वी पर गिर शिर झुका हाथ जोड़

कर कहने लगा ॥३॥ मैं प्रयागराज का निवासी एक ब्राह्मण था बहुत बोलता था मैं रूप यौवन संयुक्त विद्या मद से गर्वित धनवान् पुत्रवान् सदा अहङ्कार से दूषित,कुसीद मुनि का पुत्र और मेरा नाम रोचन था ।४-५। आसन,शयन,निद्रा,व्यवाय अक्षपरिक्रिया,लोकचर्या,ब्याज लेना यही मेरे व्यापार थे ॥६॥ लोक निन्दा से शङ्का रहित दंभयुक्त और क्रूर मेरी किसी के

वै० मा० टी०

विस्तरात् ॥२॥ शङ्खेनैवं तदा पृष्टो दण्डवत्पतितो भुवि । प्रश्रयावनतो भूत्वा प्राञ्जलिर्वाक्यमब्रवीत् ॥३॥ अहं पुरा द्विजः कश्चित्प्रयागे बहुभाषकः । रूपयौवनसंपन्नो विद्यामदसुगर्वितः ॥४॥ धनाढ्यो बहुपुत्राढ्यः सदाहङ्कारदूषितः । कुसीदस्य मुनेः पुत्रो नाम्ना रोचन इत्यहम् ॥५॥ आसनशयनं निद्रा व्यवायोऽक्षपरिक्रियाः । लोकवार्ता कुसीदं वा व्यापारास्ते ममाभवन् ॥६॥ तन्तुमात्राणि कर्माणि लोकनिन्दाविशङ्कितः । सदंभश्च सदा क्रूरो न श्रद्धा मे कदाचन ॥७॥ दुर्बुद्धेर्मम दुष्टस्य कियान् कालो गतोऽभवत् । तदा वैशाखमासेऽस्मिञ्जयन्तो नाम वै द्विजः ॥८॥ श्रावयामास तन्मासधर्मान् भागवतप्रियान् । तत्क्षेत्रवासिनां पुण्यकर्मणां च द्विजन्मनाम् ॥९॥ नारी नराः

प्रति श्रद्धा नहीं थी ॥७॥ इस तरह मुझ दुष्ट दुर्बुद्धि का बहुत समय नष्ट होगया । तब वैशाख के महीने में जयन्त नाम के ब्राह्मण ।८। भगवान के प्यारे वैशाखमास के धर्म सुनाते हुए आया उस क्षेत्र के निवासी पुण्यकर्मा द्विज से ।९। हजारों

के ब्राह्मण ।८। भगवान के प्यारे वैशाखमास के धर्म सुनाते हुए आया उस चैत्र के निवासी पुण्यकर्मा द्विज से ।९। हमारे

जयन्त कथा कहता था सब लोग चुपचाप वासुदेव भगवान की कथा में मन लगा ॥१०-११॥ वैशाख धर्म में लगे हुए दम्भ और आलस्य छोड़ सब कथा सुनते थे । मैं उस सभा में कौतुक देखने की इच्छा से जाता था ॥१२॥ मेरे शिर पर पगड़ी बंधी रहती थी में सबको नमस्कार कर मुख में पान चबाते हुए चोगा पहिने हुए जाता ॥१३॥ इस प्रकार सभा में जा लोक

क्षत्रियाश्च वैश्याः शूद्राः सहस्रशः । प्रातः स्नात्वा समभ्यर्च्य मधुसूदनमव्ययम् ॥१०॥ कथां शृण्वन्ति सततं जयन्तेन समीरिताम् । शुचिभूता मौनधरा वासुदेवकथारताः ॥११॥ वैशाख-धर्मनिरता दम्भालस्यविवर्जिताः । तां सभां च प्रविष्टोऽहं कौतुकाच्च दिदृक्षया ॥१२॥ सोष्णीषेण मया मूर्ध्ना नमस्कारोर्पितो जने । ताम्बूलं च मुखे कृत्वा कञ्चुकं च मया धृतम् ॥१३॥ कथाविक्षे-पमकरवं लोकवार्ताभिरञ्जसा । सर्वेषां चित्तचाञ्चल्यमभूद्वै लोकवार्तया ॥१४॥ क्वचिद्वासः प्रसार्याहं क्वचिन्निन्दन्क्वचिद्धसन् । एवं कालो मया नीतः कथा यावत्समाप्यते ॥१५॥ पश्चात्तेनैव दोषेण सद्योल्पायुर्विनष्टधीः । सन्निपातेन पञ्चत्वं प्राप्तोहं च परे दिने ॥१६॥ यमदूतैश्च नीतोऽहं

चर्चा के द्वारा कथा में विक्षेप करने लगा मेरी लोकवार्ता से सब श्रोताओं का मन चलायमान होगया ॥१४॥ मैं कभी कपड़ा फैलाता कभी निन्दा करता कभी हंसता,जब तक कथा समाप्त होती मैं ऐसे ही करता रहता ॥१५॥ उसी दोष के कारण मेरी बुद्धि नष्ट होगई,अवस्था क्षीण होगई और सन्निपात रोग से मेरे प्राण जाते रहे ॥१६॥ और उसी समय यमदूत पकड़ कर

मुझे भयङ्कर नरक में ले गये वहां चौदह मन्वन्तर तक अनेक दुःख भोगे और क्रम से चौरासी लाख योनि भोगकर अब इस वृक्ष में निवास करता हूँ ॥१७-१८॥ यह वृक्ष दश योजन लम्बा चौड़ा और सौ योजन ऊँचा है इस में सात योजन की खोतर में मैं महा क्रूर सर्प की योनि पा निवास करता हूं ॥१९॥ हे विप्रर्षे ! ये मेरे प्राचीन का फल है इस प्रकार इस

नरके च भयङ्करे । घोरां च यातनां भुक्त्वा मन्वन्तानि चतुर्दश ॥१७॥ युगेष्वथ च लक्षेषु तथा चतुरशीताभ्यः । क्रमाद्योनिषु जातोऽहमिदानीं चावसं द्रुमे ॥१८॥ दशयोजनविस्तीर्णे शतयोजनमुन्नते । व्यालोहं तामसः क्रूरः सप्तयोजनकोटरे ॥१९॥ भूत्वा वसामि विप्रर्षे कर्मणा बाधितः पुरा । अयुतं च समायातं निराहारस्य कोटरे ॥२०॥ दैवात्तव मुखाम्भोजसमीरितकथामृतम् । श्रुत्वा च चक्षुश्चुलकैः सद्यो ध्वस्ताशुभो मुने ॥२१॥ व्यालयोनिं विसृज्याहं दिव्यरूपधरः पुमान् । प्राञ्जलिः प्रणतो भूत्वा पादौ ते शरणं गतः ॥२२॥ कस्मिञ्जन्मनि त्वं बन्धुर्न जाने मुनिसत्तम । न मयोपकृतं क्वापि सानुबन्धः कुतः सताम् ॥२३॥ साधूनां तमचित्तातां सदा भूतदयावताम् ।

कोटर में निराहार निवास करते मुझे दश सहस्र वर्ष बीत गये हैं ॥२०॥ दैवयोग से आपके मुख कमल से निकली कथा को चक्षुगोलक से सुनने से मेरे सब पाप दूर होगये हैं ॥२१॥ और सर्प की योनि छोड़ दिव्य देह धारण कर हाथजोड़ नमस्कार कर आपकी शरण में आया हूँ ॥२२॥ ... जन्म के ... हैं मैंने ... की ...

चतुर्गालिक से सुनने से मेरे सब पाप दूर होगये हैं ॥२१॥ और सर्प की योनि छोड़ दिव्य देह धारण कर हाथजोड़ नमस्कार
कर आपकी शरण में आया हूँ ॥२२॥ हे मुनिसत्तम ! मैं नहीं जानता कि आप मेरे किस जन्म के [illegible]

समान चित्त वाले दयावान् साधु महात्माओं की प्रकृति सदा
कोई उपकार नहीं किया फिर सज्जनों का सङ्ग कैसे हुआ ॥२३॥ आप मेरे ऊपर आज अनुग्रह करो जिससे मेरी बुद्धि
परोपकार में लगी रहती है इनकी मति कभी अन्यथा नहीं होती ॥२४॥ सुदर्शन चक्रधारी विष्णु भगवान को कभी न
धर्ममयी हो जिससे गति मिले और विष्णु भगवान के प्रति प्रीति हो ॥२५॥

